आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 184, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 16

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 15

## 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

ईटानगर, एजेंसी

- अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा
- संलिप्ता पर दो अन्य लोगों को 20-20 वर्ष सश्रम जेल की सजा

अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को आईपीसी की धारा 328 और 506 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

### बिलकीस बानो मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बिलकीस बानो मामले में राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के निर्णय को खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को खुली अदालत में सुनने के आवेदन को भी खारिज कर दिया।

## देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

#### क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

#### पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

### एक नजर

#### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया। दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में फ्लैट में रह रहे किराएदार को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के एक कर्मचारी के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कल्याण विहार सीवेज पंपिंग स्टेशन पर क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

#### ड्यूटी में लापरवाही पर 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के फोर्ट इलाके में भारतीय रिजर्व बैंक की दो इमारतों में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात11 पुलिसकर्मियों को कार्यालय को सूचित किए बिना काम पर नहीं आने के कारण निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि कार्रवाई पुलिसकर्मियों की लापरवाही और अनुशासनहीनता के कारण की गई है।

## खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य

### बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को लेकर शासन से प्रस्ताव तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





- स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग को भेजा गया प्रस्ताव
- हरी झंडी मिली तो पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को भी पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) में प्रधानाचार्य बनने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस क्रम में शासन से नियमावली तैयार कर ली है। स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की कवायद शुरू हो जाएगी। हालांकि शिक्षण कार्य में लगे राजकीय शिक्षकों ने इसका विरोध भी करना शुरु कर दिया है। विरोध का एक बड़ा आधार यह है कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का होता है। इसलिए बीईओ का प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

दरअसल, जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन पिछले एक दशक से यह विवादों में फंसी होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई बैठकें हुई। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी के मुताबिक, राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरुष प्रवक्ताओं की संख्या कम होने पर उनका कोटा घटाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे स्वीकृति के लिए यूपीपीएससी भेजा गया है।

#### सरकार की नई कवायद का होने लगा विरोध

बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षक शाखा पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध भी शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ प्रवक्ता संवर्ग उप्र. के एक पदाधिकारी नित्य प्रकाश का तर्क है कि प्रधानाचार्य पद विशुद्ध शिक्षण का पद है। यह माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध है। इसे 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उक्त पद पर प्रमोशन अथवा पदोन्नति का कोटा निर्धारित करना न्यायोचित नहीं है। वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय का भी कहना है कि प्रधानाचार्य पद पर सीधे बीईओ को पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा।

> बीईओ का निरीक्षण शाखा का पद है। इस पद की शैक्षिक अर्हता केवल स्नातक (बीए) एवं बीएड या बीएड के समकक्ष है। जबकि प्रधानाचार्या पद की शैक्षिक अर्हता एमए और बीएड है। इसलिए बीईओ न तो शैक्षिक अर्हता रखता है और उसका विभाग भी माध्यमिक शिक्षा विभाग से अलग है। **-डॉ. नित्य प्रकाश सिंह**, राजकीय शिक्षक संघ, प्रवक्ता संवर्ग उप्र।

> हमारा पद शिक्षा विभाग का है, बेसिक और माध्यमिक बताकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। साल 2015 की एक गाइडलाइन के अनुसार हम इंटर तक के शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, ट्रेनिंग देख सकते हैं। रही बात शैक्षणिक योग्यता की तो, हम उस मानक पर भी खरे उतरते हैं। राजकीय शिक्षकों का विरोध गलत है। **-प्रमेन्द्र शुक्ला**, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

## मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

### पुलिस से उठा भरोसा

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## सांसद संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन जेल की सजा



**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राउत को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार तथा पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए।

## मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

मथुरा, एजेंसी

- धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों धर्माचार्यों ने लिया फैसला



आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री प्रसाद चढ़ाने का फैसला हुआ। यह निर्णय परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

## नागालैंड-अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** नागालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है ताकि वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और गोलियां चलाने के व्यापक अधिकार मिलते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद नागालैंड के आठ जिलों और पांच दूसरे जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को एक अप्रैल 2024 से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया था जिसे 1अक्टूबर से और छह महीने के लिए बढ़ाया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों को एक अप्रैल, 2024 से अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था जिसे एक अक्टूबर से छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

## किशोरों को अपहृत करने के शक में भीड़ ने युवक को पीटा, फूंकी कार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात नाबालिगों का अपहरण करने के शक में गुस्साई भीड़ ने कार सवार युवक की धुनाई कर दी। उसकी कार भी फूंक दी। पुलिस किसी तरह उसे बचाकर थाने लाई और युवक के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया।

उधर, आरोपी पक्ष ने मारपीट और आगजनी करने के आरोप में 100- 150 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला खोकरान सराय किशनलाल निवासी तौफीक अहमद का बेटा हस्सान (16) छोटे भाई के साथ बुधवार रात चांद वाली मस्जिद की ओर जा रहा था। तभी प्रिंस रोड बिजलीघर के पास कार सवार युवक ने उन्हें बुलाया और 500 की नोट देकर गुटखा लाने को कहा। हस्सान ने गुटखा लाकर दिया तो उसने कहा कि कार में बैठ जा। इनकार करने पर गोली मारने की धमकी दी। इस पर दोनों भाई भाग निकले। आरोप है कि इसके बाद कार सवार युवक आरिफ के बेटे आदिल (14) को जबरदस्ती कार में बिठाने लगा, उसके शोर मचाने पर भीड़ जुट गई, आरोपी की पिटाई के साथ उसकी कार भी फूंक दी। आरोपी नसीर रामपुर के टांडा का रहने वाला है। तौफीक अहमद ने नसीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर आरोपी युवक के परिजन भी सूचना पाकर थाने पहुंचे। बताया कि नासिर चिकन खाने के लिए होटल आया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

## कर्नाटक में सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

बेंगलुरु, एजेंसी

- सिद्धारमैया सरकार ने लिया फैसला

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

## घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून हर महिला पर लागू

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक संबद्धता और सामाजिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- भरण-पोषण के मामले में एक महिला की अपील पर सुनाया फैसला

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। उच्चतम न्यायालय ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था और उसे 12,000 रुपये मासिक भरण-पोषण और एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महिला के पति ने आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी जिसे अपीलीय अदालत ने देरी के आधार पर खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि बाद में महिला के पति ने अधिनियम की धारा 25 के तहत एक और आवेदन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किया, जो आदेशों की अवधि और परिवर्तन से संबंधित है, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

#### विवेकाधिकार का इस्तेमाल करें मजिस्ट्रेट

पीठ ने कहा कि अधिनियम की धारा 25(2) के तहत विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए मजिस्ट्रेट को इस बात से संतुष्ट होना होगा कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है, जिसके लिए परिवर्तन, संशोधन का आदेश पारित करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिनियम के तहत परिस्थितियों में परिवर्तन या तो आर्थिक प्रकृति का हो सकता है, जैसे कि प्रतिवादी या पीड़ित व्यक्ति की आय में परिवर्तन, या यह भत्ता देने या प्राप्त करने वाले पक्ष की अन्य परिस्थितियों में परिवर्तन हो सकता है, जो मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित भरण-पोषण राशि में वृद्धि या कमी को उचित ठहराएगा।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाईं श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें

नई दिल्ली, एजेंसी

- त्योहारों के पहले तोहफा

केंद्र सरकार ने त्योहारों से पहले तोहफा देते हुए श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। सरकार के इस कदम से केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लदान, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था।

## शहर में आज



☞ लाइनपार रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन रात 8:00 बजे।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट द्वारा मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम में ''भोजन वितरण और सेवा कार्यक्रम'' पूर्वाह्न 11:00 बजे।

☞ रामगंगा विहार के केसरी कुंज कालोनी श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह का तीसरा दिन शाम 5:00 बजे।

☞ संवेदना किड्स कॉटेज में अंतर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता पूर्वाह्न 11:00 बजे।



हैप्पी स्कूल कार्यक्रम में शामिल क्लब की महिलाएं व बच्चे। ● अमृत विचार

## पुस्तकालय व टॉय स्टेशन की शुरुआत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** गुरुवार को महानगर के लाइनपार स्थित पीएचएस विद्यापीठ विद्यालय में इनरव्हील क्लब ऑफ ऐसेंस मुरादाबाद की ओर से हैप्पी स्कूल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्लब की महिला पदाधिकारियों द्वारा पुस्तकालय, टॉय स्टेशन व स्कूल के बच्चों को अन्य सामान वितरित किया गया।

क्लब ने पीएचएस विद्यापीठ विद्यालय को गोद ले रखा है। जिसके तहत गुरुवार को क्लब की महिला पदाधिकारियों ने हैप्पी स्कूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विशाल प्रिया टंडन, पीडीसी रोहिनी कंसल, डीएलसीसी व अध्यक्ष रूचि सिंघल, सचिव नेहा कोठीवाल, एडिटर गुंजन कपूर ने विद्यालय में एक पुस्तकालय व टॉय स्टेशन की शुरूआत की। जिसमें गेम्स, टेबल चेयर भी दी गई। इसके अलावा सभी बच्चों को स्नैक्स और फूड पैकेट, स्टेशनरी, कॉपी, पेंसिल व कलर भी वितरित किए गए।

### राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने 7वें राष्ट्रीय पोषण माह में 10 गर्भवतियों की गोद भराई की

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं आंगनबाड़ी कार्यकत्री

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** 7वें राष्ट्रीय पोषण माह 2024 'सही पोषण-देश रोशन' के अंतर्गत मूंढापांडे ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं की गोष्ठी हुई। इसमें राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने अन्नप्राशन के लिए आए 5 बच्चों को माला पहनाकर खीर खिलाई। 10 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। उन्होंने बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही और प्रमाणपत्र तथा पोषण किट भी वितरित की।

राज्य मंत्री ने गर्भवती व धात्री महिलाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ वन स्टॉप सेंटर और निर्माणाधीन महिला शरणालय भवन का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था से जल्द कार्य कराकर महिलाओं को नये भवन में शिफ्ट कराने के जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए।



मूंढापांडे ब्लाक परिसर में फीता काटकर गोष्ठी का आरंभ करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

- **वन स्टॉप सेंटर व महिला शरणालय का किया निरीक्षण, कार्य जल्द पूरा कराने का दिया निर्देश**

गुरुवार को मूंढापांडे ब्लॉक सभागार में सरकार के अभियान के तहत चलाए जा रहे पोषण माह में आयोजित गोष्ठी में पहुंची राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रामवीर के साथ पहुंचीं। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी आदि ने उनका स्वागत किया। राज्यमंत्री ने फीता काटकर गोष्ठी का आरंभ किया। राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम एनीमिया से बचाव, वजन निगरानी, पोषण भी-पढ़ाई भी तथा सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व एवं सुपोषित भारत की संकल्पना को साकार करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की अहम भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, उप निदेशक महिला कल्याण राजेश गुप्ता, राजेश कुमार के साथ सीडीपीओ जानकी देवी, मुख्य सेविकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं आदि की मौजूदगी रही।

### गोष्ठी में अव्यवस्थाएं रहीं हावी, बिजली-पानी की किल्लत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 7वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मूंढापांडे ब्लॉक में आयोजित गोष्ठी में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पेयजल की समस्या तक से जूझना पड़ा। बिजली की वजह से पंखे न चलने से सभागार में मौजूद क्षमता से अधिक करीब 300 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का भीषण गर्मी में बुरा हाल हो गया। राज्यमंत्री के आने से तीन घंटे पहले तक ब्लॉक की बिजली खराब थी और जनरेटर की व्यवस्था बार बार बिगड़ रही थी। ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ आए उनके छोटे-छोटे बच्चों का गर्मी में बुरा हाल हो गया। इन अव्यवस्थाओं को देखने न तो खंड विकास अधिकारी आए न डीपीओ। वहीं सभागार के बाहर राज्य मंत्री के इंतजार ऐसी गर्मी में घंटों से सजी धजी बैठी गर्भवती महिलाएं भी परेशान रहीं। बाद में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी ने उन्हें समझाया और उनकी बात राज्य मंत्री को लिखित रूप में देने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### शीरीगुल, अब्दुल गनी, अभिनव बने दूरसंचार समिति के सदस्य



शीरीगुल।



अब्दुल गनी।



अभिनव।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा की संस्तुति पर समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष व पार्षद शीरीगुल निवासी गुइयांबाग, युवा समाजसेवी अब्दुल गनी, अभिनव सिंह राणा को संचार मंत्रालय दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा दूरसंचार बरेली सुझाव समिति का सदस्य नामित किया गया है। इनका कार्यकाल 13 जुलाई 2026 तक रहेगा। नामित सदस्यों को जिलाध्यक्ष व पार्टी के सभी विधायक व वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### 29 तक करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद, मूंढापांडे, कांठ, बिलारी, ठाकुरद्वारा में अगस्त से प्रारम्भ हुए प्रशिक्षण सत्र में चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया के बाद भी कुछ संस्थानों में सीटें रिक्त हैं। इसका विवरण संस्थानों के सूचना पट पर चस्पा है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 30 सितम्बर की शाम 4:00 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए 29 सितम्बर तक वेबसाइट www.scvtup.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

# समाज के युवा वर्ग को जोड़ने का काम कर रही भाजपा

### प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने योजनाओं की गिनाईं उपलब्धियां, मूंढापांडे में भाजयुमो का युवा सम्मेलन

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की ओर से गुरुवार को कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के मूंढापांडे में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा समाज के युवा वर्ग को जोड़ने का काम कर रही है। क्योंकि आज का युवा ही चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते है। युवा ही देश के भविष्य हैं।

कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में युवाओं के हाथों में ही उत्तर प्रदेश, भारत की बागडोर रहेगी। प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार, नौकरी देने के साथ ही उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। कौशल विकास आदि के क्षेत्र में युवाओं के लिए लगातार अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य युवाओं का इंतजार कर रहा है। क्योंकि इन्हीं युवाओं में से कोई मुख्यमंत्री तो कोई प्रधानमंत्री बनेगा। भाजपा समाज युवा के वर्ग को साथ जोड़ने का काम कर रही है।

युवा सम्मेलन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण पंडित के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह, गुलाब देवी, जेपीएस राठौर ने भी युवाओं के लिए भाजपा सरकार की ओर से उठाए गए कदमों के बारे में बताया। कहा कि युवाओं के कंधे पर ही देश-प्रदेश का भविष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सोम ने की। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश सत्येंद्र सिसोदिया, महामंत्री पश्चिम उत्तर प्रदेश हरीश ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण पंडित, जिला महामंत्री युवा मोर्चा अर्पित चौहान, उपाध्यक्ष विक्रांत चौधरी, लकी चौधरी, कशिश चौहान, रवि बॉक्सर, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा युद्धवीर सिंह चौहान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमन ठाकुर, रितिक चौधरी, अक्षय गुप्ता, निशु त्यागी, बंटी ठाकुर आदि मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को गदा भेंट करते भाजपा युवा मोर्चा के अमन ठाकुर, साथ में प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह व अन्य।

### प्रदेश अध्यक्ष को भेंट की गदा

भाजपा युवा मोर्चा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमन ठाकुर ने युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का गदा भेंट कर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को समाज के विकास के लिए आगे बढ़कर काम करने का आह्वान किया।

## सपा-कांग्रेस का है नकारात्मक एजेंडा जनता के बीच उपस्थिति नहीं

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**साधा निशाना**

- **संवैधानिक संस्थाओं पर अनर्गल लांछन लगाने में जुटा है विपक्ष**
- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निशाने पर रही सपा और कांग्रेस**

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का एजेंडा ही नकारात्मक है। जनता के बीच इनकी कोई उपस्थिति नहीं है। यह केवल देश की संवैधानिक संस्थाओं पर अनर्गल लांछन लगाने में जुटे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुरादाबाद पहुंचने पर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि आप देख रहे होंगे कि सपा और कांग्रेस चुनाव को लेकर केवल देश की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग और सरकारी मशीनरी पर लांछन लगाने का काम करती हैं। इनका एजेंडा केवल नकारात्मकता फैलाने का है।

जनता के बीच में इनकी कोई उपस्थिति नहीं है। यह केवल नेगेटिव प्रचार करके नेगेटिव एजेंडा सेट करके जनता को गुमराह करना चाहते हैं। निर्वाचन आयोग और सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव कराती है। इसमें हम सभी का विश्वास है। नकारात्मक विचार वालों को उनके हाल पर छोड़ दीजिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान द्वारा दो दिन पहले समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा वोट कटने को लेकर किए गए प्रदर्शन पर पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे। हालांकि इस मामले में जिला प्रशासन ने जांच कर बुधवार को अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया था कि सपा के पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।



करूला में लोगों को प्लास्टिक के खिलाफ जागरूक करते स्वयंसेवक।

## प्लास्टिक का त्याग करने के लिए लोगों को किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मेरा युवा भारत कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की इकाई के द्वारा सात सितंबर से दो अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक लोगों को स्वच्छता के प्रति सतर्क करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया।

मेरा युवा भारत मुरादाबाद इकाई के मुख्य अधिकारी अंकित कुमार गौर ने बताया कि गुरुवार को करूला क्षेत्र में स्थानीय सामाजिक संगठन सर सैयद वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद, प्रबंधक सलमा, चंद्र सिंह चंचल, स्पर्श गुप्ता, रंजीत कुमार सैनी, सारिका, सलमा, विकास कुमार, सौरभ सिंह, महक खान, रिजवाना परवीन व इकरा खान शामिल रहे।



रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

## पुरानी पेंशन योजना का मिले लाभ

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाली और यूपीएस में खामियों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। उरमू के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में कर्मचारियों के साथ रेलवे स्टेशन पर धरना देकर अपना विरोध जताया।

गुरुवार को धरने का संचालन शाखा सचिव शेखर ठाकुर ने किया। इस मौके पर राजपाल, संदीप कुमार, गजराज सिंह, मनोज कुमार, रोहित कुमार सिंह, धर्मवीर, केके पांडेय, जय कुमार, अरविंद कुमार, सिद्धार्थ शंकर, कपिल कुमार, सत्येंद्र सिंह, संतोष पांडे, संतोष आदि मौजूद रहे।

# ओपीएस से कम कुछ भी स्वीकार नहीं

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाल न होने पर विभिन्न विभागों के कर्मचारी आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने पहले वहां एक सभा की। इसके बाद उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री हेमंत चौधरी के नेतृत्व में जिला अधिकारी के कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला। वहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा।

गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाल कराने के लिए अटेवा के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा सैकड़ों सदस्य आंबेडकर पार्क पहुंचे। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जीएसटी विभाग, ग्राम पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, एमडीए आदि के सैकड़ों कर्मचारियों ने नारेबाजी कर मार्च निकाला। इस दौरान डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, प्रवेश गुप्ता, वंदना दोहरे, मनीष तिवारी, पूनम मासी, प्रतिभा शर्मा, लीला शुक्ला, रीना राय, चंद्रशेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।




आंबेडकर पार्क में आक्रोश मार्च में शामिल अटेवा के कार्यकर्ता।




**सख्ती** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को जिलाधिकारी ने जारी किया नोटिस

# कागजों में बंद थे ईंट भट्ठे, कर लिया लाखों का कारोबार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**गोलमाल**

- **जिलाधिकारी द्वारा कराई गई जांच में हुआ खुलासा**
- **ऐसे ईंट भट्ठों का जीएसटी नंबर निरस्त कराने के निर्देश दिए**

**अमृत विचार:** एनजीटी की कार्रवाई से बचने के लिए जिले में संचालित ईंट भट्ठों को फाइलों में बंद दिखाकर खेल का खुलासा जिलाधिकारी की आंतरिक जांच में हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को भी पत्र लिखा है। जिसमें इन सभी से ऐसे ईंट भट्ठों का जीएसटी नंबर आदि निरस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने जिले में मानक के विपरीत संचालित 63 ईंट भट्ठों को बंद करने का आदेश दिया था। जिसके क्रम में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से इन ईंट भट्ठों को कागजों में बंद दिखाकर फाइल आगे बढ़ाते हुए जिला प्रशासन व एनजीटी को भेज दी। लेकिन, जिलाधिकारी का माथा तब ठनका जब उन्होंने आंतरिक जांच में पाया कि एनजीटी के आदेश के पालन का दिखावा करने के लिए सभी ईंट भट्ठों को फाइलों में बंद दिखा दिया गया तो कई ऐसी ईंट भट्ठे जो बंद थे उनके द्वारा 20-30 लाख रुपये का ईंट बिक्री का बिल कहां से जारी किया गया।

यही नहीं इसमें कुछ ऐसी सरकारी कार्यदायी संस्थाओं को भी ईंट बेचा गया था जो विभिन्न परियोजनाओं का कार्य करा रहीं थीं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष चौहान को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है। ऐसे में अब जिलाधिकारी की सख्ती पर जिले में ईंट भट्ठों के खेल का भंडाफोड़ होना तय माना जा रहा है।

### मुख्य विकास अधिकारी से भी मांगी आख्या

जिलाधिकारी ने ईंट भट्ठों के बंदी के कागजी खेल को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी से भी आख्या मांगी है कि इसमें मनरेगा के अन्तर्गत ईंट भट्ठों से लिए गए ईंट आदि का विवरण, भुगतान आदि की स्थिति की रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। साथ ही जिला पंचायत, नगर निगम सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं को भी पत्र लिखकर बंद ईंट भट्ठों के द्वारा किए गए लेनदेन पर कार्रवाई कर उनका जीएसटी नंबर आदि निरस्त कराने का आदेश दिया है।

> एनजीटी के आदेश पर ईंट भट्ठों को बंद करने की रिपोर्ट के बाद एक मामले में सामने आया कि कई ईंट भट्ठे जो कागजों में बंद थे उनके द्वारा 20-30 लाख रुपये की ईंट बिक्री की गई है। इससे स्पष्ट है कि फाइलों में बंद दिखाकर ईंट भट्ठे संचालित हुए हैं। ऐसे में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सीडीओ से आख्या के अलावा कार्यदायी संस्थाओं को भी पत्र लिखा है।
>
> -अनुज सिंह, जिलाधिकारी

### आज से 3 अक्टूबर तक होंगी प्रतियोगिताएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी। 27 सितंबर से सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का अक्टूबर में मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन किया जाएगा।

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मुरादाबाद की प्रधानाचार्य संगीता ने बताया कि सत्र 2024-25 में जिला विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं 27 सितंबर से शुरू होकर 03 अक्टूबर तक चलेंगी। मुरादाबाद में एक ही विद्यालय में उनके विद्यालय के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिस जनपद में एक से अधिक विद्यालय हैं, वहां सभी विद्यालयों को मिलाकर एक विद्यालय में प्रतियोगिताएं होंगी।

**आज का मौसम**

छिटपुट बारिश की संभावना।

28.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:05 | सूर्यास्त 06:06

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001



अमन के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए बैठक करते प्रजापति समाज के लोग।

# अमन को न्याय दिलाने के लिए आगे आया प्रजापति समाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कुछ दिन पूर्व अमन प्रजापति की कार से कुचल की गई हत्या के मामले में दो हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रजापति समाज आंदोलन चलाकर परिवार को न्याय दिलाएगा। गुरुवार को हुई बैठक में इसको लेकर रणनीति बनाई गई।

गुरुवार को लाइनपार में प्रजापति समाज की बैठक हुई, जिसमें पीड़ित परिवार उपस्थित रहा और समाज से सहयोग की मांग की। प्रजापति समाज ने परिवार को आश्वस्त किया कि समाज अमन को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन करेगा और फरार हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पर दबाव बनाया जाएगा। इस मौके पर अमन के पिता योगेन्द्र सिंह, दीपक गोले, अर्जुन सिंह, खिलेंद्र सिंह, शांति प्रकाश, राजकुमार प्रजापति, अरविंद सिंह, खेम सिंह, भूकन सिंह, अमित कुमार, प्रेम प्रजापति, देवीलाल प्रजापति, आशू प्रजापति, सोमपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, पंकज प्रजापति, राजेश कुमार, लक्ष्मण सिंह प्रजापति, रामकुमार सिंह, हरि सिंह, महीपाल सिंह, शिवचरन लाल प्रजापति, जयप्रकाश प्रजापति, संजीव कुमार, जगन्नाथ सिंह,,नरदेव सिंह, रमेश प्रजापति, शालनी प्रजापति, नीलम, मीनाक्षी शामिल रहे।

## औद्योगिक इकाइयों में भी हो टीबी रोगियों की जांच, चिह्नित करने के बाद कराएं उपचार

# सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में जिलाधिकारी अनुज सिंह व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण के बाद उसके रखरखाव की जिम्मेदारी कार्यदायी एजेंसी गंभीरता से निभाएं। टीबी रोगियों को चिह्नित करने का अभियान औद्योगिक इकाइयों में भी चलाया जाए।

मंडलायुक्त गुरुवार को अपने कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य सेवाएं, विकास कार्यों और राजस्व कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने मंडल के सभी जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच के लिए आशा और एएनएम की सक्रियता बढ़ाई जाए। जिन आशा और एएनएम के पास थर्मामीटर नहीं हैं उन्हें प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए। क्योंकि स्वास्थ्य जांच के लिए थर्मामीटर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों को चिह्नित करने के लिए आशाएं सक्षम होनी चाहिए। ग्राम पंचायत सचिवालयों में भी ग्राम पंचायत के टीबी रोगियों,

- मंडलायुक्त ने कार्यालय सभागार में की स्वास्थ्य सेवा, विकास व राजस्व कार्यों की समीक्षा

हाई रिस्क प्रेग्नेंसी और कुपोषित बच्चों का डेटा व्यवस्थित रखने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। गैर पंजीकृत और अवैध तरीके से संचालित अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के विरुद्ध अभियान चलाने और मानक के विपरीत अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेंटरों संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। बिजली बिलों में अनियमितता की शिकायतों पर मंडलायुक्त ने बिलों में सुधार करने और शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देने का निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिया। कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत प्रभावी कदम उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में गलत बिजली बिल की शिकायतें न आएं।

मनरेगा के कार्यों की समीक्षा में मंडलायुक्त ने कहा कि विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्रों और गांव को जोड़ने वाले मार्गों को दुरूस्त कराया जाए। खड़ंजा बनवाने के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दें कि बारिश के दौरान खड़ंजा के कटान, खड़ंजा पर जल भराव की समस्या न हो। सड़क निर्माण के बाद निर्धारित समय तक उसके रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी को गंभीरता से निभाने के निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद अनुज सिंह, जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी संभल राजेंद्र पैसिया, जिलाधिकारी बिजनौर अंकित अग्रवाल, अपर आयुक्त सर्वेश गुप्ता के अलावा सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी और अन्य मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।

### ओवरहेड टैंक की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई

मंडलायुक्त ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ओवरहेड टैंक निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। कहा कि अधिकारी गंभीरता से एजेंसियों के कार्यों की मॉनीटरिंग करें। यह सुनिश्चित करें कि परियोजनाओं का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो। ग्राम पंचायत में पिछले तीन वर्षों में निर्मित अंत्येष्टि स्थलों की भौतिक स्थिति का सत्यापन कराने के लिए उपनिदेशक पंचायत को निर्देश दिया। ग्राम पंचायत में बने पुस्तकालयों को बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि को बढ़ाने के लिए उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

### अवैध तरीके से शराब निर्माण पर लगाएं रोक

मंडलायुक्त ने मानकों के विपरीत संचालित वाहनों के विरुद्ध जुर्माना और सीज करने की कार्रवाई करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही आबकारी अधिकारियों से कहा कि शराब के अवैध कारोबार पर गंभीरता से रोक लगाने के लिए छापेमारी भी करें।

## एक नजर

### एसिड अटैक के आरोपी को 10 साल की कैद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र की निवासी तबस्सुम ने थाना क्षेत्र के लाल नगरी निवासी शारिक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। मुदकमा दर्ज होने के बाद आरोपी पीड़िता को मुकदमा वापस लेने की धमकी देने लगा। बताया कि 28 फरवरी 2024 को पीड़िता घर थी। इसी दौरान मुकदमा वापस लेने से इनकार पर आरोपी शारिक ने पीड़िता पर तेजाब से हमला कर दिया। घटना के 7 माह बाद कोर्ट ने गुरुवार को मामले में फैसला सुनाया है। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि सुनवाई के दौरान पत्रावली व मौजूद साक्ष्यों के आधार पर एडीजे 04 रेशमा चौधरी की अदालत ने शारिफ को दोषी पाते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

### भाजपा के प्रदेश मंत्री आज महानगर में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अनूप बाल्मीकि शुक्रवार को महानगर में रहेंगे। वह जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल के साथ बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका ने बताया कि पार्टी के कार्यालय पर दोपहर 11:30 बजे पत्रकारों से प्रदेश मंत्री व जिलाध्यक्ष बातचीत करेंगे।

# आरोपी की गिरफ्तारी के बाद भीड़ ने फूंकी कार

## घंटों तक किया हंगामा, पुलिस बल ने संभाला मोर्चा, गलशहीद के चांद वाली मस्जिद की घटना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में किशोरों को अगवा करने पहुंचे अपहरणकर्ता को पुलिसकर्मी थाने लेकर पहुंचे ही थे कि उग्र भीड़ ने आरोपी की कार को निशाना बना लिया। सूचना पर भारी पुलिस फोर्स और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

रामपुर के टांडा मस्जिद कोहना निवासी अपहरणकर्ता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनका बेटा नसीर बुधवार रात 11 बजे अपने जीजा के छोटे भाई मुनीर की वैगनार कार लेकर गलशहीद के चांद वाली मस्जिद के निकट खाना खाने गया था। इसी दौरान 100 से 150 लोगों से उसका विवाद हो गया। भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। आक्रोशित भीड़ ने उसे सड़क पर गिराकर पीटा। तभी पुलिसकर्मी यमराज चौधरी अपने साथी के साथ पहुंच गए। वह आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर थाने पहुंचे ही थे कि आक्रोशित लोगों ने उसकी कार फूंक दी। अग्निशमन दल के पहुंचने तक कार जल गई। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत किया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया है कि आरोपी नसीर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया है कि घटना की जांच के लिए टीम गठित की गई है।

आगजनी के मामले में आरोपी पक्ष ने 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वारदात में शामिल लोगों की पहचान कर जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।



आग बुझाता अग्निशमनकर्मी। ● अमृत विचार

### पेट्रोल छिड़क कर कार में लगाई आग

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी नसीर के गिरफ्तारी के बाद उग्र भीड़ ने आरोपी की कार पर हमला कर कर दिया। ईंट-पत्थरों से आरोपी की कार में तोड़फोड़ की। इसके बाद किसी ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग के लपटों को देख मौजूद भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

### आरोपी युवक के रक्षक बने दो दरोगा

अपहरणकर्ता आरोपी नसीर के लिए दूसरे थाने के दो दरोगा जीवन रक्षक बन गए। वह उग्र भीड़ से आरोपी को निकाल कर वह थाने ले पहुंचे। बुधवार की रात को जब उग्र भीड़ अपहरणकर्ता नसीर को पीट रही थी। इसी दौरान बाइक पर दरोगा यमराज चौधरी अपने साथी दरोगा आशीष मलिक के साथ वहां से गुजर रहे थे। सैकड़ों की भीड़ को युवक की पिटाई करते देख यमराज उसके लिए जीवन रक्षक बन गए। चंद मिनटों वह भीड़ से छुड़ाकर थाने ले पहुंचे। जानकारी के अनुसार यदि दोनों दरोगा न पहुंचते तो उग्र भीड़ आरोपी की जान ही ले लेती।पीड़ित के पिता ने बताया है कि आरोपी नसीर कई दिनों से इलाके में बुर्का पहनकर घूम रहा था। लोगों को पहले से ही उस पर शक था। लेकिन बुर्के में होने की वजह से किसी ने उसका नकाब उठाकर चेहरा नहीं देखा। उसका मकसद बच्चों का अपहरण करना है। किशोर ने बताया है कि आरोपी जबरन उसको कार बैठाने के लिए खींच रहा था। कार में बैठने से इनकार करने पर धमकी देते हुए आरोपी ने कहा कि रिवॉल्वर से 6 की 6 ठोक दूंगा। इतने में वह बचाओ...बचाओ तेज आवाज में चिल्लाने लगा। फिर चंद मिनटों में सैकड़ों की भीड़ आरोपी पर टूट पड़ी।

### कार विस्फोट होने से जा सकती थी कइयों की जान

बुधवार रात को भीड़ ने कार को फूंक दिया था। आक्रोशित लोगों ने घंटों तक जलती कार के पास ही हंगामा किया। घटना के समय जलती हुई कार के पास में कई कारें खड़ी थीं। कार में लगी आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास खड़ी गाड़ियों में भी आग फैल सकती थी। लेकिन, समय रहते आग पर नियंत्रण कर लिया गया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन के गलशहीद क्षेत्रीय अधिकार मोहित शर्मा ने बताया है कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि कार में पेट्रोल डालकर आग लगाई थी या फिर कार के डीजल टैंक से आग लगी। उन्होंने बताया है कि गनीमत रही कि कार का डीजल टैंक नहीं फटा, टैंक फटने से एक बड़ा विस्फोट हो सकता था।



पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

# महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों की गंभीरता से जांच करें : डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कप्तानों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** डीआईजी मुनिराज जी ने गुरुवार दोपहर अपने कार्यालय में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिले के कप्तानों को निर्देश दिया कि शिकायतों का गंभीरता पूर्वक समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथी ही अपराध पर अंकुश लगाने पर भी जो दिया जाए।

गुरुवार को डीआईजी मुनिराज जी ने रेंज के पांचो जिलों के पुलिस कप्तानों की बैठक ली। जिसमें जिलावार अपराध समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीआईजी ने निर्देश दिया कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध के मामले में पुलिस कप्तान खुद संज्ञान लेकर अनिवार्य रूप से कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध गुणवत्तापूर्व निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इसके लिए थाने से चौकी तक के जिम्मेदारों को सख्त निर्देश देने की बात कही। डीआईजी ने यह भी निर्देश दिया कि चोरी, राहजनी, सेंधमारी आदि की घटनाओं को रोकने के लिए गश्त बढ़वाएं। बैठक में एसएसपी मुरादाबाद सतपाल अंतिल, एसपी रामपुर विद्या सागर मिश्रा, एसपी बिजनौर नीरज कुमार जादौर, एसपी अमरोहा कुंवर अनुपम सिंह, एसपी संभल केके विश्नोई मौजूद रहे।

## किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना पुलिस ने रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र निवासी सद्दाम को अपहरण और दुष्कर्म में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने 4 सितंबर को बेटी को अगवा करने की रिपोर्ट कराई थी। पुलिस ने 11 सितंबर को किशोरी को बरामद कर लिया। मामले में किशोरी के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई थी। मामले में आरोपी फरार चल रहा था। गुरुवार को एसआई गंगाशरण की टीम ने रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के गांव जालपुर निवासी आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# छात्रों ने एआई से शिक्षिका की अश्लील फोटो बनाकर की वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 9वीं में पढ़ने वाले छात्रों ने एआई (आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस) से अपनी शिक्षिका की अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दी। मामले में शिक्षिका की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित स्कूल की शिक्षिका ने अपने ही स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले दो छात्रों के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिक्षिका ने दी तहरीर में बताया है कि उनके स्कूल के कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले दो छात्रों ने एआई के माध्यम से उनकी फोटो को अश्लील बनाकर छात्रों के अलग-अलग ग्रुप में वायरल कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी छात्रों ने कई अन्य शिक्षिकाओं और छात्राओं की भी इसी तरह की फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी दी है। जब से शिक्षिका का फोटो वायरल हुआ है तब से वह मानसिक तनाव में हैं। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि शिक्षिका की तहरीर के आधार पर दो छात्रों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। साइबर सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शिक्षिका की फोटो को सोशल साइट से हटवाने के लिए भी साइबर सेल काम कर रहा है।

## करनपुर के झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक और झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मुकदमा नोडल अधिकारी ने तहरीर देकर पंजीकृत कराया है।

करनपुर गांव की भूड़ रतनपुर कलां स्थित एनएम हेल्थ केयर क्लीनिक पर नोडल अधिकारी नरेंद्र चौधरी ने निरीक्षण किया था। इसे साकिब पुत्र सैयब द्वारा संचालित किया जा रहा था। यह क्लीनिक स्वास्थ्य विभाग में पंजीकृत नहीं है। मौके पर सफाई की व्यवस्था नहीं मिली। यहां आम जनमानस के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा था। पर्यावरण की सुरक्षा का इंतजाम नहीं था। कोई भी नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्लीनिक संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# निजी स्कूल की बस ने 4 वर्षीय बच्ची को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में सुबह निजी स्कूल बस ने 4 वर्षीय बच्ची को कुचल दिया। हादसे में उसकी की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी, तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। मामले में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

थाना क्षेत्र के काशीपुर तिराहा चौकी क्षेत्र के गांव ताजपुर माफी निवासी बाबू मजदूरी करता है। उसके तीन बेटियां हैं। बताया गया कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे बाबू अपने बच्चों को लेकर पास की दुकान पर जा रहा था। उसकी छोटी बेटी गोद में थी। जबकि मझली बेटी सादिया नूर उर्फ आयत (4 वर्ष) आगे-आगे पैदल चल रही थी। इसी दौरान बच्चों को लेने आई एक निजी स्कूल की बस ने सादिया नूर को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना के बाद भीड़ ने बस को रोक लिया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी संजय कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को कब्जे में लेना चाहा तो परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बाद में बस के मालिक ने बच्ची के पिता और परिजनों से बातचीत कर समझौता कर लिया। जिसके बाद पिता ने तहरीर देने से भी मना कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिवार वालों ने इत्तेफाकिया घटना बताते हुए कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दूर जाकर गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों एवं पुलिस की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के नानकबाड़ी गांव के सामने गुरुवार की सुबह बाइक सवार अमीर (20 वर्ष) पुत्र मासूम अली निवासी रुस्तमपुर सराय थाना मैनाठेर नानकबाड़ी गुरुद्वारे के सामने डिवाइडर से चढ़ाकर बाइक को रोड पार कर रहा था। रामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अमीर बाइक समेत दूर जाकर गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे जिला अस्पताल भिजवाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन बिना कार्रवाई के ही शव को घर ले गए।

**प्रतियोगिता** | अमरोहा के मिनी स्टेडियम में हुई मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में मुरादाबाद बना मंडल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मुरादाबाद जनपद के विजेता खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार को जनपद अमरोहा के मिनी स्टेडियम में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट अंडर 14 वर्ग में मुरादाबाद जिले की टीम मंडल चैंपियन बनी है। अब मुरादाबाद की टीम प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

अमरोहा के मिनी स्टेडियम में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मुरादाबाद के अलावा अमरोहा, संभल, रामपुर व बिजनौर की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुरादाबाद की टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अमरोहा की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में मुरादाबाद में रामपुर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। जिसके बाद फाइनल मुकाबला मुरादाबाद और संभल में हुआ, जिसमें मुरादाबाद ने संभल को 10 विकेट से हराकर जीत दर्ज करते हुए मंडल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अमरोहा के जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। मंडलीय क्रीड़ा सचिव बंश बहादुर ने बताया कि मंडल स्तर पर चयनित क्रिकेट टीम अब आगरा में प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। चयनकर्ता का दायित्व रणविजय सिंह, राजवीर सिंह व क्षेत्रपाल सिंह ने निभाया। पर्यवेक्षक के रूप में राजकीय हाईस्कूल देहरी गुर्जर की प्रधानाचार्य पवन त्यागी का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर डॉ. जीपी सिंह, जनपदीय क्रीड़ा सचिव अमरोहा विजय सिंह, खेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह, नरेश कुमार चिकारा, शिवकुमार, एजाज हुसैन, सहजेब तकी, मुनेंद्र सिंह, हरपाल सिंह शामिल रहे।

## देवर-देवरानी ने भाभी को पीटा, दंपति पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में देवर और देवरानी ने भाभी से मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रामनगर मिलक भैंसिया निवासी सविता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका पति बर्तनों की पॉलिश का काम करता है। आरोप है कि देवर पप्पू और उसकी पत्नी लक्ष्मी उससे और पति के साथ गाली-गलौज करते हैं। 23 सितंबर को रात देवर आया और गाली-गलौज करने लगा। सविता और पति ने समझाने का प्रयास किया तो पप्पू और लक्ष्मी ने मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद महिला ने थाने में तहरीर दी। एसएचओ कटघर संजय कुमार ने बताया कि दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गेहूं, चावल की कालाबाजारी का पकड़ा खेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में पूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान राशन के गेहूं और चावल की कालाबाजारी का खेल पकड़ा है। आरोपी बिना लाइसेंस के कार्डधारकों से राशन लेकर बदले में आटा बनाकर देता था।

पूर्ति निरीक्षक ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि बुधवार को कटघर के सिम्मन हजारी पुत्तन डेयरी सामने एक गोदाम में राशन का गेहूं और चावल जमा किया जा रहा था। राशन की कालाबाजारी की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे ने टीम के साथ छापा मारा। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि कॉलोनी का ही रहने वाले गोदाम मालिक शाकिर से पूछताछ की गई। मालिक भंडारण से संबंधित लाइसेंस नहीं दिखा सका। वह अपने रिश्तेदार अफजाल की दुकान में गोदाम चला रहा था। छापेमारी के दौरान गोदाम में मौजूद तीन लोग मौके से फरार हो गए। टीम के पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह क्षेत्र के आसपास के राशन कार्डधारकों से गेहूं और चावल लेता है। इसके बाद वह आटा बनाकर ग्राहकों ही वापस कर देता है। वर्तमान में टीम ने गोदाम से 32.25 क्विंटल गेहूं (55 कट्टे) और 2.27 क्विंटल चावल का भंडारण जब्त किया है। 59 प्लास्टिक के कट्टों में भरा गेहूं और चावल भी बरामद किया है। गोदाम से नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि पूर्ति विभाग की छापेमारी के दौरान शाकिर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**दलाल इकट्ठा करते हैं राशन, फिर भेजते हैं बाहर :** पूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे ने बताया है कि गोदाम में चावल और गेहूं के 59 बोरे मिले हैं। साथ ही गोदाम से अन्य सामग्री भी जब्त हुई है। जानकारी के अनुसार, गोदाम पर गेहूं और चावल के कट्टे दलाल लेकर आते हैं। वह गांव-गांव में घूमते हैं। राशन कार्डधारकों से चावल और गेहूं 14 से 15 रुपये में खरीदते हैं। दो से तीन रुपये ऊपर में गोदाम मालिक को बेच देते हैं। वो इस चावल और गेहूं को ट्रकों की मदद से दिल्ली और हरियाणा में ले जाता है।

### जांच के लिए भेजेंगे नमूने

पुलिस ने बताया कि गेहूं और चावल के नमूने लिए गए हैं। इनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। बता दें, पहले भी राशन के गेहूं और चावल की कालाबाजारी के मामले पकड़े जा चुके हैं। पहले भी पुलिस ने मुकदमे भी दर्ज किए थे।

# रामलीला के लिए हुआ भूमि पूजन, 30 से मंचन

## श्री रामकथा मंचन समिति लाजपत नगर द्वारा किया गया भूमि पूजन, कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री रामकथा मंचन समिति लाजपत नगर के तत्वावधान में होने वाली रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन किया गया। जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिस्सा लिया।

30 सितंबर से लाजपत नगर में रामलीला का मंचन शुरू होगा। इसके लिए गुरुवार को कमेटी की ओर से आचार्य पंडित विनीत शर्मा ने भूमि की शुद्धि का हवन पूजन व ध्वजारोहण किया। पूजन में मुख्य यजमान अतुल अग्रवाल अपनी पत्नी अर्चना अग्रवाल, राजेश त्रिपाठी अपनी पत्नी सीमा त्रिपाठी के साथ रहे। जिसके बाद कमेटी के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने मीडियाकर्मियों को बताया कि लाजपत नगर रामलीला मैदान के मंच पर 30 सितंबर को रामलीला मंचन की शुरूआत मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व महापौर विनोद अग्रवाल करेंगे। जिसमें रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का पूजन एवं गणेश वंदना के साथ नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा। एक अक्टूबर को मनुसतरूपा, पृथ्वीपुकार, रावण तपस्या, मंदोदरी विवाह का कार्यक्रम होगा। दो अक्टूबर को राम जन्मोत्सव होगा, जिसमें बीती 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अयोध्या के कार्यक्रम में शामिल हुए महानगर के संत, महंतों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रामलीला का समापन 13 अक्टूबर को भगवान रामचंद्र के राजतिलक की शोभा यात्रा निकालकर किया जाएगा। इस मौके पर थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, विनोद सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तोगी, मुकुल बंसल, नितिन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, राम कुमार गुप्ता, पारस सैनी, मनोज व्यास, विवेक शर्मा, ठाकुर नरेंद्र सिंह, गोविंद राम गुप्ता, राजेंद्र खन्ना अरविंद सिंघल, केके गुप्ता आदि शामिल रहे।


लाजपत नगर में रामलीला भूमि पूजन में आयोजित हवन में आहुति देते समिति के लोग।

### आज बिना बिजली के होगी रामलीला मंचन की शुरुआत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को लाइनपार के रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन शुरू होने जा रहा है। लेकिन कमेटी के लोगों ने नगर निगम व बिजली विभाग पर बिजली कनेक्शन न देने का आरोप लगाते हुए बिना बिजली के ही रामलीला मंचन करने की बात कही है। श्रीराम लीला मैनेजिंग कमेटी के तत्वावधान में रामलीला मैदान लाइनपार में बीती 16 सितंबर को भूमि पूजन करने के बाद 27 सितंबर से रामलीला मंचन शुरु करने की बात कही गई थी। श्रीराम लीला मैनेजिंग कमेटी के कोषाध्यक्ष संजीव बंसल ने बताया कि हर साल की भांति हमने इस बार भी बिजली कनेक्शन के लिए नगर निगम और बिजली विभाग में आवेदन कर दिया था, लेकिन नगर निगम व विद्युत विभाग ने बिजली कनेक्शन देने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि कमेटी के सभी लोग नगर आयुक्त व विद्युत विभाग के अधिकारियों के पास गुरुवार तक चक्कर लगाते रहे, लेकिन किसी ने भी कोई सुनवाई नहीं की। जिसके चलते अब कमेटी ने बिना बिजली के ही रामलीला का मंचन कराने का फैसला लिया है।

> मोदी-योगी की सरकार में रामलीला मंचन के लिए बिजली कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम व विद्युत विभाग के पास स्मार्ट सिटी बनाने के लिए पैसा है, लेकिन धार्मिक स्थल व आयोजन के लिए पैसा नहीं है। सालों पहले भी मोमबत्ती व तेल की डिबिया की रोशनी में रामलीला मंचन होता था, इसलिए इस बार भी गैस की पेट्रोमेक्स व मोमबत्ती की रोशनी में रामलीला कराएंगे।
>
> -संजीव बंसल, कोषाध्यक्ष

## सार-संक्षेप

### कला तकनीक प्रतियोगिता में इरा वर्मा ने बाजी मारी


प्रथम स्थान हासिल करने वाली इरा वर्मा।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा सिविल इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स सोसाइटी ने कला तकनीक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपना मनोरंजन करना भी था। प्रतियोगिता की शुरुआत संस्थान के निदेशक निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके की। इसमें इरा वर्मा प्रथम, भावना धनगर द्वितीय और मोहम्मद शमोएल तृतीय स्थान पर रहे। विजेता छात्र-छात्राओं को निदेशक डा. रोहित गर्ग और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख मोहम्मद साकिब कदीर ने शुभकामनाएं दी। संचालन शिवम कुमार और ज्योतिष्का सिंह ने किया। आयोजन में सिविल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर सपना कुमारी, पवन कुमार वार्ष्णेय, नीरज चौधरी का योगदान रहा।


बच्चों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की शपथ दिलाते प्रदीप सक्सेना, साथ में अन्य।

### बच्चों को दिलाई पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की शपथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के ब्रांड एबेसडर प्रदीप सक्सेना एडवोकेट की मौजूदगी में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गुरुवार को वार्ड नंबर 18 हरथला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेहान पब्लिक स्कूल के बच्चे शामिल हुए। नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर ने बच्चों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह के नाम से बने इस पार्क में एक पौधा मां के नाम से लगाया गया। जिससे हरित आवरण को बढ़ावा मिले। इसमें नगर निगम की कार्यदाई संस्था की टीम आईईसी ने स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान किया। बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### विधवा से जेठ ने की अश्लीलता, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ससुराल में विधवा के साथ जेठ ने अश्लीलता कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर कमरे में बंद कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर मायके पहुंच गई। पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने बीते दिनों एसएसपी को दिए शिकायती बताया कि 3 जनवरी 2006 को उसका निकाह हुआ था। 7 अप्रैल 2015 को पति की मौत हो गई। महिला के अनुसार पति की मौत के बाद वह अपनी चार बेटियों के साथ ससुराल में ही रह रही थी। आरोप लगाया कि बीती 12 अगस्त 2024 को रात करीब 10:45 बजे जेठ उसके कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ और अश्लीलता करने लगा। इस बीच पीड़िता की बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया।

### समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपना दल (के) अध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही चेताया कि मांगें पूरी न होने पर संबंधित विभागों के अधिकारी व नेताओं का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष रामेश्वर दयाल तुरैहा ने बिजली, पानी सड़क आदि समस्याओं का जल्द समाधान कराए जाने की मांग की। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर ने कहा कि सीएम ग्रेड योजना वापस लाकर लाइन पार में बुध बाजार की तर्ज पर विकास किया जाए। लाइन पार की लाइफ लाइन कपूर कंपनी का पुल अतिशीघ्र बनाए जाया। वार्ड 4 के अंतर्गत मोहल्ला वृंदावन कालोनी में टूटी सड़कें व नालियां पक्की की जाएं। वहीं स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण भी कराया जाए। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट की जमीन कब्जा मुक्त हो। लाइन पार के मोहल्ला गायत्री नगर, हनुमान नगर, चाऊ की बस्ती, राम तलैया, सूर्य नगर, विकास नगर आदि की सड़कों गड्ढा मुक्त कराने की मांग रखी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अंकित ठाकुर, राकेश कश्यप, बाबू खां, अजय सैनी, राहुल सागर, ममता शर्मा, धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

### अपने नहीं समाज के बारे में सोचना चाहिए: वीके जैन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा कि टीएमयू देश की बड़ी एनएसएस यूनिट में एक हैं। इसके करीब 500 सदस्य हैं। इसका मतलब है कि आपको अपने बारे में नहीं, बल्कि समाज के बारे में सोचना चाहिए। आप लोग इस एनएसएस यूनिट के माध्यम से बहुत सारी गतिविधियां कर रहे हैं। चाहे वह पर्यावरण जागरूकता हो या स्वास्थ्य चेतना हो या पेड़ बचाना हो या लाइव इंडिया अभियान हो। इस मौके पर विभिन्न कॉलेजों की ओर से सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस समन्वयकों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं एनएसएस यूनिट के इंचार्ज प्रो. एमपी सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ऑडीटोरियम में कार्यक्रम का आरंभ किया। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की छात्रा वैष्णवी चौधरी ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। एनएसएस यूनिट के इंचार्ज प्रो. सिंह ने 2023-24 में आयोजित गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

### अवैध रूप से अस्पताल के संचालन में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. राजीव चौधरी ने 24 सितंबर को मिश्री बेगमपुर रोड पर स्थित मैड केयर नर्सिंग होम पर छापा मारा था। निरीक्षण में मैड केयर नर्सिंग होम का संचालक व मालिक डॉ. इरशाद अली को बताया गया था। निरीक्षण में स्वास्थ्य विभाग की टीम को कई अनियमितताएं मिली थीं। गुरुवार को पुलिस ने नोडल अधिकारी की तहरीर पर अस्पताल संचालक मोहम्मद इरशाद अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में तीन पर रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़मऊ निवासी राजबाला पत्नी संजय सिंह का गांव के विपिन पिंटू आदि से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार को इसी बात को लेकर पवन, पिंटू, विपिन एवं रीना पत्नी पिंटू ने पहले महिला से गाली गलौज की और राजबाला, उसकी पुत्री सलोनी व पुत्र विकास को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घायल महिला एवं उसके बच्चों को लेकर उसके परिजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किराना की दुकान से लाखों का सामान चोरी

**कुन्दरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नानपुर गांव में चोरों ने किराना की दुकान को निशाना बनाया। ग्राम हुसैनपुर निवासी सुनवीर चौधरी पुत्र चौखे सिंह की हाईवे के किनारे किराने की थोक की दुकान चलाते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह प्रत्येक दिन की तरह दुकान बंद करके गए थे। जब सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो उनके गेट के बराबर से ही चोरों ने दीवार काट ली और सामान ले गए। पीड़ित ने बताया कि 8 हजार रुपये की नकदी और करीब दो लाख रुपये का सामान चोर ले गए।

### ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, 3 लोग घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार सुबह मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली को सामने से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई और ट्रैक्टर चालक, उसकी पत्नी और बेटा घायल हो गया। हादसे को देख मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिली है कि ट्रैक्टर चालक सतीश ट्राली में धान की बोरी भरकर गढ़ से शाहबाद रामपुर को जा रहा था। जैसे ही वह कुंदरकी की ओर से ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जीरो प्वाइंट पर पहुंचा तो बिलारी की ओर से आ रहे ट्रक ने उसके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## एक नजर

### हजरत इस्हाक मियां का सलाना उर्स शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के पीली कोठी स्थित आंखों के अस्पताल के पिछे हजरत शाह मोहम्मद इस्हाक मियां का 85वां उर्स शानों शौकत के साथ शुरू हुआ। गुरुवार को पहले दिन उर्स का आगाज बाद नमाजे जोहर कुरान ख्वानी से किया गया। उर्स के पहले दिन ही अकीदतमंद दरगाह पर पहुंचने लगे। उन्होंने चादरपोशी की और नजरो नियाज कर दुआएं मांगी। बाद नमाजे ईशा नातिया महफिल मुनाक्दि हुई। जिसमें अहमद मियां उस्मानी, चांद नईमी, सूफियान इस्हाकी, अरमान इस्हाकी, हमजा इस्हाकी, सैय्यद मोहममद हाशिम, हाफिज शकील आदि ने कलाम पेश किए। इस मौके पर सज्जादानशीन हाजी मोहम्मद इकबाल इस्हाकी, सदस्य अफजाल इस्हाकी, जमाल इस्हाकी, कमला इस्हाकी, हाजी मोहम्मद नदीम इस्हाकी, मोहम्मद खालिक, मोहम्मद सुहेल व मोहम्मद बिलाल शामिल रहे।

### मारपीट में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने एक पक्ष की महिला की शिकायत पर दूसरे पक्ष के चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। माया देवी पत्नी रघुनाथ निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह कुंदरकी के अनुसार वह रेलवे लाइन की तरफ खाली जगह में उपले पाथती है। बताया कि वहां पर उसका पड़ोसी मेवाराम अपनी घोड़ी बांधता है। घोड़ी उसके सारे उपलों को फोड़ देती है। जिसकी शिकायत करने पर आरोपी गाली गलौज करता है। महिला ने आरोप लगाया कि 24 सितंबर की दोपहर इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद बबलू, पप्पू, अमित और मेवाराम ने उससे और उसके पति से मारपीट की। मौके पर शोर होने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पंचायत भवन से हजारों का सामान चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम खूंटी खेड़ा मौढ़ी हजरतपुर के पंचायत भवन से चोर कंप्यूटर, सीपीयू, यूपीएस, एलईडी कैमरे, दो बैटरी, दो इनवर्टर, प्रिंटर और पैनल ले गए। गुरुवार सुबह ग्राम प्रधान को पंचायत भवन से चोरी की जानकारी हुई तो ग्राम प्रधान मोहम्मद साजिद ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की है।

### हरि भजन से कलियुग में होती है मोक्ष की प्राप्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार के केसरी कुंज कालोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा भक्तियज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि कलियुग में हरिनाम संकीर्तन ही मुक्ति का आधार है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि भगवान न्यायकारी हैं, परंतु साधक को तो यही समझना चाहिए कि वे तो सदैव दया करने वाले हैं।

भगवान सदा प्राणियों पर कृपा करते हैं। इस बात के लिए उत्सुक रहते हैं कि वह किसी प्रकार मुझ पर विश्वास करके एक बार ऐसा मान ले कि मैं तेरा हूं। भगवान की भक्ति में सबका समान अधिकार है। जो कोई भी कपट छोड़कर सर्वभाव से उन्हें भजता है, वही भगवान का प्यारा बन जाता है। मानव जीवन भगवान श्रीकृष्ण की कृपा एवं वैष्णव आचार्यों की शरणागति के लिए मिला है। कथा के आयोजन में राधेश्याम अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्र की तैयारी हुई तेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र को लेकर महानगर के सभी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। महानगर के मंदिरों में पुताई व साफ-सफाई के साथ-साथ सजाने-संवारने का काम किया जा रहा है। महानगर के काली का मंदिर समेत अन्य मंदिरों में प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होने जा रही है। जिसके चलते मंदिरों में रंगाई पुताई का काम पूरा होने वाला है। केवल भवन संवारने का काम बाकी यह भी एक-दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। काली माता मंदिर के महंत सज्जन गिरि ने बताया नवरात्रों को लेकर मंदिर में लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। साफ-सफाई का मामूली काम चल रहा है। भीड़ नियंत्रित करने के लिए लगाए जाने वाले बैरिकेडिंग नवरात्र से एक दो दिन पहले ही लगाए जाएंगे। उधर, प्राचीन सिद्धपीठ नौ देवी काली माता मंदिर के महंत राम गिरि ने बताया रंगाई-पुताई का काम पूरा कर लिया गया। माता के भवन को सजाने का काम शुरू हो गया है।

### इन मंदिरों में उमड़ते हैं श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवरात्रों में वैसे तो सबसे ज्यादा भीड़ महानगर के लाल बाग स्थित काली माता मंदिर पर रहती है। लेकिन, महानगर के अन्य मंदिरों पर भी नवरात्रों में श्रद्धालु पहुंचते है। जिसमें रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर, लाइनपार स्थित माता मंदिर, आशियाना कालोनी स्थित ढाप वाला मंदिर समेत अन्य मंदिरों पर नवरात्रों में प्रतिदिन सुबह शाम आरती में श्रद्धालु पहुंचते है। इसके अलावा महिलाएं प्रतिदिन भजन-कीर्तन करती हैं। वहीं मनोकामना श्री हनुमान मंदिर के पुजारी हरि दत्त शास्त्री ने बताया हमारे मंदिर पर नवरात्र की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि नवरात्रों को सुबह हवन किया जाएगा और शाम को महिलाएं कीर्तन करेंगी।

### कलश यात्रा निकालकर हुई कथा की शुरुआत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के खुशहालपुर स्थित विवेक विहार में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत की गई। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ओंकारेश्वर मंदिर से पूजन के बाद निकली, जिसमें श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया। पीत वस्त्रधारी महिलाएं सिर पर कलश लिए चलती रहीं। इस दौरान हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे रहे महामंत्र की गूंज होती रही। कलशयात्रा कथा स्थल शगुन मंडप पहुंची। जहां कलश स्थापना के बाद कथा शुरू की गई। कथा व्यास हरीश चंद्र मिश्रा ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। यजमान शलभ शर्मा एवं छाया शर्मा रहीं। इस मौके पर आलोक शर्मा, अतुल जौहरी, मुनेश, उर्मिला शर्मा, श्वेता शर्मा, इंयाशी शर्मा, महेश चंद्र व अनुज शर्मा शामिल रहे।

### कान्हा के जन्म का प्रसंग सुनकर झूमे श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** खुशहालपुर स्थित एक शादी हॉल में सर्व प्रयास सीता रसोई ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को प्रातः पूजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान शालिनी शर्मा व सुनील कुमार शर्मा रहे।

दैनिक यजमान रीना गुप्ता, शिवओम कुमार, उर्मिला सिंह, राकेश कुमार सिंह एवं नरेश अरोड़ा रहे। शाम को कथा व्यास व्योम त्रिपाठी ने भजन के माध्यम से कान्हा के जन्म का प्रसंग सुनाया तो श्रद्धालु झूमने लगे। उन्होंने कथा व्यास के साथ मंगल- गान एवं बधाइयां गाईं और देर तक नृत्य करते रहे। इस मौके पर सुप्रीत सिंह, जूही माथुर, राजेंद्र प्रसाद सक्सेना, उदयभान सिंह, संजीव शर्मा, धीरज गुप्ता, सुधांशु कौशिक, शरद माथुर, नरेश अरोड़ा, शिव ओम गुप्ता, डा. अक्षय कुमार, सुनील कुमार शर्मा, नितिन पांड़े, सत्य प्रकाश वार्ष्णेय, गिरिजा शंकर पांड़े, पुनीत अग्रवाल व रूप चंद्र मित्तल समेत अन्य भक्त शामिल रहे।

# प्रो. प्रदीप और डॉ. अंकिता के रिसर्च पेपर को प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रो. प्रदीप तांगड़े।


डॉ. अंकिता जैन।

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के लिए प्रो. प्रदीप तांगड़े और डॉ. अंकिता जैन ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बैंकॉक में नेशनल टू ग्लोबल ओरल हेल्थ-वाइंडिंग द होरिजन पर हुई चार दिवसीय फर्स्ट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में डेंटल प्रोफेशनल्स प्रो. प्रदीप व डॉ. अंकिता के रिसर्च पेपर को प्रथम पुरस्कार मिला है।

प्रो. प्रदीप और डॉ. अंकिता ने इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड डेंटिस्ट्री-आईएपीएचडी की ओर से थाईलैंड में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए थे। इस उपलब्धि पर कुलाधिपति सुरेश जैन ने कहा कि डेंटल कॉलेज की इन उपलब्धियों पर यूनिवर्सिटी को नाज है। डॉ. अंकिता को इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड डेंटिस्ट्री- आईएपीएचडी की एग्जीक्यूटिव मेंबर भी चुना गया। कॉन्फ्रेंस में प्रो. प्रदीप तांगडे और डॉ. अंकिता जैन ने एक सेशन की अध्यक्षता भी की। थम्मा सेट यूनिवर्सिटी, थाईलैंड की ओर से आयोजित कॉन्फ्रेंस में डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया- डीसीआई के प्रेसिडेंट डॉ. दिब्येंदु मजूमदार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रिंसिपल प्रो. तांगडे ने अपने रिसर्च पेपर में बताया, मसूड़ों की सूजन या दुश्वारियों को दूर करने में ममूका हनी दीगर मेडिसिन से अधिक कारगर है।

### स्विमिंग में महानगर के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर की ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल अकादमी में सीबीएसई क्लस्टर नॉर्थ जोन प्रथम स्विमिंग प्रतियोगिता में महानगर की एनएस एक्वेटिक्स स्वीमिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लेकर सिल्वर व ब्रांज मेडल प्राप्त किए।

कोच रवि शर्मा ने बताया कि बालिका अंडर 14 में अविशा रावत ने 200 मीटर में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। बालिका अंडर 17 में ऐश्वर्या अग्रवाल ने 50 मीटर बटरफ्लाई में सिल्वर और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में ब्रांज मेडल हासिल किया। बालक अंडर 14 में ओम वर्धन ने 50 और 100 मीटर फ्री स्टाइल में गोल्ड, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में गोल्ड और 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सिल्वर मेडल जीता। अंडर 14 बालक वर्ग में ओम वर्धन ने बेस्ट स्वीमर का खिताब भी अपने नाम किया। बालक अंडर 17 में यश अग्रवाल ने 400 मीटर में गोल्ड, 200 मीटर बटरफ्लाई में सिल्वर मेडल जीता।

# टीएलएम से प्रभावी होता है शिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**प्रदर्शनी**

- मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज में शिक्षकों की जनपद स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) जनपद के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की जनपद स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्जवलन करके की गई।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार ने कहा कि टीएलएम के द्वारा कक्षा शिक्षण प्रभावी होता है और विद्यार्थियों में सीखने की प्रक्रिया सरल बनती है। विद्यार्थियों में विषय के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होती है। जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना आसान होता है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के द्वारा आयोजित होने वाली टीएलएम प्रदर्शनी से एक दूसरे से सीखने समझने में शिक्षकों में नए कौशल का विकास होता है तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में सृजनात्मकता बढ़ती है। जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक विकास कांत गुप्ता ने कि प्रदर्शनी में जनपद के 38 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 65 शिक्षकों ने अपने कक्षा शिक्षण में उपयोग में लाई जाने वाली सहायक शिक्षण सामग्री के साथ प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। बबिता मेहरोत्रा जनपद नोडल अधिकारी (टीएलएम) ने बताया कि शिक्षण सहायक सामग्री कक्षा शिक्षण को प्रभावी व रुचिकर बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रदर्शनी से प्रत्येक विषय में एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को चयनित किया जाएगा जो कि 28 सितंबर को होने वाली मंडल स्तरीय प्रदर्शनी में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अमरोहा में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायकों में डॉ. राजेश कुमार, प्रोफेसर कामना रस्तोगी, प्रोफेसर अनामिका त्रिपाठी, डॉ. मीरा कश्यप, डॉ. गोविंद राज व राशिद अली प्रवक्ता डायट रहे। प्रदर्शनी में विषय वार टीएलएम हिन्दी पूजा शुक्ला, अंग्रेजी श्वेता बाजपेयी, गणित सोनिया सक्सेना, भौतिक विज्ञान सुमन, रसायन विज्ञान अनुश्री चौहान, जीव विज्ञान मनोज कुमार दिवाकर, भूगोल नीतू सिंह, अर्थशास्त्र दीपशिखा, इतिहास अनूप सिंह, नागरिक शास्त्र विशाल कुमार सर्वश्रेष्ठ रहे। विजेता शिक्षक मंडलीय टीएलएम प्रतियोगिता में 28 सितंबर 2024 को राजकीय कन्या इंटर कालेज अमरोहा में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में नितिन कुमार, जगसरन सिंह, सिद्धार्थ वर्मा शामिल रहे।

**चुनाव** मुरादाबाद गन्ना समिति कार्यालय परिसर में चली नामांकन प्रकिया

# गन्ना समिति प्रतिनिधि के लिए 481 ने कराया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति प्रतिनिधियों के नामांकन गुरुवार को मुरादाबाद गन्ना समिति कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे शाम पांच बजे तक हुए। जिसमें 481 लोगों ने गन्ना समिति डेलीगेट के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। सभी नामांकन निर्वाचन बने अधिकारी खंड विकास अधिकारी मूंढापांडे की निगरानी में हुआ।गन्ना समिति के सचिव सुरेश सिंह भी मौजूद रहे। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच व शनिवार को नाम वापसी किए जाएंगे। इसमें कई राजनीतिक पार्टी के समर्थित प्रत्याशियों ने भी नामांकन कराया। जिसमें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह ने अपने पार्टी के प्रत्याशी का नामांकन कराया।

गुरुवार को मुरादाबाद गन्ना समिति परिसर में निर्वाचन अधिकारी/खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने गन्ना समिति के डेलीगेट का नामांकन कराने का कार्य सुबह 10 बजे से शुरू कर दिया। दोपहर 12 बजे के बाद प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थकों की भीड़ जुटने लगी। गन्ना समिति के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि शाम पांच बजे तक 481 लोगों ने गन्ना समिति के प्रतिनिधियों के पद के लिए नामांकन कराया। कुछ प्रत्याशियों के साथ राजनीतिक नेताओं की भीड़ भी दिखाई पड़ी। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से नामांकन का कार्य संपन्न हुआ। शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच कराई जाएगी। शनिवार को जो प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहेगा वो नाम वापस ले सकता है।


गन्ना समिति के डेलिगेट चुनाव के लिए नामांकन करते विजयवीर यादव।

### सपा प्रत्याशी ने नारों के बीच कराया नामांकन

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सहकारी गन्ना समिति प्रतिनिधियों के नामांकन के लिए सपा समर्थित प्रत्याशियों का जमघट लगा हुआ था। वहीं समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की नारेबाजी के बीच सपा समर्थित प्रत्याशियों ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव व पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू व पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला गन्ना समिति के कार्यालय के लिए कूच किया। जहां उन्होंने समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारेबाजी के बीच सपा प्रत्याशी का नामांकन कराया।

# लाखों की चोरी में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- एसएसबी के उप निरीक्षक के घर से सात सितंबर को हुई थी चोरी

**अमृत विचार :** सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के उप निरीक्षक मोहम्मद रिजवान ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर कहा है कि सात सितंबर को उसके ठाकुरद्वारा के आवास से करीब 15 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए थे। पुलिस कार्रवाई करने की बजाए मामले की अनदेखी कर रही है।

एसएसबी के उप निरीक्षक मोहम्मद रिजवान ने शिकायती पत्र में बताया है कि वर्तमान में वह दिल्ली में किराये के मकान में रहता है। अब उसका राजौरी में स्थानांतरण हो गया है। राजौरी जाने से पहले उसने अपनी पत्नी को ठाकुरद्वारा से दिल्ली बुलाया था। इसी दौरान सात सितंबर की रात को ठाकुरद्वारा के आवास से सेफ में रखा पत्नी शहनाजी यासमीन का जेवर जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है, चोरी हो गया था। उसके पास आठ सितंबर की सुबह ससुराल से फोन आया कि घर में चोरी हो गई है। वहां पहुंचकर देखा की अलमारी से सारा जेवर गायब था। घर में चोरी की जानकारी पुलिस को दी। परंतु पुलिस ने कई बार तहरीर बदलवाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कई बार कोतवाली जाने के बाद मामला दर्ज किया गया। चोरी में कोतवाली क्षेत्र के गांव मालपुरा लक्ष्मीपुर निवासी महिला अकबरी पत्नी रफीक पर शक जाहिर किया है। लेकिन पुलिस ने अभी तक महिला सिर्फ पूछताछ की है। जबकि आरोपी महिला खुलेआम घूम रही है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी और परिजनों के 15 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए।

## एक नजर


छात्र को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्या।

### राजेंद्र एकेडमी के छात्र ने जूडो में जीता कांस्य पदक

**कांठ, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा ( सीबीएसई ) बोर्ड नई दिल्ली के तहत मेरठ में आयोजित नॉर्थ जोन जूडो प्रतियोगिता में भीकनपुर स्थित राजेंद्र एकेडमी के छात्र आरव चौधरी ने कांस्य पदक जीता। मेरठ से लौटने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता रानी ने आरव चौधरी का स्वागत किया।

### महिला को घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** मोहल्ला ठाकुरान निवासी महिला गुलशन पत्नी फैजान ने कोतवाली में लिखवाई रिपोर्ट में कहा है कि बुधवार रात वह अपने घर पर थी। तभी उसके तहरे भाई फहीम, मोसिम घर आ गए और उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने बचाव करने आए उसके पति फैजान के साथ भी मारपीट की और धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुकुट पूजन के साथ रामलीला मंचन शुरू

**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार रात धूमधाम से मुकुट पूजन के साथ रामलीला मंचन समिति के तत्वावधान में रामलीला मंचन का आरंभ किया गया। रामलीला का आरंभ बढ़ापुर विधायक सुशांत सिंह के प्रतिनिधि चंद्रपाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने माता-पिता की आज्ञा मानकर वन के लिए प्रस्थान किया था। मुकुट पूजन पंडित सतीश चंद्र शर्मा ने कराया। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, गौरव कुमार चौहान, सचिन कुमार, शिशुपाल सिंह चौहान, हरपाल सिंह चौहान, बीनु चौहान, दीपेंद्र चौहान, आकाश शर्मा, प्रदीप कुमार चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, नीरज कुमार चौहान, शनि कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना डेलीगेट के लिए 476 नामांकन पत्र दाखिल

## समिति कार्यालय में सुबह से रही भीड़, आज होगी जांच और वापसी, पुलिस बल रहा तैनात

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति में नई कार्यकारिणी के लिए चल रही चुनावी प्रक्रिया के दौरान गुरुवार को डेलीगेट पद के लिए 476 नामांकन पत्र जमा हुए।

सहकारी गन्ना विकास समिति में नई कार्यकारिणी के लिए चल रही चुनावी प्रक्रिया में गुरुवार को भीड़ के बीच नामांकन पत्र जमा किए गए। जिनकी शुक्रवार को दोपहर बाद तीन बजे तक जांच की जाएगी। इस दौरान जो व्यक्ति नामांकन पत्र वापस लेना चाहेगा वह वापस ले सकेगा। उसके पश्चात नामांकन पत्रों का अंतिम प्रदर्शन किया जाएगा। यदि कोई आपत्ति होगी तो उसके निवारण के पश्चात ही नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि 10 वर्षों के बाद चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसमें 244 डेलीगेट चुने जाने हैं। जिसमें से 11 डायरेक्टर चुने जाएंगे। उसके पश्चात ही एक सभापति, एक उपसभापति का चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि सभी कार्य शांतिपूर्वक ढंग से किए जा रहे हैं। गन्ना समिति में गुरुवार को दूर दराज से आए किसानों की पूरे दिन भीड़ भाड़ रही है। बता दें कि इस वर्ष चुनाव में कुंवर सुरेंद्र सिंह भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जो संभवतः अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। जिन पर लोगों की निगाह जमी हुई है। उनके सामने कौन खड़ा होगा यह चर्चा का विषय है। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे दिन गन्ना समिति परिसर में पुलिस बल बल तैनात रहा। नामांकन पत्रों के जमा करने के दौरान अफरातफरी का माहौल रहा। इस मौके पर एडीओ सूरज नायक, चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे।


कांठ में नामांकन पत्र जमा करते प्रत्याशी व समर्थक।

- 244 डेलीगेट चुने जाएंगे, 10 वर्ष के बाद हो रहे चुनाव
- एक सभापति और एक उप सभापति का होगा चुनाव


बिलारी गन्ना समिति में नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे प्रत्याशी।

### बिलारी में 607 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी में गुरुवार को गन्ना समिति के सामान्य निकाय चुनाव में डेलीगेटों के चुनाव के लिए 607 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। गुरुवार को सुबह से ही प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे गए थे। बिलारी गन्ना समिति के सामान्य निकाय चुनाव में 422 डेलीगेटों का चुनाव होना है। जिसको लेकर गुरुवार को 607 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। गुरुवार सुबह से ही प्रत्याशी अपना नामांकन कराने के लिए गन्ना समिति कार्यालय पहुंचे। चुनाव के निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बताया कि शुक्रवार को दाखिल नामांकन पत्रों की जांच जाएगी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### गन्ना खरीद मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल हो

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता कैंप कार्यालय रामूवाला गणेशवाला पर एकत्र हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र गन्ना विकास परिषद ठाकुरद्वारा में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हशमुल हसन को दिया।

मांगपत्र में किसानों ने कहा कि गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। गन्ना विकास निरीक्षक ने कहा कि मांग पत्र शासन को भेज दिया जाएगा और बताया कि गन्ना प्रजाति 13235 तथा 14201 का 650 क्विंटल बीज आवंटित हुआ है। 17231 प्रजाति की दो लाख सिंगल बड आवंटित हुई हैं। इसके लिए सुपरवाइजर से संपर्क कर समय से गन्ने का बीज प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान प्रदीप कुमार त्रिपाठी तथा कालीदीन तथा रमेश सिंह, अर्जुन सिंह, नरेश सिंह, उदयवीर सिंह, हरस्वरूप सिंह, तेजपाल सिंह, रवि चौहान तथा कैलाश सिंह मौजूद रहे।

# जर्जर बंच केबल को तत्काल बदला जाए

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक ने एसडीएम के माध्यम से मंडलायुक्त को ज्ञापन भेजकर किसानों एवं क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील में उपजिलाधिकारी प्रिंस वर्मा से वार्ता की और मंडलायुक्त को प्रेषित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आधार कार्ड अपडेट करने के लिए नगर के डाकखाने में चल रहे आधार कार्ड केंद्र पर लापरवाही एवं धनराशि वसूलने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में आधार कार्ड सेंटर खोलने, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज से जोशी की पुलिया तक खराब पड़े बंच केबल को बदलवाने, पात्रों के राशन कार्ड बनवाने, तहसील में मृदा परीक्षण केंद्र की स्थापना करवाने, पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति करने, कांठ विद्युत उपकेंद्र के मार्ग का निर्माण कराने की मांग की गई।

समस्याओं का समाधान सात अक्टूबर तक नहीं होने पर आठ अक्टूबर से आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर जितेंद्र विश्नोई जीतू, कुलवीर सिंह, इमरान, सुमन कुमार सोनू, शिवकुमार सिंह प्रजापति, नितिन विश्नोई, गुड्डू घोसी, संदीप विश्नोई, रईस अहमद, मोहम्मद वाजिद, सुंदरलाल सैनी, मोहम्मद एहसान, सचिन सैनी, शमीम अहमद, आदिल, अब्दुल रशीद, सुनील जोशी, आसिफ सैफी, ओंमकार सैनी, मोहम्मद तालिब, दीपक कुमार, पवन शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


एसडीएम कांठ को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### छेड़छाड़ और मारपीट में चार लोगों पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर निवासी महिला ने चार लोगों पर मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

महिला का कहना है कि उसकी दुकान की छत बारिश के चलते गिर गई थी। मोहल्ले के लोग वहां कूड़ा डालने लगे थे। वह अपने पति के साथ 22 सितंबर की सुबह सफाई करने गई थी। महिला का कहना है कि उसका पति दुकान में सफाई कर रहा था और वह बाहर खड़ी थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी अहमद, नवाब पुत्रगण अख्तर, शानू पुत्र सलीम और शकील पुत्र खलील निवासी मोहल्ला सादात पश्चिमी कस्बा कुंदरकी वहां आए और बदतमीजी करने लगे और विरोध करने पर मारपीट भी की। महिला का आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने उसे नीचे गिरा लिया और छेड़छाड़ की। जब उसका पति बीच बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान का दिया प्रशिक्षण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण बीईओ ठाकुरद्वारा वेगीश सिंह गोयल के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में प्रथम दिन प्रशिक्षकों ने एनसीईआरटी आधारित पाठ्य पुस्तकों, भाषा के वार्षिक तथा साप्ताहिक चक्र पर चर्चा की।

प्रशिक्षण में डायट कांठ के प्रवक्ता अजय विक्रम सिंह ने सभी प्रतिभागियों से शिक्षण में विभिन्न प्रकार की गतिविधि तथा नवाचारों को शामिल कर शिक्षण को रोचक बनाने के लिए प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में बताए गए विभिन्न कौशलों और गतिविधियों का कक्षा में प्रयोग कर छात्रों को शीघ्र निपुण करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में पीयूष कुमार प्रशांत, सतीश मोहन, कृष्ण कुमार गौतम, योगराज सिंह, नवनीत विश्नोई तथा समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बिलारी के युवक की हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदरनगर में बिलारी के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश की पुलिस की सूचना पर बिलारी पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुए। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव लेकर गुरुवार देर शाम परिजन घर पहुंचे।

नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला बाड़ा निवासी मोहम्मद मकसूद का 30 वर्षीय बेटा मोहम्मद मुगीस सात सालों से हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले सुंदरनगर में दुकान पर ट्रक की कमानी ठीक करने का काम कर रहा था। परिजनों के मुताबिक रविवार को उसके भांजे की शादी होनी है। जिसमें शामिल होने के लिए बुधवार को वह सुंदरनगर बस स्टैंड की तरफ पैदल ही आ रहा था।


मोहम्मद मुगीस का फाइल फोटो।

बताया कि तभी पीछे से डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह डीसीएम के पिछले पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुंदरनगर पुलिस की सूचना पर बिलारी पुलिस ने उन्हें घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हो गए। वहीं, सुंदरनगर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजन गुरुवार शाम शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। मोहम्मद मुगीस की शादी नहीं हुई थी। पिता मोहम्मद मकसूद आलम ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं। जिनमें मोहम्मद मुगीस तीसरे नंबर का था।

### एटीएम कार्ड बदलकर 16 हजार निकालने का आरोप

**ठाकुरदारा, अमृत विचार :** एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले गैंग के सदस्य की गिरफ्तारी के बाद ठगी की शिकार एक महिला शिक्षिका सामने आई है। उसने दो सितंबर को कार्ड बदलकर रुपये निकालने के मामले की जांच करने की मांग की है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्रभारी वार्डन रिजवाना नरगिस ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर कहा कि दो सितंबर को उसके पति सरफराज हुसैन पीपलसाना स्थित एटीएम से रुपये निकालने के लिए गए थे। इस बीच उनके पीछे खड़े व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बाहर निकाल लिया। इसके बाद बदलकर दूसरा कार्ड दे दिया। इसके 20 मिनट बाद रामपुर दोराहा के एटीएम से उसके खाते से 16500 रुपये निकाल लिए। शिक्षिका ने रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी थी। महिला शिक्षिका ने ठाकुरद्वारा में 25 एटीएम कार्डों के साथ पकड़े आरोपी से पूछताछ करने की मांग की है।


दौड़ में प्रतिभाग करते छात्र। ● अमृत विचार

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** डीएसएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर दो दिवसीय संकुल स्तरीय बालक वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत की गई।

खेल प्रतियोगिताओं का उद्घाटन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार राठौर ने किया। प्रतियोगिता में डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ, राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठंगी, केडी इंटर कॉलेज भीकनपुर, पब्लिक इंटर कॉलेज कुरी रवाना के छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग, सब जूनियर वर्ग में रेस, गोला फेंक, हैमर थ्रो, लंबी कूद में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर रामसागर, प्रदीप कुमार, वीर सिंह, मदन गोपाल, बबलू, महेंद्र कुमार, मसूद हुसैन आबिदी, अब्दुल्ला खान, नरेश कुमार, अनीता, जैनो वर्मा, चारु, मधु रानी, शहजाद अली, संजीव कुमार, पुष्पेंद्र पाल का सहयोग रहा। खेल शिक्षक कुलदीप कुमार एवं पदम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन धन सिंह ने किया।


कथा में मौजूद महिला और पुरुष श्रद्धालु।

# श्रीकृष्ण जन्म और बाल लीलाओं का किया वर्णन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** गुरुवार को पौड़ा खेड़ा मंदिर में कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया गया। कथा में मुख्य यजमान आशीष जादौन, गीतिका, सत्यम जादौन, संध्या जादौन के साथ महंत राहुल सांवरिया, ध्रुव शर्मा, पंकज चौहान, महंत राहुल सांवरा, पंकज चौहान, तरुण कपूर, डॉ. देवेंद्र शर्मा, राजू गुप्ता, मुन्ना श्रोतिय, मनमोहन शर्मा, सचिन चौहान, रामनिवास शर्मा, सुरेंद्र सिंह आचार्य, विनोद मिश्रा, निखिल पांडेय मौजूद रहे। छविराज चावला ने बजरंग दल की समस्त टीम देवेंद्र तोमर, लल्ला भैया के साथ पगड़ी पहनाकर कथा व्यास को सम्मान किया। प्रसाद की व्यवस्था पियूष गोयल व प्रशांत चौधरी ने की। हेल्पिंग हैंड संस्था द्वारा जल की व्यवस्था की गई।

**धर्म** | नहनूवाला गांव में श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

# आकाशवाणी सुन कंस ने देवकी-वासुदेव को बंदी बनाया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नहनूवाला गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई।

कथावाचक उपनेश शास्त्री ने कहा कि कंस अपनी चचेरी बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ करते हैं। जब कंस देवकी को विदा कर रहे थे। उसी समय आकाशवाणी होती है कि जिस बहन को खुशी से विदा कर रहा है। उसी की संतान तेरा काल बनेगी। यह आकाशवाणी सुनकर कंस देवकी व वासुदेव को कारागार में बंदी बना लेता है। समय आने पर कंस कई संतानों का कंस वध कर देता हैं। देवकी की आठवीं संतान के रूप में कृष्ण जन्म लेते हैं। रात में वासुदेव बारिश के दौरान यमुना नदी पारकर नंद बाबा के यहां कृष्ण को पहुंचा देते हैं और वहां जन्मी कन्या को देवकी के पास पहुंचा देते हैं। इसके बाद जब कंस कन्या का वध करने का प्रयास करता है तो आकाशवाणी होती है। हे कंस, तेरा काल जन्म ले चुका है। कथा में अशोक कुमार, जयवीर सिंह, राम सिंह, सुमित चौहान, टेकचंद सिंह, मोनू, यशपाल, जयपाल, शिवा, मीना, सावित्री, मुकुल, सोनू आदि मौजूद रहे।


नहनूवाला गांव में कथा में मौजूद महिला श्रद्धालु।


कथा सुनाते कथाव्यास रामकृष्ण दास।

### शंकर-पार्वती के विवाह का किया वर्णन

**कांठ, अमृत विचार :** नींगू नंगला में श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने किया। उनके साथ अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, गौरव विश्नोई उपस्थित रहे। कथाव्यास रामकृष्ण दास ने भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह का वर्णन किया। कमेटी के सदस्य सतेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, तपेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा रहे। ग्राम सन्दलीपुर मानपुर मुजफ्फरपुर में श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास ने परीक्षित की कथा का वर्णन किया गया। इस अवसर पर मनोज चौधरी, प्रियांक चौधरी, डॉ. अखिलेश बिश्नोई, अशोक शर्मा, मोनू शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, पुष्पेंद्र चौधरी, सुभाष सिंह, विन्दा चौधरी, धर्मेंद्र कादियान, यशवीर सिंह, बबलू, जयपाल ठेकेदार रहे।

## सार संक्षेप


संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी का स्वागत करते शिक्षक।

### माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बिलारी, अमृत विचार :** शिक्षक नेता प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा के आवास पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी पहुंचे। जहां शिक्षक और शिक्षिकाओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन हमेशा शिक्षकों के हकों के लिए आवाज उठाता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक हमेशा समाज को एक नई दिशा देने का काम करता है। देश के भविष्य को शिक्षित करता है। इसलिए शिक्षकों का देश के विकास में अहम योगदान होता है। इस दौरान शिक्षक नेता राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि वह हमेशा संगठन के हित में कार्य करेंगे। इस दौरान प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वर्मा, पूर्व महामंत्री इंद्रासन सिंह का भी स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य और शिक्षक मौजूद रहे।


पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी।

### कांग्रेसियों ने मनमोहन सिंह का जन्मदिन मनाया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्मदिन मनाया। यूथ कांग्रेस के कार्यालय में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष लारिव मंसूरी, असलम सलमानी, इस्लाम सलमानी ने पूर्व प्रधानमंत्री की लंबी आयु की कामना की। इस दौरान अब्दुल्ला अंसारी, सलमान अल्वी, सलमान कुरैशी, नौशाद, तस्लीम, भूरा फैयाज हुसैन, इस्लाम, रमजानी रहमान, आरिश, शाने आलम आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद व्यापारी।

### खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने की गोष्ठी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा नगर पालिका के सभागार में व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें एफएसएसएआई की ओर से दिल्ली से आईं प्रशिक्षण अधिकारी हरसिमरन कौर ने व्यापारियों को संबोधित कर शुद्ध खाद्य पदार्थों का सेवन करने तथा बेचने की बात कही। प्रशिक्षण में एसडीएम प्रीति सिंह, इंद्र बहादुर यादव मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव, सहायक खाद्य आयुक्त ओमपाल सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने भी व्यापारियों से खाद्य सुरक्षा के मानक अपनाने का आह्वान किया। इस प्रशिक्षण में जुल्फिकार अली, नवनीत सिंघल, हारून अली, कुशाग्र सिंगल, शोभित अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, शाहिद अली, रईस अहमद, विनीत कुमार, सत्य प्रकाश गुप्ता, सलीम अहमद, शाहिद आदि व्यापारी मौजूद रहे। इसी दौरान पालिका परिसर में ही चलित प्रयोगशाला में व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने 70 खाद्य पदार्थों की निशुल्क जांच कराई। वहीं पिलकपुर स्थित सहज डेयरी से दूध का नमूना भी लिया गया। ग्राम दूल्हेपुर में शगुन डेयरी से भी दही और घी के नमूने लिए गए। अलीगंज स्थित एम के ट्रेडर्स से मसाला और नमकीन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजे गए।

### टीकाकरण अभियान की एसडीएम ने की शुरुआत

**छजलैट, अमृत विचार :** गुरुवार को प्रदेश सरकार के डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का आरंभ ग्राम मघपुरी इनायतपुरी स्थित महाराजा शूरसैन इण्टर कॉलेज में उपजिलाधिकारी प्रिंस वर्मा ने किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार तथा कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ. चंद्रशेखर यादव की उपस्थिति में एएनएम शिवांगी ने टीकाकरण किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक अजब सिंह सैनी, प्रधानाचार्य उमेश कुमार, उप प्रधानाचार्य रेनू सैनी, शिखा विश्नोई, अंजली गुप्ता, गीता विश्नोई, विनय विश्नोई, प्रियंका, लक्ष्मी कौर, शालू सैनी, लता कैलाश चंद, रतन कुमार, हेतराम सिंह, शमशाद खान, इंद्र शरन, गौरव चौहान, संतोष व कालेज स्टाफ मौजूद रहा।


प्रमाण पत्र वितरित करते एसडीएम व अन्य।



ठाकुरद्वारा में स्वच्छता ही सेवा की शपथ लेते कर्मचारी।

### स्वच्छता ही सेवा की दिलाई शपथ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम बाजार गंज स्थित राजीव मार्केट में आयोजित किया गया। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर संजीव सिंगल, कमलेश कुमार ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छता शपथ ग्रहण में नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के सफाई कर्मचारी चंचल कुमार, राजकुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार, आकाश, विजेंद्र कुमार, विपिन कुमार, राजेंद्र कुमार, रामकिशोर, फुरकान अली सिद्दीकी, इंदुकांत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


कथा से पहले फीता काटते ब्लॉक प्रमुख के पति व अन्य।

### पूजन के बाद श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सरकड़ा बिश्नोई में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी ने फीता काटकर कथा का आरंभ किया। इस अवसर पर मनोहर सिंह सैनी, आचार्य गजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाल, रवि कुमार सैनी, नागेंद्र कुमार सैनी, बजरंग दल के जिला मंत्री पंकज, साजन शर्मा, क्षेपं सदस्य राजीव कुमार, सुनील चौहान, भारत सिंह सैनी, कमल सिंह सैनी, विजेंद्र सिंह सैनी, नागेंद्र कुमार सैनी आदि रहे।

## एक नजर

### किशोरी प्रेमी के साथ फरार, परिजनों ने दी अपहरण की तहरीर

ढकिया, अमृत विचार : प्रेम प्रसंग के चलते क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी मंगलवार की रात अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। बुधवार की सुबह परिजनों को बेटी के घर से चले जाने का पता लगा। तब उन्होंने पुलिस को आरोपी के खिलाफ अपहरण की तहरीर। मगर पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घर में किशोरी को न देख परिजनों ने उसे तलाश किया। तब पता लगा कि उनकी बेटी को बरेली जनपद के थाना सिरौली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव निवासी युवक भगाकर ले गया है। तब किशोरी के परिजनों ने ढकिया चौकी पहुंचकर पुलिस को नाबालिग का अपहरण कर ले जाने की नामजद तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### गृह कलह में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ खाया

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में परिजनों से विवाद के बाद दो युवकों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों युवकों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। अजीमनगर गांव निवासी आरिफ ब्यूटी पार्लर चलाता है। गुरुवार की सुबह उसका पत्नी से विवाद हो गया। इसके चलते आरिफ ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां युवक की हालत गंभीर बनी है। दूसरा मामला अलीनगर शुमाली गांव का है। यहां रहने वाले शाहनवाज का परिजनों से विवाद हो गया। इस पर पिता ने उसे डांट दिया। इससे क्षुब्ध होकर शाहनवाज ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अजीमनगर चौराहा स्थित निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### यतीमखाना मामले में विवेचक से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में यतीमखाना मामले में गुरुवार को विवेचक से जिरह हुई। यह शुक्रवार को भी जारी रहेगी। सपा शासन में यतीमखाने में बने मकानों पर बुलडोजर चलवाने और लूटपाट करने के मामले में आजम खां और रिटायर्ड सीओ आलेहसन सहित कई सपाइयों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि विवेचक जसपाल सिंह से जिरह हुई। यह शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

# 4 हजार रुपये रिश्वत लेते लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

## लेखपाल ने अपने आवास पर बुलाया था काश्तकार

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

अमृत विचार : तहसील के भीतर एंटी करप्शन की टीम ने एक किसान से घूस लेते हुए लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। पीड़ित से पूछताछ के बाद टीम लेखपाल को कोतवाली ले गई और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबगंज निवासी दीपक डोबाल खेती करता है। करीब डेढ़ माह पूर्व उसके पिता दीवान सिंह डोबाल का देहांत हो गया था। उसे वारिसान बनवाना था। इसके लिए उसने लेखपाल केवेंद्र से संपर्क किया और वारिसान बनाने की गुहार लगाई। लेकिन लेखपाल कई दिन तक टाल-मटोल करता रहा। ज्यादा पीछा करने पर लेखपाल ने दीपक डोबाल से रिश्वत की मांग की। मामला साढ़े 6 हजार में तय हो गया। पीड़ित ने काफी परेशान हो जाने के बाद एंटी करप्शन से संपर्क किया। वहां पूरी तैयारी होने के बाद गुरुवार को पीड़ित तहसील पहुंचा। उसने लेखपाल को रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 4 हजार रुपये दे दिए। रुपये लेकर जैसे ही लेखपाल ने अपनी जेब में रखे, तभी तहसील में खड़ी एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल और रिश्वत देने वाले दोनों को दबोच लिया। पूछताछ के बाद दोनों को कोतवाली ले आई। लेखपाल का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। एंटी करप्शन ब्यूरो के उपनिरीक्षक इश्तियाक अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि लेखपाल के विरुद्ध जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले की जांच और कार्रवाई एंटी करप्शन टीम द्वारा की जाएगी।


आरोपी लेखपाल केवेंद्र।

- मेडिकल के बाद आरोपी लेखपाल को कोतवाली ले गई टीम

### सात माह में पकड़े गए रिश्वत के मामले

1- टांडा में 11 जून को नायब नाजिर को एंटी करप्शन की टीम ने 2400 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

2-कोतवाली क्षेत्र में 24 जून को सीएमओ आफिस में तैनात बाबू एक युवक से 3 हजार की रिश्वत लेते हुआ पकड़ा गया था।

3- मिलक तहसीलदार का पेशकार 11 मार्च को मोहम्मद जुनैद भूमि को आवासीय करने के नाम पर एक किसान से 20,000 रुपए की रिश्वत के साथ पकड़ा गया था।

### पनवड़िया में मरम्मत कार्य के चलते दो घंटे ठप रही बिजली

रामपुर/मसवासी, अमृत विचार : गुरुवार को 132केवी पनवड़िया के स्वीच यार्ड में काम होने के कारण 33 केवी सिविल लाइन क्षेत्र की आपूर्ति सुबह 7:30 से 9:30 बजे तक बंद रही। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दढ़ियाल मार्ग पर देर शाम हाईटेंशन लाइन पर ट्रक पलट गया। इससे नगर सहित आसपास के 3 दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। गुरुवार देर शाम बाजपुर की ओर से एक ट्रक मुरादाबाद जा रहा था। दढ़ियाल से पहले पेट्रोल पंप के नजदीक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पलट गया। इससे हाईटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय बिजली आपूर्ति बंद थी वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मितले ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। जेई सतेंद्र यादव ने बताया कि कर्मचारी एचटी लाइन की मरम्मत कर रहे हैं। शीघ्र ही आपूर्ति सुचारु कर दी जायेगी।

# अधीक्षण अभियंता के अभद्र व्यवहार से व्यापारियों में उबाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद शर्मा से अधीक्षण अभियंता को अभद्र व्यवहार करना भारी पड़ गया। गुस्साए व्यापारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने बेमियादी धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह धरना एसई की पहल पर ही समाप्त होगा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा पीड़ित उपभोक्ताओं और व्यापारियों के साथ पनवड़िया बिजली घर स्थित विद्युत कार्यालय पर अधीक्षण अभियंता महफूज आलम से मिलने गए थे। आरोप है कि जिला अध्यक्ष के साथ उन्होंने बदतमीजी की। इससे गुस्साए व्यापारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर बेमियादी धरने का ऐलान कर दिया। व्यापार मंडल के जिला ने कहा कि विद्युत कर्मचारी ऑफिस में नहीं मिलते हैं। पीड़ित कार्यालय के चक्कर लगाकर चले जाते हैं। बिलों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी मिल रही है। बिल ठीक करने के नाम पर उत्पीड़न हो रहा है। कुछ मामले वर्षों से लंबित हैं। अधिकारी जटिलता पैदा कर रहे हैं। इस संदर्भ में पनवड़िया बिजली घर पर व्यापारियों की समस्या लेकर आए थे। जहां अधीक्षण अभियंता ने समस्याएं सुनने के बजाए बदतमीजी की।

उन्होंने कहा कि चेकिंग के नाम पर अवर अभियन्ता स्तर पर घोर अनियमितता, धांधली, अन्याय व अत्याचार का बोलबाला है। कथित विद्युत चोरी के सभी प्रकरणों में पर्यवेक्षीय अधिकारियों द्वारा प्रभावी पर्यवेक्षण न तो किया गया है, न ही किया जा रहा है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद विवेचना भी मात्र औपचारिकता ही है। राजस्व निर्धारण की प्रक्रिया भी दूषित व शोषण का कारक है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोगों की समस्याओं का निराकरण होने तक बेमियादी धरना जारी रहेगा।


अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे व्यापारी।

### धरने पर यह व्यापारी रहे मौजूद

शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, जगन्नाथ चावला, हरीश अरोड़ा, प्रदीप खंडेलवाल, शहकेब अहमद, इमरान सलीम, राम गुप्ता, अनिल अरोड़ा, मुकेश आर्य, बिलाल शम्सी, हारिस शम्सी, वाजिद खान, उजैर अहमद, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, फारूक, मोहसिन खान, मोनिस जमाल, तौसीफ खान, इरफान उस्ताद, नजमी खान, सुदेश यादव, राजीव अग्रवाल, नूर मोहम्मद खां आदि।


पुरस्कार के साथ मौजूद प्रतियोगी।

## प्राथमिक स्तर पर श्वेता व आंचल रहीं प्रथम

रामपुर, अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गुरुवार को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक के शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों की कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री के माध्यम से शिक्षण अधिगम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्राथमिक स्तर पर श्वेता दूहन और आंचल प्रथम स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता की नोडल तृप्ति चंद्रा ने बताया की निर्णायक मंडल में डॉ.सुनीता, हेमलता वर्मा राजकीय प्रवक्ता खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज व डायट प्रवक्ता डॉ. लता गंगवार ने श्रेष्ठ टीएलएम का चयन किया। इसमें प्राथमिक स्तर पर श्वेता दूहन और आंचल चौधरी प्रथम स्थान पर रहीं। उच्च प्राथमिक स्तर पर रुचि गुप्ता, समन जैन व संजय कुमार प्रथम स्थान पर रहे। डायट संरक्षिका उपशिक्षा निदेशक नीलम रानी टम्टा व वरिष्ठ प्रवक्ता ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र दे कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### कंस वध की लीला देख भाव-विभोर हुए दर्शक

बिलासपुर, अमृत विचार : श्रीकृष्ण लीला मंचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कंस के वध की लीला देख दर्शक भाव-विभोर हो गए। जयकारों के साथ आतिशबाजी छोड़ी गई तथा मैदान में लगे मेले का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया।

गुरुवार की शाम मोहल्ला कायस्थान स्थित कृष्ण लीला मैदान में भगवान श्री कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने कंस वध की लीला का मंचन किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सजे कलाकार ने मैदान कंस के पुतले का तीर मार कर वध किया। तीर लगते ही कंस का पुतला धूं-धूंकर जल उठा। इस दौरान लोगों ने जयकारे लगाए। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष अशोक सक्सेना, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, डा. बलविंदर सिंह, संजय जौहरी, सुभाष रस्तोगी, शिव अवतार सक्सेना, दीपक सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना, भूपराम सैनी आदि मौजूद रहे।

# समिति के चुनाव में लगाया धांधली का आरोप, प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

- सपा के कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों के खिलाफ की नारेबाजी
- सहकारी गन्ना विकास समिति का चुनाव निष्पक्ष कराने की मांग

अमृत विचार : सपा कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों पर सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल एवं सभापति पद के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

गुरुवार को कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य व सहकारी गन्ना विकास समिति के पूर्व सभापति अमरजीत सिंह के नेतृत्व में समिति पहुंचे। उन्होंने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि समिति के प्रतिनिधि/डेलीगेट पद का नामांकन दाखिल करना था। लेकिन निर्वाचन अधिकारी और समिति के सचिव गायब हो गए। बताया कि प्रतिनिधि का चुनाव होने के बाद प्रतिनिधि ही समिति के 11 डायरेक्टर का चयन करेंगे। इसके बाद डायरेक्टर सभापति और उपसभापति का चयन होगा। कहा कि अधिकारी सत्ता के दबाव में चुनाव में धांधली करा रहे हैं। उन्होंने चुनाव को निष्पक्ष कराने की मांग की।

इस मौके पर दर्शन सिंह बरार, मोहम्मद आरिफ खां अरोमा, रणधीर सिंह, राधेश्याम लोधी, प्रतिपाल सिंह,महेंद्र सिंह, हरचरण सिंह, प्रेमशंकर, निशान सिंह, दलजीत सिंह, निर्मल सिंह, सुच्चा सिंह, सुरजीत सिंह, बलविंदर सिंह, बलजीत सिंह, दुर्गादास लोधी, हरपाल लोधी आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### जैव ईंधन उत्पादन में प्रयोग कर सकते हैं फसलों के अवशेष

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि फसल अवशेषों का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन में किया जा सकता है। रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता में वृद्धि की जा सकती है। फसल अवशेष मृदा में जल धारण क्षमता को बढ़ाता है। फसल अवशेष के प्रबंधन से वातावरण को प्रदूषण से भी बचाया जा सकता है। कॉलेज में गुरुवार को फसल अवशेष प्रबंधन की आवश्यकता विषय पर परिचर्चा हुई। रेनू देवी ने फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ बताए। कहा कि समय पर फसल अवशेष प्रबंधन कर लिया जाए तो अगली फसल की समय पर बुआई संभव है। फसल अवशेषों को खेत में बिछाने से वायु एवं जल से होने वाले मृदा क्षरण से बच सकते हैं। शमीम खान ने बताया कि भूसा, तना, डंठल, पत्ते व छिलके आदि फसल अवशेष कहलाते हैं। फसल अवशेष मृदा में जल धारण क्षमता को बढ़ाता है। छात्राओं को समझाया कि फसल प्रबंधन क्यों जरूरी है। इस अवसर पर बबीता गुप्ता, नाजिया, अफीफा, तबस्सुम, खतीजा मेहनाज, नेहा आदि उपस्थित रहीं।


फसल अवशेष प्रबंधन पर हुई परिचर्चा में बोलती छात्रा।

### सैफनी के इरशाद ने गगोर के बाबर को पछाड़ा

सैफनी, अमृत विचार : भूड़ा आश्रम पर चल रहे 10 दिवसीय किसान मेले में चल रहे विराट दंगल के नवें दिन कुश्ती का पहला मुकाबला बुलंदशहर के शक्तिमान और अजमेर शरीफ के बाबर के बीच हुआ। इसमें शक्तिमान ने जीत हासिल की। वहीं कलियर के राजा ने पंजाब के तूफान, कलियर के मंसब ने बुलंदशहर के टोनी, गगोर के बाबर ने चंबल घाटी के काला कोबरा, हरिद्वार के शास्त्री ने वाघा के कालीघटा, जनेटा के तौसीफ ने हरियाणा के मोनू को पछाड़ कर मुकाबले अपने नाम कर लिए। इनके अलावा सैफनी के जुबैर और घोसीपुरा के काशर के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। सैफनी के इरशाद और गगोर के बाबर पहलवान के बीच कई मिनट चले मुकाबले के बाद इरशाद पहलवान ने बाबर को पछाड़ कर यह मुकाबला अपने नाम कर लिया। ठेकेदार के पिता कासिम पहलवान ने जीते और हारे हुए पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


विराट दंगल में कुश्ती लड़ते इरशाद और बाबर पहलवान।

### दादा-दादी ने बच्चों से साझा किए अपने अनुभव

रामपुर, अमृत विचार : नारायणा ई-टेक्नो स्कूल (ई-किड्स) में ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के दादा-दादी ने प्रतिभाग कर अपने अनुभव और प्रेम को साझा किया। गुरुवार को स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल और मनोरंजक गतिविधियां भी हुईं। दादा-दादी ने अपने बच्चों और पोते-पोतियों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। संगीत, नृत्य और कला का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने परिवार के सदस्यों के बीच प्यार और सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया। स्कूल की एजीएम डॉ .उजमा कमर और प्रधानाचार्य नगमा खान ने दादा-दादी को सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने दादा-दादी के लिए विशेष उपहार और संदेश तैयार किए। ई-किड्स की उप प्रधानाचार्य ज्योति और अन्य अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम का आयोजन बेहतर तरीके से किया। यह आयोजन न केवल दादा-दादी के लिए एक सम्मान था, बल्कि बच्चों को अपनी जड़ों और परंपराओं के बारे में जानने का एक अवसर भी था। अंत में प्रधानाचार्य नगमा खान ने दादा-दादियों आभार जताया। मुख्य अतिथि सीनियर सिटीजन सोशल वेलफेयर क्लब की संस्थापक सोनिया गुप्ता, अलका जैन और रानी आदि उपस्थित रहीं।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व दादा-दादी।

### धमाके के साथ फुंका ट्रांसफार्मर, दो दिन से आपूर्ति ठप

मसवासी, अमृत विचार : मझरा घोसीपुरा का ट्रांसफार्मर तेज धमाके के साथ फुंक गया। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुस्साए ग्रामीणों ने फुंका ट्रांसफार्मर न बदल जाने पर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्राम पट्टीकला के मझरा घोसीपुरा का 250 केवीए का ट्रांसफार्मर 2 दिन पूर्व तेज धमाके के साथ फुंक गया था। विभागीय कर्मचारियों से शिकायत करने के बाद भी फुंका ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। गुरुवार को उन्होंने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद शाहरुख, दिलशाद ,जुबैर, इमरान आदि शामिल रहे।

### दो दिन में 125 युवाओं ने किए आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : नारायना ग्रुप ऑफ स्कूल में रोजगार देने के मकसद से दूसरे दिन भी युवाओं की मौजूदगी बनी रही। एक कमेटी का गठन करके युवाओं का साक्षात्कार लिया गया। दो दिन में 125 युवाओं ने आवेदन किया है। गांधी समाधि के निकट नारायना स्कूल ने शहर के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए युवाओं से आवेदन मांगे गए थे। दो दिन में 125 आवेदन मिले हैं। इनमें से 90 आवेदकों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया। एजीएम डॉ .उजमा कमर ने बताया कि अभी तक 30 से ज्यादा युवाओं की नियुक्तियां की गई हैं। गुरुवार को स्कूल परिसर में कमेटी ने बेरोजगार युवाओं का किया। कमेटी 35 युवाओं को रोजगार देगी। इस दिशा में 60 से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। इसी प्रक्रिया में 35 नियुक्तियां और दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि नौकरी में शहर के युवाओं को ही वरीयता दी जाएगी।


नौकरी के लिए साक्षात्कार देता युवक।

# गैस सिलेंडर से लगी आग में जलकर महिला की मौत

संवाददाता, सैदनगर

- अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया आकिल में हुई घटना

अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर से भड़की आग ने महिला की जान ले ली। रसोई में खाना बनाते समय महिला आग की चपेट में आ गई थी। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का है। यहां रहने वाले निजामुद्दीन उर्फ बबलू की पत्नी रुशदा (22) बुधवार की शाम रसोई में खाना बना रही थी। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर रुशदा के कपड़ों में आग लग गई। वह चिल्लाते हुए रसोई से बाहर भागी। महिला के कपड़ों से आग की लपटें उठती देख परिजनों के होश उड़ गए। किसी तरह परिजनों ने आग बुझाई, लेकिन तब तक वह बुरी तरह झुलस चुकी थी। हालत नाजुक होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

### मां की मौत के बाद बच्चे का ख्याल कौन रखेगा

रूशदा की शादी 4 साल पहले नगलिया आकिल के निजामुद्दीन उर्फ बबलू के साथ हुई थी। उनका 3 वर्षीय बेटा है। निजामुद्दीन बाजारों में हलीम बिरयानी बेचने का काम करता है। पत्नी की मौत के बाद उसका रो रोकर बुरा हाल है। उसके 3 साल के बच्चे की देखरेख अब कौन करेगा। क्योंकि वह काम के सिलसिले में अधिकांश समय घर से बाहर ही रहता है।

### बिजली चेकिंग करने गई टीम से अभद्रता, 4 पर रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : बिजली की चेकिंग करने पहुंची टीम से मोहल्ले के लोगों ने अभ्रद व्यवहार करते हुए धक्का-मुक्की की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 3 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शहर में लगातार हो रही बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत निगम के अधिकारी सक्रिय हैं। गुरुवार तड़के एसडीओ संजीव कुमार रवि के साथ जेई और बिजली कर्मी मोहल्ला घेर सर्वदयाल में चेकिंग करने लगे। इस बीच कुछ लोगों के घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। बिजली कर्मचारी उनके कनेक्शन काटने लगे तो लोग एकत्र हो गए। इस दौरान शादाब, एजाज, दिलगीर और एक अज्ञात ने टीम से धक्का-मुक्की की। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अवर अभियंता संजीव चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# धर्म छिपाकर मुस्लिम युवक ने कर्नाटक की हिन्दू युवती से किया विवाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कर्नाटक की एक युवती कुछ हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची। उसने धोखे से शादी करने का आरोप लगाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

विश्व हिन्दू महासंघ के मेरठ प्रांत के प्रमुख अनिल वशिष्ठ के नेतृव में लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके साथ कर्नाटक की एक युवती भी थी। उसने सिटी मजिस्ट्रेट को बताया कि वह कर्नाटक में ब्यूटी पार्लर चलाती थी। इस दौरान रवि नाम का युवक उसके पास आया। उसने खुद को अनाथ बताया था। इस पर युवती ने उसे ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिए रख लिया। इसके बाद दोनों में प्रेम हो गया। बाद में आरोपी युवक उसे अपने गांव केमरी ले आया और अलग घर में रखने लगा। इस बीच युवती को पता चला कि रवि असल में मुस्लिम है। इस जानकारी के बाद वह काफी परेशान हो गई। उसने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ज्ञापन देने वालों में अविनाश पटेल, रामेंद्र गुप्ता, संजीव जैन आदि मौजूद रहे। महिला का कहना है कि वह 6 माह की गर्भवती है। आरोपी उसके करीब 15 लाख रुपये लेकर फरार हो गया।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी।

- पीड़िता ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर लगाई कार्रवाई की गुहार

### नगर में अतिक्रमणकारियों के काटे चालान

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार और पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने गुरुवार को एक टीम का गठन किया। टीम ने माठखेड़ा मार्ग पर पुरानी तहसील रोड और सिनेमा रोड आदि मार्गों पर अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अतिक्रमण करने वाले 9 व्यक्तियों के चालान काटकर 4500 रुपये का जुर्माना डाला।

इस दौरान ईओ ने अतिक्रमणकारियों को जमकर हड़काया। इस कार्रवाई से नगर में अतिक्रमण को लेकर पूरे दिन खलबली मची रही। ईओ ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसलिए अतिक्रमण करने वाले स्वयं ही कब्जा हटा लें, अन्यथा जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। टीम में लेखाकार प्रदीप सक्सेना, अनिल सक्सेना, कमल सक्सेना, राजीव कुमार, सोनू आदि शामिल रहे।


यूसुफ नगर में लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## लेखपाल पर फसल उजाड़कर सड़क बनवाने का आरोप लगाया

संवाददाता, ढकिया

अमृत विचार : यूसुफ नगर के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि लेखपाल ने माधुरी और उनेश की खेत में खड़ी धान, बाजार व उड़द की फसल को जेसीबी से खुर्दबुर्द करके सड़क बनवा दी। खेत में खड़े नीम और यूकेलिप्टस के पेड़ों को भी कटवा दिया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने पेड़ व फसल को कटवाने वाले लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद वह कलेक्ट्रट पहुंचे और लेखपाल के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में हरकेश, खूबकरन, नौबत सिंह, भूरे सिंह, लालाराम, इंद्रपाल, हरपाल, पिंटू, राजेश, छत्रपाल, अमरपाल आदि शामिल रहे।

### कचहरी में अधिवक्ता आपस में भिड़े, हंगामा

रामपुर, अमृत विचार : गुरुवार को कचहरी परिसर में अधिवक्ता मामूली बात को लेकर भिड़ गए। इससे वहां हंगामा हो गया। लोगों का कहना है कि अधिवक्ता का अपनी बहन से विवाद चल रहा है। उसी को लेकर मामला गरमा गया था।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी रिटायर्ड शिक्षक का कहना था कि उसने अपनी बेटी की शादी 1 दिसंबर 2023 को जिला बरेली के थाना सीबी गंज निवासी प्रमोद से की थी। कुछ दिनों पहले वह मायके आई थी। इसी बीच उसका प्रेमी धर्मेंद्र लोधी अपने साथियों प्रताप व शीला के साथ घर में शिक्षक और उसके परिजनों को नशा सुंघाकर जेवर व नकदी चुराकर ले गया था। लोगों का कहना है कि महिला अपने प्रेमी के साथ एक अधिवक्ता के चेंबर में बैठी थी। तभी युवती का भाई आ गया। इसके बाद अधिवक्तों में मारपीट हुई और हंगामा हो गया। पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में ले लिया है।

# खोखो अंडर-14 में दिल्ली सिटी स्कूल बुलन्दशहर की टीम जीती

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : होली चाइल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर-19 खो-खो प्रतियोगिता में तीसरे दिन छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय में चल रहे 4 दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-अंडर-19 खो-खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग के तीसरे दिन छात्राओं ने अपने खेल का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन किया।

गुरुवार को 1 से 6 कोर्ट में 23 मैच खेले गए। सीबीएसई पर्यवेक्षक सोनू कुमार, तकनीकी प्रतिनिधि मुशीर खां की देखरेख एवं विद्यालय के एचओडी फिजिकल एजुकेशन व आयोजन के सचिव सुधाकर सिंह की उपस्थिति में प्रतियोगिता संचालित हो रही है। अंडर-14 आयु वर्ग में परमहंस पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, दिल्ली सिटी स्कूल बुलन्दशहर, अंगूरी देवी पब्लिक स्कूल मथुरा और लाला राधेश्याम एकेडेमी नगीना की टीम विजयी रही। अंडर-17 आयु वर्ग में कृष्णा विद्या निकेतन, मुरादनगर, ग्रीन विंडो स्कूल मुरादाबाद, देहरादून पब्लिक स्कूल गोविन्दपुरम, गाजियाबाद और होली चाइल्ड स्कूल की टीम ने जीत हासिल की।

अंडर-19 आयु वर्ग में पीजीएम इन्टरनेशनल एकेडेमी मेरठ, होली पब्लिक स्कूल आगरा, नोएडा एजुकेशनल एकेडमी नोएडा, हिलमैन पब्लिक स्कूल आगरा की टीम विजयी रही। इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य एडमिन प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य अकादमिक मंजू अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### एकमुश्त ऋण जमा करने पर पाएं लाभ

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा वाजपेयी ने बताया कि निर्धारित ऋण अवधि पर साधारण ब्याज के साथ अवशेष धनराशि की एकमुश्त वसूली की जानी है। इस प्रकार शेष अवधि का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि ब्याज एवं दंड माफ कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से लाभान्वित व्यक्ति भी इस योजना का लाभ पाने के हकदार होंगे। एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की अवधि प्रबन्ध निदेशक निगम मुख्यालय लखनऊ द्वारा 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक निर्धारित की गई है। निगम के ऐसे सभी बकायेदार जिनके ऋण ओवरड्यू (3 वर्ष से पूर्व) के हो चुके हैं और ऋण की अदायगी एकमुश्त करना चाहते हैं व कार्यालय से सम्पर्क कर लाभ पा सकते हैं।

### वर्षा से खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को भाकियू असली से जुड़े किसानों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नवागत उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को सौंपा। मांग की कि बारिश से तमाम फसल बर्बाद हो गई हैं। उनका सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए। जिला अध्यक्ष हाजी रफीक के नेतृत्व में किसान एसडीएम से मिले। इस मौके पर नन्हें खां, भूरे खां, छिद्दू खां, कल्लू राम आदि शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षकों ने निकाला पैदल मार्च

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अटेवा के जिला अध्यक्ष दिगपाल गंगवार के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों ने आंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए नारे लगाते चल रहे थे। उनके हाथों में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पट्टिकाएं थीं। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कर्मचारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि जब तक सरकार हमें पुरानी पेंशन नहीं देती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मार्च में सभी शैक्षिक संगठनों के साथ शिक्षक और कर्मचारी भी शामिल रहे।

अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर पूरे देश व प्रदेश में गुरुवार को पैदल मार्च निकाला गया। अटेवा के जिला अध्यक्ष के नेतृव में शिक्षक आंबेडकर पार्क पर एकत्र हुए। इससे


आंबेडकर पार्क में धरने में मौजूद विभिन्न संगठनों के कर्मचारी।

पहले धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन एक रास्ता है। कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन दो या माननीयों की भी बंद करो। प्रदेश के लगभग 14 लाख शिक्षक कर्मचारी व अधिकारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार ने नई पेंशन स्कीम एनपीएस दी थी उसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। एनपीएस में शिक्षक कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के रूप में मात्र 92,800, 1200 व 2800 रुपये मासिक पेंशन मिल रही है। यह मानवीय दृष्टिकोण से ठीक नहीं है।

प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष कैलाश पटेल ने कहा कि पेंशन कर्मचारियों का हक है जो उन्हें मिलना ही चाहिए। पीडब्ल्यूडी वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष इकबाल अहमद ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पीडब्ल्यूडी मिनिस्ट्रियल एडमिनिस्ट्रेशन संघ के क्षेत्रीय महामंत्री अंकुर कंसल ने बताया कि कर्मचारी वर्षों से पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजवीर ने कहा पेंशन आज के समय में बहुत जरूरी है जिसके लिए हम संघर्षरत हैं। मिनिस्ट्रियल संगठन के लववीर ने कहा कि हम यूपीएससी से खुश नहीं हैं। विशेष बीटीसी के जिला अध्यक्ष जगदीश पटेल ने कहा सरकार ने उलट-पलट स्कीम लागू की है। यूटा की जिला अध्यक्ष हेमलता ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस कर्मचारियों के लिए बहुत नुकसानदेह है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रवेंद्र गंगवार के कहा कि ओपीएस पर सबको संगठित होना चाहिए। इसके बाद कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला गया।



गुरुवार को कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालते कर्मचारी।

### धरने में यह लोग रहे मौजूद

रामप्रवेश यादव, रविंद्र आर्य, सुनील कुमार, हरद्वारी लाल, संगम शुक्ला, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, नेत्रपाल, चंद्रशेखर, शुभम शुक्ला, अजय कुमार, दीपक त्यागी, अमित कुमार, सीमा, उपमा, स्वेता, आंचल चौधरी, डॉक्टर राजवीर सिंह, अंजुम स्नेही सक्सेना, रवेंद्र गंगवार, हेमलता सिंह, राम चन्द्र, मंगल, रामबहादुर, अनुपम गंगवार, राजीव कुमार आदि।

## सार संक्षेप

### तंबाकू संबंधी रोग और उनसे बचाव की दी जानकारी


कलेक्ट्रेट में धूम्रपान करने वालों का चालान करती टीम।

**रामपुर, अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने कोटपा अधिनियम की धारा 4 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में अभियान चलाकर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। इसमें विभिन्न प्रकार के तंबाकू के उत्पादों का सेवन करने वाले 14 लोगों से 1540 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके अलावा तहसील सदर में तंबाकू मुक्त ग्राम अभियान चलाया गया। इसके तहत ग्राम हरैटा, हाजी नगर, धनपुरा, मिलक मिर्जा को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को तम्बाकू संबंधी रोग एवं उनसे बचाव की जानकारी दी गई।


बसपा की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### मेहनत के साथ पार्टी के काम में जुटें कार्यकर्ता : प्रमोद

**रामपुर/मिलक, अमृत विचार :** बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि कार्यकर्ता मेहनत के साथ पार्टी के काम में लग जाएं। घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। बहुजन समाज पार्टी की बैठक मिलक विधानसभा क्षेत्र के तीन बत्ती चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर में हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का जो काम बसपा ने किया वह आज तक कोई सरकार नहीं कर पाई है। कार्यकर्ता अपना मनोबल बनाए रखें। दावा किया कि 2027 के चुनाव में बहन मायावती पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनेंगी। मुरादाबाद मंडल प्रभारी ओंकार सिंह ने कहा कि बहन जी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं बखूबी निभाऊंगा। बैठक में ज्ञान प्रकाश बौद्ध, रमेश श्रीवास्तव, महेंद्र सागर, किशोरी लाल प्रजापति, शाकिर रजा खां, नत्थू लाल गंगवार, प्रेम प्रकाश आर्य, नवनीत यदुवंशी, परमानंद श्रीवास्तव, रामजीवन गौतम, सुरेंद्र पाल सिंह गंगवार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर जिला अध्यक्ष ने स्वागत किया।

# स्वच्छ पानी पर निर्भर है सभी का जीवन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि स्वच्छ व पीने योग्य पानी की उपलब्धता पर सभी निर्भर हैं। लेकिन आज पृथ्वी पर एक प्रतिशत पानी ही पीने योग्य बचा है। ऐसे में जल संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाकर हम सभी पानी की कमी को दूर कर सकते हैं। रेडिको खेतान इस दिशा में कार्य कर रही है। इससे रामपुर को लाभ हुआ है।

रेडिको खेतान के तत्वावधान में सीएसआर कार्यक्रम के तहत जैन इंटर कालेज में वाटर कूलर लगाया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक ने वाटर कूलर का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को पानी की उपलब्धता व जल संरक्षण आदि के बारे में जानकारी दी। कहा कि एक व्यक्ति बिना



जैन इंटर कॉलेज में प्याऊ का उद्घाटन करते विधायक आकाश सक्सेना।

पानी के सिर्फ 3 दिन तक जिंदा रह सकता है। पृथ्वी पर 70 प्रतिशत पानी होने के बाद भी सिर्फ 1 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। रेडिको खेतान के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि रामपुर के विकास में आगे भी कंपनी का सक्रिय योगदान रहेगा। रेडिको खेतान की सीएसआर हेड अनीता चौहान ने बच्चों को जल संरक्षण व जल दोहन के बारे में जानकारी दी। कंपनी के उपाध्यक्ष इंजीनियर एंड प्रोजेक्ट विकास सक्सेना ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी कंपनी विकास में सहयोग करती रहेगी।

इस अवसर पर जैन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा, जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन खंडेलवाल, सर्वेश जैन खंडेलवाल, दिनेश जैन सेठी आदि उपस्थित रहे।

### शौचालय बनवाने को ऑनलाइन करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि जनपद में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का लक्ष्य 15,296 निर्धारित है। इसके सापेक्ष 8,694 शौचालयों का निर्माण कराते हुए 56.84 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है।

बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों के बैंक खाते में 6,000 रुपये की दो किश्त जमा की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए वही लोग पात्र होंगे जो अनुसूचित जाति, जनजाति के हों। इस योजना के लिए भारत सरकार द्वारा जारी वेबसाइट के माध्यम से आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की जानकारी फीड कर आवेदक द्वारा स्वयं के मोबाइल, लैपटॉप या जनसेवा केंद्र से आवेदन किया जा सकता है।

# गांधी जयंती पर दिखाई देगी कई राज्यों की संस्कृति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गांधी जयंती पर व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के बच्चे शहर की सड़कों पर परेड के माध्यम से देश के तमाम राज्यों की संस्कृति को प्रस्तुत करेंगे। जिस तरह दिल्ली में होने वाली 26 जनवरी की परेड में देखने को मिलता है कुछ उसी तरह की झलक रामपुर के लोगों को भी दिखाई देगी।

राहे रजा स्थित एक होटल में गुरुवार की शाम पत्रकार वार्ता में व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बसंत गुप्ता ने बताया कि इस बार गांधी जयंती कुछ अलग तरह से मना रहे हैं। रैली से तमाम राज्यों की विरासत दिखाई जाएगी ताकि उन्हें पुनर्जीवित किया जा सके। रैली में बाघा बार्डर की झलक देखने को


पत्रकार वार्ता में बोलतीं डॉ. बसंत गुप्ता।

मिलेगी। 2 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे कृष्णा पुल के नीचे से रैली शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए तमाम झांकियां गांधी समाधि पर शाम को करीब 6 बजे पहुंचेंगी। इनमें जनजाति नृत्य, रासलीला, मेड इन इंडिया एवं गोवा की संस्कृति को नृत्यों एवं पोशाकों के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. सौरभ गुप्ता, क्वीनी फर्नाडेय, बजमी जहरा, अजीत सिंह, नीता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### फार्मेसी और फार्मासिस्ट की महत्ता की दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए फार्मेसी तथा फार्मासिस्ट की महत्ता के बारे में जानकारी दी। भविष्य में फार्मेसी के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर दीक्षित कॉलेज आफ फार्मेसी एंड रिसर्च में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने फूड स्टॉल, मेडिकल स्टॉल एवं कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल मुख्य अतिथि रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में रश्मि प्रथम, मोहम्मद असद द्वितीय तथा पीयूष चंद्रा तृतीय स्थान पर रहे। महाविद्यालय के संस्थापक पंडित जागेश्वर दयाल दीक्षित ने आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा की। छात्र-छात्राओं को निरंतर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान प्रबंधक विकास दीक्षित, प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित, विभाग अध्यक्ष विजय सिंह, विमल मोहन पांडेय, मोहित त्यागी एवं समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


कॉलेज में पौधरोपण करते पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल।


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला गंगा समिति नमामि गंगे के अधिकारी लव कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता के तहत कन्या इंटर खारी कुंआ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम हुआ।

इसके तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने स्वच्छता का महत्व बताया। घर-परिवार एवं कॉलेज को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुषमा रानी, वेद कुमारी सोन, सुनीता देवी, अंजली मेहरोत्रा, शेष कुमारी वर्मा, अनीता सक्सेना, संगीता रस्तोगी, रूपम सक्सेना आदि शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया।

### कल्पवृक्ष है श्रीमद भागवत कथा : कन्हैया लाल

**रामपुर, अमृत विचार :** कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कथा के दूसरे दिन भक्तों को शुकदेव आगमन और शिव विवाह के बारे में बताया। कहा कि संसार के प्रति वैराग्य न हो और ईश्वर के प्रति प्रेम जाग्रत न हो तो कथा सुनने का कोई लाभ नहीं है।

गो सेवा गोपाल सेवा समिति की ओर से आदर्श कालोनी स्थित आदर्श धर्मशाला में कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथा वाचक पंडित कन्हैया लाल मिश्र ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा कल्पवृक्ष है। कल्पवृक्ष रूपी भागवत को सुनने से सारी कामनाएं पूर्ण होती है। भागवत कथा सुनने से जीव को समस्त तीर्थ का लाभ मिल जाता है। इस मौके पर सीमा अग्रवाल, रतन प्रकाश, बीना अग्रवाल, आशा शर्मा, विनय शील, सीमा सक्सेना, रामकिशोर वर्मा, राजारानी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वार-टांडा विधायक ने पालिका कर्मचारियों के साथ नगर में झाड़ू लगाई। कहा कि लोगों को साफ-सुथरा रहने के लिए जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता है। आसपास के माहौल को स्वच्छ व हरा भरा बनाने के लिए काम करना चाहिए।

गुरुवार को स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने स्वच्छता अभियान के तहत नगर में झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विधायक ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। मेरी पहली प्राथमिकता नगर पालिका परिषद व विधानसभा स्वार-टांडा में सफाई-व्यवस्था को बेहतर रखना है। स्वच्छ भारत अभियान ने देश को स्वच्छता के मामले में


स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाते विधायक शफीक अंसारी। ● अमृत विचार

आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अभियान न केवल देश को स्वच्छ बनाने में मदद करता है बल्कि उसे अपनाने के लिए प्रेरित करता है। हम सभी को स्वच्छ और स्वस्थ भारत की ओर बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घर के साथ घरों के बाहर भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का आह्वान किया। अगर सफाई व्यवस्था ठीक होगी तो लोग भी स्वस्थ रहेंगे।

इस मौके पर शफीक अहमद, सभासद अकील अंसारी, शावेज खां हबीब कुरैशी, सरफराज अहमद, अनवर अली, शाहिद अली, गुलवेज अहमद, सफदर पधान, अकील खां, तौसीब अहमद, जमील अंसारी, सर्वेश कुमार, कैलाश एकलव्य समेत पालिका के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।


## खोया-पाया

मैंने एक प्लाट का बैनामा प्रभुदयाल पुत्र श्री वट्टराम निवासी बबराला से कराया जिसका पता पुस्तक सं.-1 खण्ड- 433 के पृष्ठ संख्या 337 से 344 क्र0सं0 3970 पर दिनांक 01/11/1995 रजिस्ट्रीकृत है। दूसरा वैनामा जुखना देवी पत्नी श्री पिट्टूलाल व दौलतराम व हरप्रसाद पुत्र श्री पिट्टूलाल व तेजपाल पुत्र रोहन व श्रीमती अनारादेवी पत्नी रोहन निवासी बबराला से कराया था जिसका पता पुस्तक संख्या-1 खण्ड-434 के पृष्ठ संख्या-365 से 368 पर क्र0सं0 4012 पर दिनांक. 06/11/1995 पर रजिस्ट्रीकृत है। दोनों बैनामे वास्तव में खो गए हैं।
श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री रामचन्द्र नि- बबराला तह. गुन्नौर जिला- सम्भल

## सूचना

मेरा पुत्र दीनदयाल उर्फ जीटर व इसकी पत्नी देवकी (पुत्रवधू) पौत्र शानू बुरी संगत में पड़ गये हैं। मेरा पुत्र, पुत्रवधू, पौत्र मेरे साथ आये दिन मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते रहते हैं। मैं इन सभी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं एवं सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। इन सभी के द्वारा किये गये लेन- देन व कुकृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **राधेश्याम पुत्र बुददा निवासी- ग्राम पैगम्बरपुर सुखवासीलाल तह. कांठ, जिला मुरादाबाद (उ.प्र.)**

## नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम सईम अहमद SAIEM AHMAD था। अब मेरा सईम अहमद पुत्र इदरीस अहमद (SAIEM AHAMAD S/O IDRIS AHAMAD) DOB-05/07/1990 हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
सईम अहमद पुत्र इदरीस अहमद
पता : ग्राम कुआँ खेड़ा पोस्ट वासीपुर तहसील धनौरा जिला अमरोहा- 244231

## सूचना

मेरा एक बैग जिसमें मेरे मकान का इकरारनामा दिनांक 04.02.2011 इकरारी श्रीमती शबाना खानम मौसूमें खुद जिसकी रजिस्ट्री बही सं0 1 जिल्द सं0 4600 पर पृष्ठ सं 103 से 116 पर उप निबन्धक कार्यालय अमरोहा में रजिस्ट्री की गयी थी। उक्त इकरार नामें के साथ अन्य प्रपत्र भी थे जो दिनांक 06.08.2024 को करीब 11 बजे तहसील परिसर अमरोहा अपने कागजात का मुआयना कराने गया था जो वास्तव में कहीं खो गया है। **फहीम अहमद खां पुत्र वजीर अहमद खां निवासी मौहल्ला अफगानान थाना अमरोहा नगर जिला अमरोहा मो0 9219760271**

## नाम परिवर्तन

मेरे पिता का नाम उनके पासपोर्ट, आधार कार्ड व पेन कार्ड में नवलेश कुमार है। लेकिन मेरे हाई स्कूल की मार्कशीट में नवलेश गुप्ता लिख गया है। अतः मेरे पिता का नाम नवलेश कुमार ही समझा जाये।
हिया गुप्ता पुत्री नवलेश कुमार
82 इंद्रा चौक बबराला (संभल)


## जुनून

किसान मेले में लगे मौत के कुएं में खतरनाक स्टंट करके कर रहीं हैं जीवन यापन

# घर चलाने को मौत का सफर कर रहीं रुखसाना

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** नगर में चल रहे 10 दिवसीय ऐतिहासिक किसान मेले में मौत का कुआं काफी चर्चा में है। बिहार की रुखसाना गृहस्थी की गाड़ी खींचने के लिए जान जोखिम में डालकर मौत के कुएं में खतरनाक स्टंट दिखा रही है। महिला के कारनामे को देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंच रहे हैं।

बिहार के किशनगंज के चूड़ी पट्टी गांव निवासी रुखसाना खातून ऐतिहासिक किसान मेले में चर्चा में बनीं हैं। मेले में झूले, मीना बाजार और खाने-पीने के स्टॉल लगे हैं। मेले में मौत का कुआं भी लगा है। इसमें कई बाइकों और 2 कार एक साथ चलाकर तरह-तरह के स्टंट दिखाए जा रहे हैं। इन्हें देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़


मौत के कुएं में बाइक के साथ खड़ीं रुखसाना खातून।

रही है। रुखसाना खातून कुएं में बाइक चलाने के अलावा, हाथ छोड़ कर बिना सपोर्ट कार की छत पर बैठकर ऐसे खतरनाक स्टंट दिखा रही हैं, जिससे देखने वाले दर्शकों की सांसें अटक रहीं हैं। दर्शक उत्साह में भरकर रुखसाना खातून के हाथ में चलती गाड़ी पर ही इनाम के रूप में नोट पकड़ा रहे हैं। तालियों की गड़गड़ाहट और लोगों का प्यार देखकर उनके दिल से मौत का डर निकल गया है।

### पति की मौत के बाद आई आर्थिक तंगी ने बनाया खतरों का खिलाड़ी

रुखसाना खातून ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि उनके पति नजीर का 9 वर्ष पहले सड़क हादसे में देहांत हो गया था। इसके बाद उनकी एक वर्ष की बेटी नजारा और अन्य सदस्यों की जिम्मेदारी उन पर आ गई थी। बेटी को अच्छी परवरिश देने और गृहस्थी चलाने के लिए काम की बहुत जरूरत थी। उनके पास कोई काम नहीं था। पैसों की बहुत तंगी थी। एक जगह मेला लगा था। उसमें लगे मौत के कुएं में एक महिला बाइक चला कर स्टंट दिखा रही थी। उसे देखकर उनके मन में भी आया कि परिवार को चलाने के लिए यह खतरनाक काम वह भी कर सकती हैं। उन्होंने अपने उस्ताद मौत के कुएं के मालिक रिजवान से गाड़ी सीखने की इच्छा जाहिर की। 6 महीने की कड़ी मेहनत के बाद रुखसाना खातून कुएं में बाइक से खतरनाक स्टंट दिखाने लगीं। शो में उन्हें अब काफी मजा आता है। कहा कि उनके हुनर को देख कर जब लोग तालियां बजाते हैं तो अंदर से एक अलग जुनून पैदा होता है। इससे वह और भी अच्छा स्टंट कर पाती हैं। अंदर का डर खत्म हो जाता है।


निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

# स्कूल को भी घर की तरह रखें स्वच्छ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने कहा कि जिस तरह हम घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी तरह विद्या के मंदिर को भी स्वच्छ रखना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य ही समाज और देश को आगे बढ़ाना है। छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

गुरुवार को कालेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत पर निबंध प्रतियोगिता हुई। स्वयंसेविकाओं ने निबंध के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। छात्रा विदुषी मौर्य ने लिखा स्वच्छता अभियान गांधी जी से प्रेरित है। आसमां ने एक सवेरा लायेंगे पूरे भारत को स्वच्छ बनाएंगे। मेघा ठाकुर, अंशिका, सिमरन, शीतल, समरीन, शिवानी, फात्मा, अलीजा, तसरीबा, नैना, कल्पना आदि स्वयंसेविकाओं ने निबंध में अपनी बात रखी। निर्णायक मंडल में डॉ. अंकिता एवं डॉ. मनोरमा चौहान रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीती लता, डॉ. मोहम्मद कासिम ने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।


## सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की लाजपत नगर योजना, मुरादाबाद में स्थित उच्च आय वर्ग भवन संख्या ए/528 का आवंटन प्रदेशन पत्र संख्या 5221/सं0प्र0/528/एचआईजी / दिनांक 19.10.1983 द्वारा श्री मदन मोहन भारद्वाज पुत्र श्री जी. के. भारद्वाज, के पक्ष में आवंटित किया गया था जिसका आवंटी ने दिनांक 30.09.1992 को इस कार्यालय से पट्टा विलेख/विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 30.11.1983 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। श्री मदन मोहन भारद्वाज द्वारा दिनांक 29.09.1992 को श्री जगदीश मन्टोलिया पुत्र श्री मुन्ना लाल को मुख्तारेआम नियुक्त किया गया। श्री मदन मोहन भारद्वाज के मुख्तारेआम श्री जगदीश मन्टोलिया पुत्र श्री मुन्ना लाल, निवासी 100, लाजपत नगर, मुरादाबाद द्वारा उक्त भवन श्रीमती मधु अग्रवाल पत्नी श्री श्याम मोहन व श्री कृष्ण मोहन पुत्र श्री श्याम मोहन, निवासीगण लाजपत नगर, मुरादाबाद, के पक्ष में दिनांक 22.06.1996 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्री कृष्ण मोहन अग्रवाल एवं श्री सुनीत मोहन अग्रवाल पुत्रगण स्व. श्री श्याम मोहन ने अपने ऑनलाइन आवेदन सं. MU2024092316543620 दिनांक 23.09.2024 द्वारा अपनी माता श्रीमती मधु अग्रवाल की दिनांक 16.10.2015 को मृत्यु एवं अपने पिता श्री श्याम मोहन की दिनांक 10.09.2024 को मृत्यु होना सूचित करते हुए उच्च आय वर्ग भवन संख्या ए-528, लाजपत नगर योजना, मुरादाबाद को संयुक्त रूप से अपने व अपने भाई के पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से- सम्पत्ति प्रबन्धक

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमज़ोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर



गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

> इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

> प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है–एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके। प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर,इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

> समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

> हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी,और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है। इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाज़ार में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता



रमा शंकर सिंह
दिल्ली

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे, खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

– फेसबुक वॉल से

# दिशाओं की बातें



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी निवासी चालक रणवीर गुरुवार को बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पंवासा से ई-रिक्शा लेकर संभल की ओर आ रहा था। रणवीर ई रिक्शा लेकर जैसे ही संभल बहजोई मार्ग पर स्थित पंवासा पुलिस चौकी के पास पहुंचा। बहजोई की ओर से आ रही बाइक ने पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने की वजह से रणवीर घायल हो गया।

### ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** असमोली निवासी पतराम गुरुवार की सुबह नौ बजे साइकिल पर सवार होकर चीनी मिल असमोली की ओर जा रहे थे। पतराम साइकिल लेकर जैसे ही असमोली मढ़न मार्ग पर चीनी मिल के पास पहुंचा। ऑटो ने साइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में पतराम घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने टक्कर मारकर भाग रहे ऑटो को चालक सहित पकड़ लिया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आ गए। हालत गंभीर होने पर पतराम को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर निवासी संजय कश्यप ने आईजीआरएस पोर्टल पर वार्ड 12 हयातनगर में सरकारी रास्ते को बंद कर लिए जाने और स्कूल में मिलाकर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की थी। इस मामले में नगर पालिका परिषद संभल के अवर अभियंता (सिविल) ने मौके का निरीक्षण किया। अब अवर अभियंता ने दिनेश चंद्र गुप्ता को नोटिस जारी किया है। कहा है कि तीन दिन के अंदर स्थल व सरकारी रास्ते पर किए गए अवैध निर्माण को हटा लिया जाए। अन्यथा नगर पालिका हटा देगी।

### ताला काटने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला कोट पूर्वी निवासी राजीव कुमार ने गुरुवार को खाली प्लाट की चाहरदीवारी के गेट का ताला तोड़ने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खा सराय में एक प्लाट है। प्लाट के मुख्य दरवाजे के ताले को अराजक तत्वों ने रात के अंधेरे में काट दिया था। राजीव कुमार ने अराजक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर पुलिस से प्लाट में अपना ताला लगवाने की मांग की है।

# बार बालाओं के डांस का वीडियो बनाने पर मारपीट

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र में रामलीला के मंच पर बार बालाओं के डांस की वीडियो बनाने को लेकर विवाद के बाद मां बेटे सहित चार लोगों के साथ मारपीट की गई।

थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी विजेंद्र मंगलवार की रात गांव में ही हो रही रामलीला देखने गया था। यहां रामलीला के मंच पर डांस कर रही बार बालाओं की विजेंद्र मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। इस बात का गांव के ही दो व्यक्ति विरोध करने लगे। जिससे विजेंद्र व दोनों व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों व्यक्तियों ने विजेंद्र के साथ मारपीट की। देर शाम विजेंद्र की मां राजवती पत्नी हरिओम रामलीला का मंचन देखने गई तो दोनों व्यक्ति राजवती से मारपीट करने लगे। दादी को बचाने पहुंचे राजवती के पोते गुड्डु व अरुण के साथ भी मारपीट की गई। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट में दंपति घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी भारत का मकान गांव से मंढावली गांव जाने वाले रास्ते पर बना है। आरोप है कि बुधवार की शाम चार बजे पुरानी रंजिश को लेकर व्यक्ति अपने परिजनों के साथ भारत के घर में घुस आया और लाठी डंडों व लात घूंसों से भारत के साथ मारपीट करने लगा। भारत को बचाने पहुंची उसकी पत्नी विजय लक्ष्मी के साथ भी मारपीट की। जिससे भारत व विजय लक्ष्मी घायल हो गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने देर रात विजय लक्ष्मी व भारत का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

## भारत एआई इम्पैक्ट फेस्टिवल में इब्राहीम रसूल को मिला पुरस्कार

# वन में आग व शिकारियों की खबर देगी नई तकनीक

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल में अपने मेंटर व प्रधानाचार्य के साथ इब्राहीम रसूल। ● अमृत विचार

- **सीबीएसई स्कूलों के पुरस्कृत तीन छात्रों में से एक हैं इब्राहीम रसूल**
- **बाल विद्या मंदिर के छात्र इब्राहीम ने इको गार्डियन पर बनाई थी परियोजना**

**अमृत विचार :** बाल विद्या मंदिर स्कूल में कक्षा 9 के छात्र इब्राहीम रसूल ने ऐसी तकनीक विकसित की है जो वन में आग व शिकारियों का पता लगाकर वन विभाग को सूचित करेगी। इब्राहीम की इको गार्डियन परियोजना को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस परियोजना के लिए इब्राहीम रसूल को भारत एआई इम्पैक्ट फेस्टिवल में पुरस्कृत किया गया है।

भारत एआई इम्पैक्ट फेस्टिवल 2024 केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा इंटेल के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने बताया कि इस फेस्टिवल का थीम " एआई विद अ पर्पस " था। जिसका उद्देश्य एआई का उपयोग करके वंचित समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाले समाधानों और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रोत्साहित करना था। मेंटर आलोक राय ने बताया कि इब्राहीम रसूल ने की इको गार्डियन प्रोटोटाइप वन्य आग और अवैध शिकारियों का पता लगाने में मददगार साबित होगी। इब्राहीम देश के सभी सीबीएसई भागीदारी वाले स्कूलों में केवल 3 छात्रों में से एक हैं, जिन्होंने कक्षा 9 से 12 की श्रेणी में "इम्पैक्ट क्रिएटर्स" का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रबंधक हरीश गर्ग प्रबंधक ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इब्राहीम और उनके मेंटर आलोक राय को बधाई दी।

# भाकियू ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया धरना

## युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने किसानों की उठाई आवाज, मंडी समिति से मार्च करते हुए पहुंचे किसानों ने जमकर की नारेबाजी

संवाददाता, बहजोई (संभल)


कलेक्ट्रेट के बाहर हाईवे पर किसानों के धरने को संबोधित करते गौरव टिकैत।


बुलडोजर पर चढ़कर नारेबाजी करते किसान।

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत जुड़े सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ मार्च निकालने के बाद कलेक्ट्रेट का घेराव किया। अधिकारियों द्वारा वार्ता न करने पर भड़के किसानों ने युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत के नेतृत्व में मुरादाबाद आगरा हाईवे पर धरना दिया। 6 घंटे तक किसान हाइवे पर डटे रहे। बाद में अधिकारियों ने वार्ता की तो किसानों ने अपना धरना समाप्त किया।

प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों किसान अपने ट्रैक्टर ट्रालियों से अनाज मंडी में एकत्रित हुए। जहां से दोपहर 1 बजे के लगभग किसान ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ पैदल मार्च करते हुए सरकार तथा जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों की मांगों को लेकर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत के नेतृत्व में मुरादाबाद आगरा हाईवे पर धरना दिया। समस्याओं को लेकर किसानों ने जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए गौरव टिकैत कहा कि जिला प्रशासन को जिले भर के किसानों की समस्याओं का समाधान हर कीमत पर करना पड़ेगा। जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक वह यहां से हटने वाले नहीं है। आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों के हक की लड़ाई संभल जिले से लेकर दिल्ली तक लड़ी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने कहा कि जनपद के अधिकारी यह न सोचें कि जिले का किसान अकेला है प्रदेश और देश का किसान भी संभल जिले के किसानों के साथ खड़ा है। किसानों के कड़े रुख को देखते हुए जिला प्रशासन ने वार्ता के लिए प्रस्ताव रखा।भाकियू युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने धरने को संबोधित करते हुए कड़ा रुख अपनाया। कहा कि अगर जिला प्रशासन किसानों की मांगों को लेकर सजग नहीं होगा तो वह आंदोलन को अनिश्चितकालीन के लिए कर देंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की बातचीत कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों से हुई। जिन मांगों को किसानों ने रखा उन मांगों पर सहमति बनी। तब कहीं जाकर धरना समाप्त हुआ। इस दौरान प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव, रमेश चंद्र शर्मा, देशराज सिंह, उदयवीर सिंह, मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी केपी यादव आदि रहे।

### किसानों की यह थीं प्रमुख मांगें

**बहजोई, अमृत विचार :** किसानों ने एडीएम के सामने ज्ञापन देते हुए कहा कि जनपद में चकबंदी अधिकारियों द्वारा धांधली की जा रही है। अंश निर्धारण में गलतियां की जा रही है। कहा कि बबराला फैक्ट्री के आसपास गंदा पानी आ रहा है। जिससे किसान कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं। आवारा पशुओं से भी किसान परेशान हैं।

# भाकियू ने उठाई खाद समेत कई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल में तहसीलदार को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **धरना प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं ने नई तहसील के कार्यालय में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं होने समेत कई समस्याएं उठाईं।

भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने नई तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए किसानों की समस्याओं को रखा। जिसके बाद तहसीलदार रवि सोनकर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि किसान फसल बुआई की तैयारी कर रहे हैं लेकिन सहकारी समितियां खाद उपलब्ध नहीं करा रही। घंटों इंतजार के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रहा। नैनो यूरिया और डीएपी को दिया जा रहा है। मंडी समितियों में एमएसपी से कम दाम पर फसल खरीद हो रही है। छुट्टा गोवंश पशु फसलों को नष्ट कर रहे हैं और हादसे हो रहे हैं। खतौनी में नाम व अंश गलत दर्शाकर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में मिट्टी खरीद कर किसानों का समय से पैसा नहीं मिल रहा है। शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। गांवों में संक्रामक रोग फैल रहे हैं। भाकियू अराजनैतिक ने समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। इस दौरान शीशपाल सिंह, शंकर सिंह, विपिन यादव, सत्यवीर सिंह, दिनेश यादव, विजय सिंह, विनीत आदि रहे।

# ब्लॉक प्रमुख को सीएचसी में नहीं मिला स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा


रजपुरा सीएचसी में मरीजों से जानकारी लेतीं ब्लाक प्रमुख। ● अमृत विचार

- **मरीजों ने लगाया दवा बाहर से मंगाने का आरोप**

**अमृत विचार :** ब्लॉक प्रमुख रजपुरा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा का हाल जाना तो चिकित्सा अधीक्षक समेत अन्य डॉक्टर और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। मरीजों ने स्वास्थ्य केंद्र पर दवा नहीं देने और बाहर से दवा मंगाने का आरोप लगाया। ब्लॉक प्रमुख ने पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

ब्लॉक प्रमुख रजपुरा ममता कुमारी ने बताया कि उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में मरीजों का उचित तरीके से इलाज नहीं किए जाने और दवा नहीं दिए की शिकायत मिली थी। इसकी सत्यता जानने के लिए वह गुरुवार को सुबह 8 बजे अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गईं। जायजा लेने के समय चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनमोहन शर्मा अनुपस्थित थे। ओपीडी में सुबह 8.40 बजे तक मरीजों को देखने के लिए कोई चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित नहीं था। मरीजों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र से दवा नहीं दी जाती बल्कि फोन के माध्यम से बाहर से दवा मंगाई जाती है। ब्लॉक प्रमुख ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है। जिलाधिकारी से स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे क्रियाकलापों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनमोहन शर्मा ने कहा कि निरीक्षण करने का ब्लॉक प्रमुख का अधिकार नहीं है। बाहर की दवाइयां कैसे मंगाई जा रही है। इसकी हम जांच कराएंगे। देखा जाएगा कि किसके द्वारा दवा मंगाई जा रही है।

**टूटी उम्मीद** | बारिश से बर्बाद हो गई धान की फसल, बची फसल को लेकर मंडी समिति पहुंच रहे किसान

# औने-पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर किसान

कार्यालय संवादाता, संभल


संभल मंडी समिति में बिक्री के लिए लाया गया धान।

**अमृत विचार :** किसानों ने इस बार जिस उम्मीद के साथ धान फसल की पैदावार की वह पूरी होती नहीं दिख रही है। बरसात से धान की फसल बर्बाद हुई तो बची फसल को लेकर किसान मंडी समिति पहुंच रहे हैं लेकिन यहां भरपूर दाम नहीं मिल रहा है। किसान औने पौने दाम पर ही धान फसल को बचने के लिए मजबूर दिखाई दे रहे हैं।

बरसात की वजह से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ। तेज बारिश और हवा के कारण फसल बिछने के बाद बेकार हो गई। किसानों में मायूसी का माहौल बना तो किसी तरह बची फसल को सुरक्षित करने का काम किया। अब क्षेत्र के तमाम किसान धान फसल को बेचने के लिए संभल मंडी समिति पहुंच रहे हैं। आलम यह है कि यहां किसानों को धान फसल का भरपूर दाम नहीं मिल रहा है। आढ़ती फसल का दाम कम लगा रहे हैं और कई किसानों की फसल को यह कहकर खरीदने से इन्कार कर दिया है कि धान काला पड़ गया है। किसानों का कहना है कि इस बार धान की फसल से फायदा नहीं होने वाला।


बारिश से पांच बीघा धान फसल बर्बाद हो गई। पांच बीघा भूमि में निकले धान को लेकर मंडी समिति आया हूं। यहां 2100 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है जो काफी कम है। **-नौहर सिंह**


धान की फसल को इस बार फायदा नहीं होता दिख रहा। 1650 रुपये में एक क्विंटल धान बिक रहा है जिससे उम्मीद पूरी नहीं हो रही। 2500 रुपये का भाव होता तो राहत मिलती। **-लाखन सिंह**


इस बार प्रति बीघा में सिर्फ धान क्विंटल धान निकला। मंडी समिति में धान का भाव 1700 रुपये प्रति क्विंटल लगाया जा रहा है। अगर धान बेचते हैं तो कोई फायदा नहीं होने वाला। **-शेर सिंह**


बरसात की वजह से धान की फसल को नुकसान हुआ। धान लेकर आए हैं तो आढ़ती कह रहा है कि यह नहीं खरीदा जाएगा क्योंकि धान काला पड़ गया है। अब और परेशानी हो गई। **-इंद्रपाल**

# घर में आसरा दिया तो दिव्यांग से किया दुष्कर्म

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में मकान निर्माण के चलते अपने घर में आसरा दिया तो पड़ोसी ने मकान मालिक की दिव्यांग व मंदबुद्धि बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया।

हयातनगर के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने बुधवार की देर रात पुलिस को तहरीर देकर अपने पड़ोसी तसलीम के खिलाफ दिव्यांग व मंदबुद्धि बहन के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव दतावली मार्ग से तसलीम को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि मकान निर्माण के चलते तसलीम दो माह पहले व्यक्ति के घर बैठक में सोता था। आरोप है कि एक जुलाई की रात तसलीम ने दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म किया। दिव्यांग युवती की अचानक हालत बिगड़ने लगी। युवती ने मां को बताया कि तसलीम ने दवा खाने को दी थी। चिकित्सक से चेकअप कराया तो उसने बताया कि गर्भ निरोधक दवा खाने से दिव्यांग युवती की हालत बिगड़ी है।

### महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कस्बे के मुहल्ला पुवईयां निवासी अंकित पुत्र बनवारी उर्फ रिंगा के खिलाफ एक महिला ने झूठे प्रेमजाल में फंसाकर और भविष्य के सुनहरे सपने दिखा कर जेवर व नकदी के साथ भगा ले जाने और दिल्ली ले जाकर 10 दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### महिला को दुष्कर्म की नीयत से खेत में खींचा

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में पीर बाबा पर प्रसाद चढ़ाने जा रही एक महिला को युवक ने दबोच लिया। आरोप है कि युवक दुष्कर्म की नीयत से महिला को खींचकर बाजरा के खेत में ले गया। महिला के शोर मचाने पर युवक भाग गया। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला घर से कुछ दूर पर स्थित पीर बाबा पर प्रसाद चढ़ाने जा रही थी। रास्ते में घात लगाए बैठे एक युवक ने महिला को दबोच लिया और दुष्कर्म करने की नीयत से महिला को खींचकर बाजरा के खेत में ले गया। महिला के शोर मचाने पर युवक धमकी देते हुए भाग गया। घर पहुंचकर महिला ने परिजनों घटना की जानकारी। जिसके बाद परिजनों के साथ महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। क्राइम इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा ने बताया कि महिला और युवक की कहासुनी हुई थी। आपस में उनका कोई पहले का विवाद था। महिला ने तहरीर दी, जिसके बाद दोनों में समझौता हो गया।

### बरसात में गिरी दो मकानों की छत

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में बुधवार की शाम हुई बरसात में गांव विक्रमपुर ताहरपुर निवासी ओमवीर के मकान की दीवार गिरने से लेंटर व चारदीवारी गिर गई। लेंटर के मलबे में दबकर ओमवीर का खाने पीने व अन्य सामान सहित डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हो गया। वहीं गांव पंवासा निवासी पप्पू के कच्चे मकान की भी छत गिर गई। छत के मलबे में दबकर खाने पीने का सामान बर्बाद हो गया। खंड विकास अधिकारी पंवासा अजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव से जांच पड़ताल कराकर जो भी मदद होगी। वह कराई जाएगी।

### स्टेडियम में चोरी का आरोपी पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में हिंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में घुसे चोर ने बुधवार को देर रात टंकी टोंटी और अन्य सामान चोरी कर लिया। खटपट की आवाज होने पर स्टेडियम की देखरेख करने वाले युवक की आंख खुल गई। युवक ने सामान चोरी के आरोपी को दबोच लिया। जिसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पकड़ा गया आरोपी पुलिस को सौंप दिया गया। बताते चलें कि करीब एक महीने पहले रोडवेज बस अड्डा की दीवार गिर गई थी। जिसके बाद से स्टेडियम में असामाजिक तत्वों का आना जाना रहता है। कई बार शिकायत करने के बाद भी दीवार का निर्माण नहीं कराया गया।

### शिविर में आंखों का परीक्षण कर दी दवा

**बहजोई, अमृत विचार :** दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह के तत्वाधान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। गांव रमपुरा में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर का आरंभ भुवनेश कुमार व एडीओ राम रतन ने फीता काटकर किया। इसके बाद शिविर में पहुंचे मरीज को रोटरी नेत्र चिकित्सालय से पहुंचे चिकित्सक डॉ. सुमित कुमार ने मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। उन्हें आंखों को सुरक्षित रखने के टिप्स दिए। शिविर में 175 मरीजों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाएं वितरण की गईं। इस दौरान चायना वार्ष्णेय, कविता वार्ष्णेय, संतोष कुमारी, मिथिलेश कुमारी, ज्योति, झिलमिल आदि मौजूद रहे। संचालन लव कुमार आर्य ने किया।

### प्रशासन ने जमींदोज कराई अवैध ईंट भट्टे की चिमनी

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की टीम ने हयातनगर थाना क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई की। टीम ने चिमनी को ध्वस्त कराते हुए ईंट भट्टे को बंद करा दिया। इस कार्रवाई से खलबली मची रही। गुरुवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र के निर्देशन में नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद के सहायक वैज्ञानिक अनिल कुमार और विजय कुमार टीम के साथ हयातनगर थाना क्षेत्र में गांव लहरा कमंगर में श्री साईं ईंट उद्योग पर पहुंचे। जांच पड़ताल करने के बाद अधिकारियों ने चिमनी को ध्वस्त कराकर ईंट भट्टे को बंद करा दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि ईंट भट्टे को लेकर न तो रायल्टी जमा थी और न ही प्रदूषण प्रमाण पत्र था। इन्हीं आरोपों के चलते ईंट भट्टे पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अन्य ईंट भट्ठों पर भी कार्रवाई की जानी है।

### सफाई मित्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**बबराला, अमृत विचार :** स्वच्छता पखवाड़े के तहत नगर पंचायत के सफाई मित्रों ने 155 घंटे का महा सफाई अभियान शुरू किया। गुरुवार को चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय और अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी की अगुवाई में सफाई मित्रों ने मुख्य बाजार में रेलवे स्टेशन से लेकर इंदिरा चौक तक वृहद स्तर पर सफाई की। सफाई मित्रों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ईओ ने बताया कि नगर में सुबह और शाम दो पारियों में सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### चारपाई पर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, 3 झुलसे

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी राजवीर के मकान के आंगन से होकर हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। गुरुवार को राजवीर की पत्नी शकुंतला दो वर्षीय पोते शिवांशु पुत्र विजय सिंह और जेठ महावीर की पुत्री छोटी के साथ आंगन में चारपाई पर बैठी थी। अचानक से हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर चारपाई के ऊपर गिर गया। जिससे शकुंतला, छोटी व शिवांशु हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गए। परिजनों ने बिजलीघर में कर्मचारियों को फोन कर हाईटेंशन करंट को बाधित कराया। जिसके बाद परिजन उपचार के लिए शकुंतला, छोटी व शिवांशु को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर शकुंतला, छोटी और शिवांशु को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट, युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गणेश कॉलोनी में बुधवार की रात दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई। इसके बाद दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर छोड़ दिया। जबकि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। बुधवार की रात गणेश कॉलोनी में एक युवक दूसरे व्यक्ति के घर पर पहुंचा और गाली-गलौज करना लगा। दूसरे पक्ष ने गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई। जिसमें एक घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। कुछ लोगों के पहुंचने पर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया गया। गुरुवार को एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के युवक पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए कोतवाली व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जबकि युवक द्वारा गाली-गलौज की किसी ने मोबाइल से वीडियो बना ली। जिसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें युवक गाली-गलौज करता नजर आ रहा है।


सरायतरीन में पौधरोपण करतीं संगठन से जुड़ी महिलाएं।

### पौधे लगाने से ही होगा पर्यावरण संरक्षण

**संभल, अमृत विचार :** नारी उत्थान समिति की महिलाओं ने अभियान के तहत पौधरोपण कर 100 पौधे लगाने का अपना लक्ष्य पूरा किया। इस दौरान कहा गया कि सभी को अपने आसपास हरियाली के लिए पेड़ पौधे लगाने चाहिए। गुरुवार को हयातनगर स्थित बीडी इंटर कॉलेज में नारी उत्थान समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने संगठन की महिलाओं,कॉलेज के प्रबंधक निर्दोष कुमार वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य नीरू चौधरी,संतोष कुमार शर्मा व स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर तुलसी के पौधे, आमला अर्जुन की छाल, नीम का पौधा व शीशम के पौधे लगाये। समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने कहा कि हम सबको मिलकर अपने खुशी के पलों में पौधा जरूर लगाना चाहिए। संगठन ने सौ पौधे लगाने का टारगेट रखा था। जिसमें आज पूर्ण किया है। इस अवसर पर शालिनी,भावना, निहारिका गुप्ता, नेहा, राधा, रुचि, रेखा, अल्पना प्रीति मीनाक्षी सिंघल, नेहा आदि महिलाओं ने भाग लिया।

# ईओ के आवास पर पकड़ी बिजली चोरी

## 6 माह पहले काटी थी आवास व कैंप कार्यालय की लाइन, 2.72 लाख रुपये है बकाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मोहल्ला कागजी स्थित ईओ आवास से केबिल उतारता बिजली कर्मी।

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की टीम चेकिंग करते हुए कागजी मोहल्ला स्थित नगर पालिका के ईओ आवास व कैंप कार्यालय पर पहुंची तो वहां मीटर बंद था और पोल से सीधा केबिल आवास में लगा था। मामला विद्युत चोरी का होने पर पोल से केबिल उतार जब्त कर लिया। चेकिंग के समय आवास पर ईओ मौजूद नहीं थे। विद्युत विभाग ने आवास के कनेक्शन पर 2.72 लाख रुपये बकाया बताया है।

गुरुवार की दोपहर एक बजे विद्युत विभाग के एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला टीम के साथ शहर में चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान टीम कागजी मोहल्ला स्थित नगर पालिका के ईओ कृष्ण कुमार के सरकारी आवास व कैंप कार्यालय पर पहुंची। जहां आवास के बाहर लगे मीटर के तार कटे थे। पास ही पोल से एक केबिल लगा था जो सीधे आवास के अंदर जा रहा था। जिससे सीधे तौर पर विद्युत चोरी का मामला सामने आया। ईओ पर विद्युत चोरी का मामला सामने पर अन्य लोग भी पहुंच गए। चेकिंग के समय ईओ अपने आवास में मौजूद नहीं थे। बिजली विभाग ने ईओ आवास के कनेक्शन पर 2.72 लाख रुपये बकाया बताया है। विद्युत चोरी के मामले में पेनाल्टी लगाई जाती है। जो दो दिन बाद एक्सईएन कार्यालय से जारी की जाएगी। इसके साथ ही विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि लगभग 7 माह पूर्व विद्युत विभाग द्वारा नगर पालिका के कार्यालयों की बकाया के चलते लाइन काट दी गई थी। जिसके बाद मामला काफी बढ़ गया था। पालिका ने भी विद्युत विभाग पर लाखों रुपये का बकाया निकाला था। जिसके बाद पालिका कार्यालयों की विद्युत लाइन जोड़ दी गई थी। एसडीओ ने बताया कि 6 से 7 माह पहले भी विद्युत बिल जमा न करने पर ईओ आवास की बिजली काट दी गई थी। इसके अलावा विभाग ने मोहल्ला कुरेशियान, पंजाबियान, सीकरी गेट पर चेकिंग अभियान चलाया। जहां पर 7 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी है। इन पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। टीम में एसडीओ अजय कुमार शुक्ला, जेई अभिषेक सिंह आदि रहे।

> मुझे ईओ के पद ग्रहण किए हुए कुछ दिन ही हुए हैं। विद्युत चोरी के विषय में जानकारी कराई जा रही है। विद्युत विभाग से जानकारी कर विद्युत बिल जमा कराया जाएगा।
>
> **-कृष्ण कुमार, ईओ नगर पालिका परिषद**

### ग्रामीण क्षेत्र में पांच स्थानों पर पकड़ी बिजली चोरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की टीम ने ग्रामीण उपकेंद्र से जुड़े गांव करेली, कैथल व अन्य गांवों में चेकिंग अभियान चलाया। अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गुप्ता के निर्देश पर उपखंड अधिकारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में घर-घर चेकिंग की गई। जिसमें पांच लोगों को विद्युत चोरी पकड़ी गई। इसके बाद विद्युत केबिल को जब्त कर लिया गया। पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। टीम में जेई महेद्र सिंह, सोनू वर्मा, प्रदीप, चिराग, रमेश, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



मेडिकल स्टोर पर दवा सील करने के दौरान औषधि निरीक्षक।

### औषधि निरीक्षक का मेडिकल स्टोर पर छापा

**चंदौसी, अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक जयेन्द्र कुमार ने सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मण्डल मनु शंकर के निर्देश पर जारई रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। उक्त मेडिकल ओम मेडिकल स्टोर के नाम से अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। मेडिकल स्टोर से लगभग 80,000 रु मूल्य की एलोपैथिक औषधियां सीज की गई तथा संदेह के आधार 4 संदिग्ध नमूने जाँच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहीत किए गए। जिन्हें राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जा रहा है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने व विवेचना पूर्ण होने के पश्चात दोषी के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा।

### वृद्धों को दी गई सुनने वाली मशीन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब सिटी स्टार की पदाधिकारियों ने कैथल गेट स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धों के साथ समय व्यतीत कर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके उपरांत कम सुनने की क्षमता वाले वृद्धों को सुनने की मशीन प्रदान की गई, ताकि वह ठीक से सुन सकें। पदाधिकारियों ने वृद्धों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिलाया। दोपहर में वृद्धों को भोजन, फल व मिठाई वितरित की गई।

### शिविर का समापन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्रह्मा कुमारीज की ओर से वृद्ध आश्रम में राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को शिविर का समापन कर दिया गया। शिविर में वृद्धजनों को कई जानकारियां उपलब्ध कराई गई। साथ ही उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने का आश्वासन दिया।

### बालिका को पुलिस ने अभिभावकों से मिलवाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अकेले घूमती मिली 11 वर्षीय बालिका को उसके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया। गुरुवार की सुबह 11 वर्षीय बालिका पुलिस को घूमती मिली। जानकारी करने पर वह अपने घर का पता व माता-पिता का नाम नहीं बता पा रही थी। इसके बाद अपराध निरीक्षक पूनम राठी ने बालिका की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने व अन्य माध्यम से बालिका के परिजनों की जानकारी करानी शुरू की। शाम को बालिका की पहचान शगुन पुत्री मुकुट लाल निवासी गांव तारापुर कोतवाली चन्दौसी के रूप में हुई। पिता मुकुट लाल व मां पूजा कोतवाली पहुंचे। इसके बाद बालिका को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

### रेलवे ने एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का लिया निर्णय

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे ने त्योहार पर एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे अब तक 37 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर चुका है। स्पेशल ट्रेन 03423 भागलपुर-हरिद्वार 7 अक्टूबर से 25 नवंबर तक हर सोमवार को भागलपुर से दोपहर 3 :55 पर चलकर अगले दिन सुबह 8 :30 बजे बरेली जंक्शन आएगी और शाम 5 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। 03424 हरिद्वार- भागलपुर स्पेशल ट्रेन 8 अक्टूबर से 26 नवंबर तक हर मंगलवार को शाम 7 :55 बजे हरिद्वार से चलकर रात 12 : 20 बजे बरेली आएगी।

## शुगर मिल के 5 प्रस्तावों को शेयर धारकों ने दी हरी झंडी

**चन्दौसी, अमृत विचारः** वीनस शुगर मिल की 33वीं वार्षिक अंशधारक बैठक का आयोजन सीता रोड स्थित एक रेस्तरां में संपन्न हुई।

जिसमें मिल के अधिकारी व शेयर होल्डर मौजूद रहे। जिसमें एमडी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि विषम परिस्थितियों में शुगर मिल को 2017 में दोबारा चलाए जाने का निर्णय लिया गया था। सभी शेयरधारकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी हम पर भरोसा जताया। इसलिए वह सम्मान के पात्र है। सीईओ अनुपम कुमार सिंह ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में दोबारा शुगर मिल चलाए जाने पर कई परेशानियां सामने आई। बैठक में शेयर धारकों के सामने 5 प्रस्ताव रखे गए। सभी शेयरधारकों ने अपने हाथ उठाकर प्रस्तावों को अपनी स्वीकृति प्रदान कर अपना वोट कंपनी हित में दिया। इस अवसर पर बोर्ड की चेयरपर्सन शशि सिंह, डायरेक्टर विनय सक्सेना, संजय सचदेव, एम कुरैशी, सीएफओ सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।




प्लेटफार्म पर सफाई करतीं एनएसएस की छात्राएं। ● अमृत विचार

## छात्राओं ने रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता अभियान मिशन को लेकर छात्राओं ने रेलवे स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया।

इससे पहले महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने झंडी दिखाकर छात्राओं को रवाना किया। रेलवे स्टेशन पर पहुंच छात्राओं ने सफाई की और यात्रियों को सफाई के महत्व को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम की सार्थकता तब है जब हम उसे धरातल पर उतारते हैं। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना नहीं है, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से अधिक से अधिक पौधरोपण, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, आसपास कूड़ेदान की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा बनाई गई नीतियां तब तक साकार नहीं हो सकेंगी, जब तक स्वयं हमारे द्वारा आगे बढ़कर कदम नहीं उठाएंगे। इस अवसर पर प्रवक्ता अंशु, प्रिया आदि मौजूद रहीं।



डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

## जीएसटी डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जीएसटी काउंसिल नई दिल्ली के अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन जीएसटी कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर सुरेश पाल को सौंपा।

जिसमें कहा गया है कि जनरल रजिस्टर्ड व्यापारी जब कंपाउंड रजिस्टर्ड व्यापारी से माल खरीदता है तो उसे जितने प्रतिशत का माल होता है, उतनी जीएसटी जमा करनी पड़ती है। जबकि जनरल व्यापारी किसी को माल भेजता है तो खरीदार सिर्फ लाभ पर जीएसटी देता है। कंपाउंड व्यापारी जब माल बेचता है तो खरीदार व्यापारी उससे बिल नहीं लेता, क्योंकि उसे बिल पर टैक्स देना पड़ेगा। इससे सेल आगे नहीं जा रही, सेल आगे न बढ़ने से सरकार को नुकसान है। इसलिए जनरल व्यापारी को कंपाउंड व्यापारी से माल खरीदने पर उतनी कीमत की जीएसटी छूट दी जाए। जिससे सरकार को टैक्स मिलेगा और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, उमेश वार्ष्णेय, वसीम अख्तर, प्रमोद अग्रवाल, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से वृद्धा की मौत, चालक पकड़ा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मऊ अस्सू में कार चालक ने खेत से घर जा रही वृद्धा को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव मऊ अस्सू निवासी इस्हाक अली पुत्र लियाकत अली ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनकी मां बतुलन 60 वर्ष खेत पर फसल देखने गई थी। सुबह दस बजे खेत से वापस लौट रही थी। जब महिला गांव के पास मुख्य मार्ग पर पहुंची तो कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और घटनास्थल पर दम तोड़ दिया। घटना के बाद ग्रामीण एकत्र हो गए और घटना की सूचना पीड़ित परिवार को दी। कुछ ही देर में परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और विलाप करने लगे। ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

# युवकों ने चौराहे पर म्यूजिक बजाकर लगाए ठुमके

कार्यालय संवाददाता, संभल



शंकर कालेज चौराहे पर म्यूजिक बजाकर रील बनाते युवक। ● अमृत विचार

- शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर रील बनाने को नाचे युवक

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार रात उस वक्त अजीबोगरीब नजारा सामने आया जब कई युवक रील बनाने के लिए बाकायदा म्यूजिक बजाकर चौराहे पर ठुमके लगाने लगे। युवक करीब 15 मिनट तक रुक-रुक कर बीच चौराहे पर नाचे तो गुजरने वाली युवतियों और महिलाओं को निकलने में परेशानी हुई। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस नदारद रही।

शहर का शंकर इंटर कॉलेज चौराहा सबसे व्यस्ततम चौराहा है। यहां पुलिस मुस्तैदी की भी मिसाल दी जाती है। गुरुवार को रात आठ बजे यहां कुछ युवकों ने पुलिस मुस्तैदी की पोल खोल दी। युवकों ने रील शूट करने के लिए बाकायदा म्यूजिक बजाया और ठुमके लगाने शुरू कर दिए। युवकों को नाचता हुआ देखकर आसपास दुकानदारों में भी चर्चा हुई। इस बीच चौराहा से युवतियां और महिलाएं गुजरीं तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। बीच चौराहा पर युवकों द्वारा ठुमके लगाए जाने से जाम जैसे हालात भी बन गए। इस बीच युवक रुक रुक कर कई म्यूजिक पर नाचते हुए नजर आए। करीब 15 मिनट तक युवकों ने चौराहा पर ठुमके लगाए लेकिन इस बीच पुलिस चौराहा पर नजर नहीं आई। किसी ने पुलिस को युवकों द्वारा ठुमके लगाने की सूचना दी। लोगों को उम्मीद थी कि पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। पुलिस ने बीच चौराहा पर नाचने वाले युवकों को भेज दिया। पुलिस की ऐसी कार्यशैली को लेकर लोग अचंभित हैं

### डांस टीचर लेकर आया था युवकों को

**संभल, अमृत विचार :** शहर में चौराहे पर म्यूजिक बजाकर डांस कराने वाला एक डांस टीचर था। चौराहे पर मौजूद लोगों का कहना है कि डांस टीचर अपने कुछ साथियों व स्टूडेंट को लेकर रील शूट करने के लिए शंकर कालेज चौराहा पर आया था। आने के बाद उसने म्यूजिक सिस्टम बजाकर चौराहे पर रखा और फिर डांस का सिलसिला शुरु हो गया।

### चौकी प्रभारी को लेकर खड़े होते रहे हैं सवाल

**संभल, अमृत विचार :** शंकर कालेज का क्षेत्र संभल कोतवाली की सरथल पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है। इस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी दीपक राणा की कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी सवाल खड़े होते रहे हैं। चौकी प्रभारी के बारे में कहा जाता है कि वह क्षेत्र में कम ही दिखाई देते हैं।

# रावण के दरबार में कोई नहीं उठा सका अंगद का पांव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



ग्राम नेहटा में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के ग्राम नेहटा में चल रही रामलीला में कलाकारों ने विभिषण व अंगद के बीच हुए संवाद का मार्मिक वर्णन किया। वहीं ग्राम बनियाखेड़ा में सती अनसूईया के पावन प्रसंग का भावपूर्ण मंचन हुआ। जिसे देखने के लिए आस-पास के गांव के लोग पहुंचे।

नेहटा में चल रही रामलीला के आठवें दिन कलाकारों ने विभीषण तथा अंगद संवाद का वर्णन किया। प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि जब हनुमान मां सीता का पता लगा कर आ गए तब रावण के दरबार में विभीषण आए और बोले की भ्राता सीता को श्रीराम के पास भेज दो उनसे माफी मांगों वह नारायण के अवतार हैं। इस पर रावण ने विभीषण को लात मार कर लंका से बाहर निकाल दिया। विभीषण राम के शरण में पहुंचे तो राम ने अपना लिया। दूसरे दृश्य में श्री राम की आज्ञा पाकर अंगद चल पड़े और रावण के दरबार में पहुंचे जहां उन्होंने सैकड़ों राक्षसों का वध कर दिया। रावण बोला तू कौन है, कहां से आया है तब अंगद व रावण का संवाद हुआ। अंत में अंगद ने कहा कि मेरा पैर जो हिला देगा मैं समझूंगा सीता के राम हार गए। रावण के आदेश पर काफी लोग अंगद का पैर हिलाने में नाकामयाब हुए। तक रावण उठा और अंगद के पैरों को पकड़ना चाहा इस पर अंगद पीछे हट गए वह बोले मैं क्षमा नहीं कर सकता हूं। जिसे देख दर्शक आनंदित हुए।

वहीं श्री आदर्श युवक रामलीला समिति बनिया खेड़ा के तत्वावधान में चल रही रामलीला के छठवें दिन सती अनसूईया के पावन प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान ताराचंद मौर्य, कमल सिंह प्रजापति, ईश्वर दास चंद्रवंशी, मुलायम सिंह यादव, संजय पाल आदि का सहयोग रहा।

### श्री राम के चरित्र पर लिखा ग्रंथ अद्भुत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री गीता सत्संग भवन में वाल्मीकि रामायण कथा के दूसरे दिन कथा वाचक डॉ. रवि मैत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने हमारे कल्याण के लिए रामायण का यह ग्रंथ प्रकट किया। वाल्मीकि जी द्वारा श्री राम के चरित्र पर लिखा ग्रंथ अद्भुत है। कहा कि लव-कुश का नामकरण वाल्मीकि जी के आश्रम में हुआ और उनका नामकरण संस्कार स्वयं शत्रुघ्न द्वारा हुआ। जिस दिन भगवान राम के पुत्र लव-कुश ने जन्म लिया, उसे दिन शत्रुघ्न महाराज वाल्मीकि आश्रम में ठहरे हुए थे। वाल्मीकि जी ने बच्चों का शत्रुघ्न से संस्कार कराया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अनूप कुमार अग्रवाल, विनय कुमार आदि रहे।



कथा वाचका डॉ. रवि मैत्री।

## झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र के गांव पल्था निवासी आगमें झुलसी सलमा पत्नी गुफरान की उपचार के दौरान गुरुवार को दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

आरोप है कि गुफरान सहित अन्य ससुराल वाले किसी न किसी बात को लेकर सलमा के साथ मारपीट करते रहते थे। 12 दिन पहले घरेलू बातों को लेकर हुए विवाद के बाद गुफरान ने भाई मुंतज़िर उसकी बेटी शाइस्ता और पिता जाहिद के साथ मिलकर सलमा के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। जिसकी वजह से सलमा गंभीर रूप से झुलस गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने सलमा को उपचार के लिए दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया था और बीते गुरुवार को मायके वालों ने सलमा के ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने गुफरान और मुंतज़िर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## विभागीय कार्रवाई की भनक लगते ही दुकान बंद कर भागे झोलाछाप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

- अवैध रूप से चल रही 100 से अधिक झोलाछाप की दुकानें

**अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित झोलाछाप की दुकान व मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। जिससे झोलाछाप में हड़कंप मचा है। विरोध स्वरूप गुरुवार को झोलाछाप व मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

स्वास्थ्य विभाग की थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से झोलाछाप व मेडिकल स्टोर संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू की। जिससे झोलाछापों व अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। पूरे थाना क्षेत्र में 100 से अधिक झोलाछाप व मेडिकल स्टोर है, जो अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। झोलाछापों के पास न तो कोई डिग्री है और न ही दुकान का पंजीकरण, बिना पंजीकरण के मेडिकल स्टोर का संचालक किया जा रहा है। गुरुवार को झोलाछापों ने कार्रवाई के विरोध में अपने प्रतिष्ठान व मेडिकल स्टोर बंद रखे। अपना इलाज कराने के लिए मरीज जब पीएचसी रीठ पहुंचे तो वहां ताला लगा था। कुढफतेह गढ व रीठ सीएचसी में कोई चिकित्सक नहीं है। रीठ में मात्र एक बार्ड बॉय है। जबकि कुढफतेहगढ में एक लैब टेक्निशयन,एक स्टाफ नर्स व एक बार्ड बॉय है। नरौली सीएचसी के चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. विश्वास अग्रवाल से रीठ पीएचसी पर ताला बंद के बारे में जानकारी चाही। तो उनका फोन स्वीच आफ मिला।

आयोजन | 21 दिवसीय श्री गणेश चौथ मेले का हुआ समापन

# मेले में सिमटने लगी दुकानें, उतरने लगे झूले

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



मेला स्थल से झूला उतारते मजदूर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मेला गणेश चौथ बुधवार की रात समाप्त हो गया। जिससे गुरुवार सुबह से ही मेला ग्राउंड से दुकानों का हटाया जाना व झूलों का उतरना शुरु हो गया। काफी संख्या में मजदूर अपने कार्य में जुटे रहे।

उत्तर भारत का प्रसिद्ध श्री मेला गणेश चौथ का 64 वां वर्ष पूर्ण हो गया। 5 सितंबर से मेले का विधिवत आरंभ हो गया था। 21 दिवसीय मेले में 350 से अधिक दुकानें, छोटे-बड़े दर्जन भर झूले व फिश टनल लगी थी। साथ ही मेला ग्राउंड पर मंच तैयार किए गए थे। जिस पर प्रतिदिन रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मेला समाप्त होने के बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानों को समेटना शुरु कर दिया। बड़े झूलों को उतारने के लिए क्रेन लगी थी। दुकानदार व झूला संचालक ने बताया कि मैदान से सभी सामान हटाने में दो दिन का समय और लगेगा। मेला ग्राउंड से दुकानदार जाने के बाद टेंट का सामान, बल्ली, टीन शेड हटाने का कार्य होगा। गुरुवार की दोपहर से कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकाने देर रात खोली लेकिन बिजली नहीं थी। मेला समाप्त होने के बाद मेला ग्राउंड की विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है।

### बरसात के चलते मेला दुकानदार व झूला संचालक मायूस लौटे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 21 दिन के मेले के बड़े आयोजन को लेकर दूर-दराज से दुकानदान व झूला संचालक आते हैं। सभी को लगा कि इस बार मेला उनकी उम्मीदों के मुताबिक होगा। वह अधिक लाभ के साथ घर लौटेंगे, लेकिन इंद्रदेव के आगे किसी की नहीं चली। 21 दिन के मेला 6 दिन भारी बरसात के भेंट चढ़ा। बरसात के दिनों में मेला पूरी तरह से प्रभावित रहा। जिस कारण झूलों का संचालन नहीं हुआ व दुकानदारों के पास ग्राहक नहीं पहुंचे।

## किसान ने खाया विषाक्त पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**विजय नगला (बदायूं), अमृत विचार :** मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने किसान को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर रात किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। किसान के विषाक्त पदार्थ खाने के कारण का पता नहीं चल सका है।

गांव फतेहपुर निवासी प्रेम शंकर (50) पुत्र अयोध्या प्रसाद खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार उन्होंने बुधवार शाम अपने घर पर रखा विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर के बाद प्रेम शंकर की हालत खराब हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए ले गए। देर रात राजकीय मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

## गांव में मचा जानवर का शोर वन विभाग ने देखे पग चिन्ह

संवाददाता, कादरचौक (बदायूं)

- गांव वाले जानवर को चीता बता रहे,वन विभाग ने नकारा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर के कई लोगों पर चीते जैसे किसी जानवर ने रात को फसलों की रखवाली करते समय हमला कर दिया जिससे ग्रामीण भयभीत हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जानवर के पग चिन्ह देखे। अधिकारियों ने चीता होने से इनकार किया है फिर भी ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने ग्रामीणों को चेतावनी दी किसी जानवर की हत्या न करें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

नूरपुर के ग्रामीण रात को अपनी फसलों गोवंश से बचाने को रखवाली करते हैं। खेतों में बाजरा मूंगफली धान की फसल खड़ी है। इसलिए गोवंश रात को फसलें नष्ट करते हैं। किसान रात भर जाग कर फसलों की रखवाली करते हैं। गांव के मुरादी खां अपने पुत्र के साथ बुधवार की रात को खेत पर जा रहे थे। तभी चीता जैसे किसी जानवर ने उन पर हमला कर दिया। पिता पुत्र जैसे तैसे जान बचाकर घर वापस लौटे उन्होंने गांव वालों को चीता होने की बात बतायी। जिससे गांव में दहशत फैल गयी।

उधर गुरुवार की शाम को यादराम और उनके बेटे पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिससे वह जोर जोर से चिल्लाए, उनकी आवाज सुनकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तब तक जानवर भाग चुका था। गनीमत रही कि उनके कोई चोट नहीं आई और ग्रामीणों का शोर शराबा सुनकर वह भाग गया। लोग लाठी डंडा लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों ने फसलों में उसकी खोजबीन की, मगर कोई नजर नहीं आया।

## आठ लोगों ने लिया देहदान का संकल्प

**बदायूं, अमृत विचार :** पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में ओम स्वरूप लोन में यज्ञ एवं वेद कथा महोत्सव आयोजन हो रहा था। जिसका गुरुवार को समापन हो गया। समापन पर आठ लोगों ने मरणोपरांत शरीर दान दिए जाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में शामिल रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामफूल सिंह, केसी पाल, सुरेंद्र पाल सिंह, जसवीर सिंह और उनकी धर्मपत्नी अमृता सिंह, गिलहरी संस्था के संचालक सुनील गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी ने वेद कथा वाचक अंजली आर्या एवं वेद प्रचारक विद्वानों के सानिध्य में मरणोपरांत अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज के लिए देहदान दिए जाने का संकल्प लिया। सभी देहदानियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा जुगल किशोर, भूपेंद्र सिंह हरेंद्र सिंह,संजीव सूरज भान, चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बेटी की दवा लेने जा रही महिला से छेड़खानी

**गजरौला, अमृत विचार :** बेटी की दवा लेने जा रही महिला से रास्ते में गांव निवासी युवक ने छेड़खानी की। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला गुरुवार को अपनी बेटी की दवा लेने गजरौला जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में खड़े एक युवक ने महिला का हाथ पकड़ लिया। महिला ने विरोध जताया तो आरोपी युवक ने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। भीड़ जमा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मंगरौली में किसान के मकान की दीवार गिरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मंगरौली में बारिश के चलते किसान मिंटू के मकान की दीवार गिरने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। इस संबंध में पीड़ित ने राजस्व प्रशासन को मामले की जानकारी दी है।

### चोटीपुरा के कन्या गुरुकुल विद्यालय में हुआ मिशन प्रहार के तहत बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र का समापन समारोह

# आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद आगे आएं बालिकाएं: डॉ. राजीव

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** देश भर में बालिका सुरक्षा के लिए विख्यात मिशन प्रहार अभियान के संस्थापक लेजेंडरी ग्रैंडमास्टर शिफूजी शौर्य भारद्वाज ने गुरुवार को कन्या गुरुकुल विद्यालय चोटीपुरा में बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रभावी उपाय सिखाए।

गुरुकुल विद्यालय में गुरुवार को मिशन प्रहार प्रशिक्षण शिविर समापन का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन कर पैन-पैंसिल, हाथ का कड़ा, आईकार्ड समेत प्रतिदिन प्रयोग की जाने वाली चीजों के माध्यम से ही प्रहार कर अपनी सुरक्षा के दांवपेच का प्रदर्शन किया। विशिष्ट अतिथियों व अभिभावकों ने बालिकाओं के इस प्रदर्शन को सराहा। इस दौरान श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनानी है। हमें अपनी जमीन और अपना आकाश स्वयं ही बनाना है और आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने कहा कि आचार्या नारी सशक्ति की ब्रांड एंबेसडर हैं।

आचार्या डॉ. सुमेधा ने अतिथियों का धन्यवाद किया और ग्रैंडमास्टर शिफूजी शौर्य के मिशन प्रहार अभियान की सराहना की। कहा कि बालिकाओं को सक्षम बनाना इस युग की बड़ी आवश्यकता है। इसका बीड़ा उन्होंने उठाया है। एसडीएम ने कहा कि सभी स्कूल और कॉलेजों में शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता, संस्कार की शिक्षा दी जानी चाहिए। सिलेबस के साथ ऐसे प्रशिक्षण सत्र हर विद्यालय में चलाया जाना चाहिए। गुरुकुल विद्यालय हमें संस्कार व संस्कृति से जोड़ता है। यह गुरुकुल भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उदाहरण है। पालिका अध्यक्ष शशि जैन छात्राओं को स्वयं सक्षम होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक हरिसिंह ढिल्लो आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करतीं आचार्य सुमेधा, साथ में शिफुजी भारद्वाज व अन्य।


विद्यालय के मैदान पर दांवपेच का प्रदर्शन करतीं छात्राएं।

### ऑटो पलटने से मां-बेटे समेत चार लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर ऑटो पलटने से मां-बेटे समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव पलवाड़ा निवासी नौशे का परिवार गुरुवार को ऑटो से अमरोहा स्थित दरगाह पर चादरपोशी करने आया था। यहां से सभी लोग लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर गजरौला के पास ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो सवार नौशे की पत्नी सोनी, बेटा सूफियान, अरहान और रेहान घायल हो गए। चालक ने ऑटो से कूदकर जान बचाई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सोनी की हालत नाजुक देखकर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि पूजन के साथ रामलीला मंचन की तैयारी तेज

## रामलीला मैदान पर श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा के पदाधिकारियों ने हवन में दी आहुति

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा की ओर से रामलीला मैदान पर गुरुवार को विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष और कमेटी पदाधिकारियों ने हवन-यज्ञ में आहुति दी। इसके साथ ही रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गईं।

गुरुवार को श्री धार्मिक रामलीला कमेटी अमरोहा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित रामलीला मैदान परव भूमि पूजन किया। सभी ने देवी देवताओं का स्मरण किया। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी व विशिष्ठ अतिथि नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी रहे। हरिद्वार से आए पंडित वामदेव नौटियाल ने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना, माता लक्ष्मी, ठाकुर जी की पूजा कराई। इसके बाद नव ग्रहों, धरती मां, भगवान इंद्र देव, भगवान शंकर, भगवान राम और भगवान हनुमान का स्मरण कर कराया। हवन में आहुतियां डालीं। इसके बाद प्रार्थना की कि 3 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहे आदर्श रामलीला महोत्सव सकुशल संपन्न हो व उसमे किसी प्रकार की कोई भी बाधा नहीं उत्पन्न हो। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के नाम का स्मरण कर गड्ढा खोदकर टैंट लगाने का कार्य प्रारंभ किया। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विशाल गोयल ने बताया कि इस वर्ष आदर्श रामलीला महोत्सव सुंदर,अद्भुत, अद्वितीय ऐतिहासिक होगा। इसके लिए अमरोहा में डबल स्टेज की रामलीला, 100 फिट लंबे और 50 फिट चौड़े मंच पर मेरठ व दिल्ली के रंग मंच के प्रसिद्ध कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। इस वर्ष आदर्श रामलीला महोत्सव 3 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे मुकुट पूजा से आरंभ होगी। कमेटी के महामंत्री शार्दूल अग्रवाल ने बताया कि आदर्श रामलीला महोत्सव का 13 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन आदर्श रामलीला का आयोजन, भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। भूमि पूजन के मौके पर कमेटी के संरक्षक रमेश कुमार कालू, रविराज सरन, अनिल टंडन, विनोद गुप्ता, अजय अग्रवाल, करुणेश गोयल, कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल, राजू सैनी, प्रेम नारायण रघुवंशी, संजीव सैनी, अमित रस्तोगी, अरुण सरन, सुमित सरन, विमल यादव, संजीव यादव, मनुज गोयल, संजीव गोयल, मनोज माहेश्वरी, संजीव रघुवंशी, सुबोध रस्तोगी, मनु कमल गुप्ता, गौरव गोयल एडवोकेट, राहुल कुशवाह, रवि कुशवाह, अचल अग्रवाल, अभय सिंघल, अशोक रस्तोगी, शशि प्रकाश, दीपक बंसल, निशील सरन, सुमन चांदना, सुनील गुप्ता, सरदार हरजीत सिंह, अंकित बंसल, योगेश गोयल, लीलाधर अरोड़ा, तिलकराज चौहान आदि उपस्थित रहे।


भूमि पूजन के दौरान हवन में आहुति देते भाजपा के जिलाध्यक्ष और कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रामलीला मंचन से पहले दुरुस्त होंगी व्यवस्थाएं

**हसनपुर, अमृत विचार :** रामलीला मंचन शुरू होने से पहले गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने मैदान का निरीक्षण किया। पालिका स्टाफ को जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने रामलीला मंचन, मेला स्थल पर व्यवस्थाएं करने के लिए मांग पत्र सौंपा था। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने रामलीला मैदान पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि समिति के निवेदन पर रामलीला मैदान व शौचालय की सफाई, मंच की मरम्मत, अयोध्यापुरी और हॉल की रंगाई, पुताई का कार्य कराया जाएगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, अवर अभियंता संगीता कश्यप, कृष्णा वाल्मीकि, शेर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण करते पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी व अन्य।

## सार संक्षेप


छात्राओं को संबोधित करते पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत।

### साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को इनरव्हील क्लब आस्था हसनपुर की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्रधिकारी दीप कुमार पंत का स्वागत किया गया। सीओ ने छात्रों को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समय साइबर क्राइम बहुत हो रहा है और उससे आप सबको सुरक्षित रहना है। उन्होंने साइबर सेल नंबर 1930 की भी जानकारी दी। इस दौरान कॉलेज में साइबर क्राइम से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल, सचिन पारुल अग्रवाल, प्रधानाचार्य कुमकुम, शैली राजपूत, खुशबू, नेहा, मीनाक्षी, मनीषा, रितु आदि रहीं।


सफाई अभियान चलाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

**हसनपुर, अमृत विचार :** सरदार बेगम पीजी डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को अब्दुल्ला कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया। घर में सफाई करने का संकल्प दिलाया। बताया कि अपने घर की रसोई में गंदगी नहीं होने दें। घर में जाला साफ करते रहें। बर्तनों को साफ कपड़े से ढक कर रखें और ताजा पानी पिएं। बताया कि अपने घर, आसपास में पानी इकट्ठा न होने दें। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नसरे आलम, डॉ. फिरासत अली, डॉ. इरशाद अहमद, अनवर आदि रहे। उधर नगर स्थित झम्मनलाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में कॉलेज परिसर व मार्ग पर सफाई अभियान चलाया। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान रश्मि कुशवाहा, छाया, सौरभ, बृजेश, महावीर आदि मौजूद रहे।

### बाइक से स्टंट करने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रशासन की सख्ती के बाद भी युवा बाइक से स्टंट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने पर पुलिस कार्रवाई भी करती है लेकिन फॉलोअर बढ़ाने के लिए युवा अपनी जान जोखिम में डालकर बाइक से स्टंट कर रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह सैदनगली क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे का बताया जा रहा है।वायरल वीडियो में एक युवक बाइक को एक पहिये पर चलाकर स्टंट कर रहा है। सैदनगली थाना प्रभारी रमेश शेहरावत ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में जांच की जा रही है और जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से थार गाड़ी क्षतिग्रस्त

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर-गजरौला मार्ग पर गुरुवार सुबह बिजली घर के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली और थार की टक्कर हो गई। इससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी में हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। आदमपुर कस्बा निवासी शीशपाल अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली से गढ़मुक्तेश्वर में धान बेचकर अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली हसनपुर गजरौला मार्ग पर बिजली घर के सामने पहुंची तो उसकी थार गाड़ी से टक्कर हो गई। इससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। देर शाम तक दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास चल रहे थे।



हादसे के बाद कोतवाली में खड़ी गाड़ी।


एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

### बंद पड़ी नहर को खोलवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने नहर खोलवाने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि गांव के 3 लोगों ने नहर बंद कर उस पर खेती कर रहे हैं। इससे 3-4 सौ किसानों की धान और गन्ने की फसल नष्ट हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के अल्लीपुर खादर के ग्रामीणों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारी राहुल वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि नहर बंद होने से खेतों में खड़ी फसलों में अधिक पानी भर जाता है। इससे धान व गन्ने की फसल नष्ट हो गई है। ग्रामीण दीपक का कहना है कि काफी समय से गांव के 3 लोगों के द्वारा नहर बंद कर ली गई है। ज्ञापन देने वालों में हर स्वरूप, हरि ओम, कृपाल, महेंद्र, मुनिपाल, टीकाराम, विनोद, सतपाल, प्रेम पाल, रामशरन, वीर सिंह, बीरबल, योगेंद्र, भूपेंद्र आदि शामिल रहे।


एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते लोग।

## ढक्का के लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कस्ब ढक्का के लोगों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि गांव में एक जियारत है। यहां कब्रिस्तान का मैदान है। इसके लिए गठित कमेटी के सदस्य युवक ने पेड़ कटवा लिए हैं। जियारत और मेला आयोजन के लिए सालाना छह लाख से सात लाख का ठेका होता है। लेकिन वह इन रुपये को जियारत के काम में नहीं लगता है।

वक्फ बोर्ड में भी इसका कुछ अंश जमा होता है। जियारत का मैदान काफी नीचा है। बरसात में कब्रों में भी पानी भर जाता है। बताया कि जियारत के पास खड़े पेड़ों की टहनियां घरों की छतों पर लटकने से दिक्कत का सामना करना पड़ता था। उन लोगों ने पेड़ काट दिए थे। जियारत पर अपना मालिकाना हक जताने वाले युवक ने उनके खिलाफ थाने में तहरीर दे दी। लोगों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के बादर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान मुमताज, मोहम्मद नबी, सदाकत, मोहम्मद नदीम, दिलशाद, अनीस, मोहम्मद वसीम, शहजाद, नौशाद, अजीम आदि मौजूद रहे।

### खजूरी गांव में फिर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों ने की पकड़ने की मांग

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र में तेंदुए की दहशत है। लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों को तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पा रही है।

क्षेत्र के गांव खजूरी में एक बार फिर ग्रामीणों को तेंदुआ दिखाई देने से हड़कंप मच गया। इसे लेकर ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीण रात को पहरा देकर गुजर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों ने वन-विभाग की टीम पर तेंदुए को पकड़ने की कोशिश नहीं करने का आरोप लगाया है। क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बरकरार है। खजूरी, निपानिया, धनौरी आदि में आए दिन तेंदुआ दिखाई दे रहा है। बुधवार देर रात भी तेंदुआ दिखाई देने पर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल की तरफ जाने का दावा किया है। वन दरोगा राकेश कुमार ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## सीता हरण का मंचन देख भक्त भावविभोर

संवाददाता, रहरा/मुबारिजपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव बीझलपुर मे चल रही रामलीला में बुधवार रात कलाकारों ने सीता हरण का मंचन किया। इस दौरान हिरण बनकर आए मारीच का शिकार करने के लिए भगवान राम वन में जाते हैं। भगवान का बाण लगते ही हिरण (मायावी राक्षस मारीच) सहायता के लिए लक्ष्मण को पुकारता है।

माता सीता विचलित होकर लक्ष्मण से कहती हैं कि श्रीराम संकट में हैं, उन्हें बचाओ। लक्ष्मण ने कहा कि श्रीराम अपनी रक्षा खुद कर सकते हैं, लेकिन सीता के बार-बार कहने पर लक्ष्मण अग्निरेखा खींचकर श्रीराम को देखने के लिए चले जाते हैं। पीछे से रावण साधु का रूप धारण करके भिक्षा मांगते हुए कुटिया पर आ पहुंचता है। वह सीता को रेखा से बाहर आकर भीक्षा देने के लिए कहता है, जब माता सीता लक्ष्मण रेखा लांघती हैं तो रावण सीता का हरण करके ले जाता है। माता सीता के हरण के साथ ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु उदास हो जाते हैं। रास्ते में जटायु पक्षी रावण को रोकने का प्रयास करता है, लेकिन रावण उसे जख्मी करके सीता को ले जाता है। श्रीराम व लक्ष्मण माता सीता को तलाश करने के लिए जंगल में घूमते हैं व जंगल में श्री सुग्रीव से उनकी मित्रता होती है। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष प्रवेश कुमार उपाध्यक्ष अमित शर्मा, नेकपाल, रामचन्द्र, नरेश, बलवीर, जयपाल आदि मौजूद रहे।


सीता हरण का मंचन करते कलाकार।

### श्रीरामलीला मंचन से पहले किया भूमि पूजन

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में बुध बाजार रेलवे स्टेशन रोड शिव मंदिर पर श्रीरामलीला के मंचन से पहले गुरुवार को विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। पूजन नितिन शर्मा के मार्गदर्शन में कराया गया। भगवान श्री राम से श्रीरामलीला व दशहरे का कार्यक्रम सकुशल आयोजित व संपन्न होने की प्रार्थना की गई। इस मौके पर रामलीला समिति अध्यक्ष सोनू कश्यप, संयोजक अकेन्द्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, महामंत्री प्रदीप वर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश रस्तोगी, संयोजक मनमोहन सेन, प्रबंधक प्रीतम सिंह, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, चंद्रपाल पाल, कुलवंत सिंह, कुलदीप, मोनू कश्यप आदि रहे।

**रेलवे** — गजरौला के रेलवे स्टेशन पर चल रहा नवीनीकरण का काम

## स्टेशन पर बनेगा 12 मीटर का ओवरब्रिज

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** अमृत भारत योजना के तहत गजरौला रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। स्टेशन पर यात्रियों के लिए प्लेटफॉर्म एक से तीन पर पहुंचने के लिए 12 मीटर का ओवरब्रिज बनाया जाएगा। यह सुविधाओं से लेस होगा। इसका नक्शा तैयार किया जा रहा है।

बताया गया कि ओवरब्रिज को बनाने में एक करोड़ रुपये की लागत आएगी। अमृत भारत योजना के तहत गजरौला के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण का कार्य के चलते पुराना भवन टूट चुका है। वहीं नए भवन बनाने का कार्य भी शुरू हो गया है। रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण में नौ करोड़ रुपये का बजट पास हुआ है। रेलवे का मुख्यद्वार भी भव्य बनाया जाएगा। यात्रियों के रेलवे स्टेशन के आने जाने वाले अलग-अलग द्वार बनेंगे। रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव था लेकिन नवीनीकरण के बाद सुविधाओं से लेस होगा। बात अगर ओवरब्रिज की करें तो पहले रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एक से तीन पर जाने के लिए 3 मीटर का ओवरब्रिज है। यात्रियों की सुविधा के लिए इसे तोड़कर 12 मीटर का ओवरब्रिज बनाया जाएगा। यह ओवरब्रिज लगभग एक करोड़ की लागत से बनेगा। सेक्शन इंजीनियर नवीन पाल ने बताया कि अभी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एक से तीन पर पहुंचने के लिए 3 मीटर का ओवरब्रिज है। लेकिन इसको तोड़कर 12 मीटर का ओवरब्रिज बनाया जाएगा।


गजरौला के रेलवे स्टेशन पर बनेगा ओवरब्रिज। ● अमृत विचार

### बागड़पुर में गुस्साए युवक ने दोस्त की बाइक फूंकी

**आदमपुर, अमृत विचार :** आदमपुर क्षेत्र के एक गांव में दो दोस्तों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे गुस्साए युवक ने दोस्त की बाइक में आग लगा दी। इससे बाइक धू-धूकर जल गई।

क्षेत्र के गांव बागड़पुर मुंजप्ता में गजराम के आम के बाग में खड़ी एक बाइक में आग की लपटें निकल रही थीं। इसकी सूचना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बाइक की पहचान गांव के ही राजकुमार पुत्र गजराम की के रूप में हुई। गजराम ने बताया कि सोमवार को उसका बेटा, गांव का ही एक युवक बाइक से अपनी पत्नी को लेने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हतियाखेड़ा गया था। बुधवार देर शाम गांव के बाहरी छोर पर आम के बाग के पास पहुंचे तो दोनों में किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गई। इसके बाद युवक ने उसके बेटे की बाइक में आग लगा दी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

## विधायक के मामा की हत्या का जल्द हो सकता है खुलासा

संवाददाता, हसनपुर

- कोतवाली में बुलाकर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने परिजनों से की पूछताछ

**अमृत विचार :** घंसूरपुर गांव में भाजपा विधायक के मामा की हत्या का खुलासा करने के लिए पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच चुकी है। पुलिस को कई अहम सबूत मिले हैं। लेकिन मजबूत साक्ष्य नहीं मिल पाने के कारण अभी खुलासा नहीं कर पाई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर निवासी सत्यप्रकाश की 19 सितंबर की रात पशुशाला में गोली मारकर हत्या कर दी थी। सत्यप्रकाश भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के सगे मामा थे। मामला सत्ता पक्ष के विधायक से जुड़ा होने के कारण पुलिस अधीक्षक एवं डीआईजी ने मौका मुआयना कर हत्या का जल्द खुलासा करने के लिए आठ टीमों को लगाया गया था। लेकिन अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। गुरुवार सुबह से ही पुलिस के आला अधिकारियों ने कोतवाली में डेरा डाले रहे। पीएसी एवं अन्य जनपदों की क्राइम ब्रांच की टीमें भी हसनपुर में डेरा जमाए हुए हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस ने मृतक सत्य प्रकाश के परिजनों को कोतवाली बुलाकर उनसे पूछताछ की है। पुलिस विधायक के मामा की हत्या का जल्द खुलासा कर सकती है। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, सीओ दीप कुमार पंत समेत क्राइम ब्रांच की टीमें कोतवाली में डटी रहीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस टीम कार्य कर रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

## एक नजर

### असपा उठा रही शोषित वर्ग की आवाज

**सैदनगली/उझारी, अमृत विचार** : आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव बाबू शराफत की संस्तुति पर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार चौधरी ने कस्बा उझारी के मोहल्ला महल निवासी मोहम्मद अदनान को युवा मोर्चा का मंडल मुरादाबाद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर अदनान ने कहा कि आजाद समाज पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। सांसद चंद्रशेखर आजाद शोषित वर्ग की आवाज उठा रहे हैं। देश में नफरत की राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाली है। अधिकांश लोग प्रेम का माहौल चाहते हैं। आने वाला समय आजाद समाज पार्टी का है।

### गजरौला के शिव इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता, मंडी धनौरा के वाईएमएस पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दिलाई स्वच्छता की शपथ

# खो-खो संकुल प्रतियोगिता में नेहा इंटर कॉलेज के बालकों का रहा दबदबा

संवाददाता, गजरौला/मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** नगर के शिव इंटर कॉलेज में गुरुवार को हुई खो-खो संकुल प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर बालक वर्ग में नेहा मेमोरियल इंटर कॉलेज के बालकों का दबदबा रहा। जो सब जूनियर वर्ग में शिव इंटर कालेज को हराकर तथा जूनियर वर्ग में राजकीय हाई स्कूल खुंगवाली को हराकर विजेता बने। सीनियर वर्ग में शिव इंटर कॉलेज के विधार्थी कपिल, आदर्श इंटर कॉलेज के बालकों को हराकर विजेता बने।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ.रवि भूषण शर्मा ने सभी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। कहा कि शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का अवसर देती है। खेल विधार्थी का चहुंमुखी विकास करता है। उसका व्यक्तित्व खिल उठता है। प्रधानाचार्य डॉ. शलभ भरद्वाज ने टॉस कराया। संकुल प्रभारी डॉ. शरद शर्मा ने बताया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सुसज्जित संकुल गजरौला की संयुक्त टीम, शुक्रवार को राजकीय बालिका विद्यालय अमरोहा में जनपद स्तर पर प्रतिभाग करेगी। इस दौरान शैलेंद्र कुमार, विशाल अग्रवाल, मोहम्मद मुगिज निर्णायक रहे। जितेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, नवनीत कुमार ने स्कोरर की भूमिका निभाई। रेफरी संदीप सिंह रहे। उधर, मंडी धनौरा नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में गुरुवार को स्वयं सेवक व सेविकाओं ने श्रमदान किया। छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने किया। प्राचार्य ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम की सार्थकता तब है, जब हम उसे धरातल पर स्थापित करें। स्वच्छता अभियान जागरूकता बनाए रखने की पृष्ठभूमि में एक दूरदर्शी सोच है। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना व आस पास कूड़ेदान की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। प्रवक्ता जयवीर सिंह ने बताया कि शासन की नीतियां तब तक साकार नहीं हो सकेंगी, जब तक हम आगे बढ़कर कदम नहीं उठाएंगे। हमें स्वयं जागरूक होते हुए दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।



गजरौला में प्रतियोगिता के दौरान हाथ मिलाते छात्र। ● अमृत विचार



मंडी धनौरा में स्वच्छता की शपथ लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### बैठक में संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए

**गजरौला, अमृत विचार** : नगर पालिका कार्यालय में गुरुवार को हुई बैठक में ईओ दीपिका शुक्ला व सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के डॉ.ओम सैनी ने संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी। डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के उपाय बताए।

ईओ ने बताया कि हमें अपने घरों में पानी जमा नहीं होने देना है। टायरों, गमले, कूलर में प्रतिदिन एंटी लार्वा का छिड़काव करना है। स्वच्छता प्रभारी व लेखाकार आदेश कुमार अग्रवाल, सफाई प्रभारी अजय कुमार, सभासद अरविंद यादव, गुड्डु रावत, पुष्पा चौधरी, अंशु चौधरी, मंजू शर्मा, विनीता अग्रवाल, कपिल चौधरी उर्फ भानु, राजपाल सिंह, कपिल रावत तथा सभासद पति अनिल अग्रवाल, अशोक कुमार, देवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अस्पतालों में प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में उतरे निजी चिकित्सक

## 28 सितंबर से पूर्ण रूप से सेवाएं बंद करने की दी चेतावनी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : नगर के गोलघर स्थित एक रिसोर्ट में हॉस्पिटल, क्लीनिक लैब फार्मेसी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की गुरुवार को एक बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के निजी चिकित्सकों ने प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य पिंटू भाटी ने बताया कि प्रशासन की कार्रवाई से क्षेत्र के सभी निजी चिकित्सक नाराज हैं। निजी चिकित्सक बीएएमएस, बीयूएमएस, बीफार्मा, डीएमएलटी की डिग्री पर कई वर्षों से सरकारी नौकरी न मिलने के कारण प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रशासन को ध्यान रखना चाहिए कि ये वही चिकित्सक हैं, जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी सेवाएं जारी रखी थी और गरीब, मजदूर समेत लाखों लोगों की जान बचाने का जरिया बने थे। लेकिन पिछले कई दिनों से जनपद में प्रशासन द्वारा निजी चिकित्सकों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उनका यह उत्पीड़न असहनीय है।

एसोसिएशन ने प्रशासन से मांग की है कि वह प्राइवेट चिकित्सकों पर हो रही कार्रवाई में नरमी बरतें और अपने मनमानी बंद करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने अपने मनमानी बंद नहीं की तो 28 सितंबर से सभी प्राइवेट चिकित्सक अपने क्लीनिक, फार्मेसी, लैब व हॉस्पिटल की सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रखेंगे। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष नेपाल सिंह, रावेंद्र सिंह, पंकज, कमल, सचिन, रनवीर, बृजपाल, भूपेंद्र, कपिल, राहुल, नीरज कौशिक, संजय कुमार, राशिद अली, खालिद, तनवीर, जमशेद, जाकिर, रंजीत, नितिन, अनिल, सुमित, मोहन सिंह, कमलेश सिंह, महेंद्र सिंह, सोनम कपूर, मुकेश, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।



बैठक में चर्चा करते निजी चिकित्सक। ● अमृत विचार

### छेड़खानी के दोषी को चार साल की हुई सजा

**अमरोहा, अमृत विचार** : नौगांवा सादात क्षेत्र में करीब 5 साल पहले बालिका से छेड़खानी करने के मामले में कोर्ट ने युवक को चार साल जेल की सजा सुनाई है। दोषी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना नौगांवा सादात क्षेत्र में 29 जुलाई 2020 को हुई थी। यहां मजदूर का परिवार रहता है। मजदूर रोजगार के सिलसिले में बाहर गया था। इस दौरान उसकी नौ वर्षीय बेटी अपने छोटे भाई से दवा लेकर कहीं जा रही थी। गांव के ही रहने वाले अजय ने रास्ते में बालिका का हाथ पकड़ लिया था और छेड़खानी की थी। शाम को घर लौटने पर मजदूर को घटना का पता चला था। मामले में मजदूर ने अजय के खिलाफ छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय ईश्वर सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी ने पैरवी की। गुरुवार को कोर्ट में मामले की आखिरी सुनवाई हुई। कोर्ट ने पत्रावली के अवलोकन और साक्ष्य के आधार पर अजय को दोषी करार दिया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सोने के कुंडल और चेन ठगे, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को झांसे में लेकर दो युवकों ने उसे नकली नोटों की गड्डी दिखाई। इसके बाद आरोपियों ने उसके कुंडल व सोने की चेन ठग ली। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के जोया रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल के सामने की है। मोहल्ला बदावला निवासी सुरेंद्र सिंह की पत्नी सुषमा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। बुधवार देर शाम वह फ्लाईओवर से उतरीं तो कुछ लोग उनके पीछे लग गए। इसके बाद दो लोगों ने उनसे रास्ता रोककर कुछ पूछताछ की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का आरोप लगाया कि दो युवकों ने उसे नोटों की गड्डी दिखाई और कहा कि यह दो लाख रुपये लो। इसके बाद युवकों के कहने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने अपने कानों के कुंडल और गले की चेन उतारकर उन्हें दे दी। आरोपियों ने उससे कहा कि अपनी आंखें बंद करो और पीछे की ओर देखो। जब सुषमा ने पीछे देखा तो वे भाग चुके थे। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### मोहल्ला कुरैशी में नाले में पड़ा मिला युवक का शव

**अमरोहा, अमृत विचार** : शहर स्थित नाले में युवक का शव पड़ा मिला। उसकी शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी नसरुद्दीन (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुधवार देर रात उसका शव नाले में पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने शव पड़ा होने की सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाले से शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस मामले में नगर कोतवाली प्रभारी पंकज तोमर का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार संक्षेप

### तिलक व कलावे का विरोध करने पर शिक्षिका निलंबित

**अमरोहा, अमृत विचार** : जलालपुर स्थित एक कॉलेज में तिलक लगाकर और कलावा बांधकर आई छात्रा ने शिक्षिका पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। इस मामले में छात्रा के पिता की शिकायत पर डीआईओएस के आदेश के बाद प्रबंधक ने शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। यह मामला क्षेत्र के गांव जलालपुर थाना स्थित एकेजी इंटर कॉलेज का है। इस कॉलेज में खुशी शर्मा कक्षा 9 की छात्रा है। उसका आरोप है कि वह गुरुवार को स्कूल में तिलक लगाकर और कलावा बांधकर गई थी। तभी यहां शिक्षिका आरती ने इसका विरोध किया। इसके बाद छात्र ने इसकी शिकायत अपने परिवार से की। पीड़ित छात्रा के पिता स्कूल में पहुंचे और प्रधानाचार्य से शिक्षिका की शिकायत की। मामले में डीआईओएस ने प्रबंधक को पत्र जारी कर जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रबंधक ने शिक्षिका आरती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी बनाई है।

### समितियों के डेलीगेट चुनाव के लिए 401 नामांकन

**अमरोहा, अमृत विचार** : गन्ना सहकारी समितियों के चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार सुबह 10 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो शाम पांच बजे तक चली। जिले में सहकारी गन्ना समितियों के संचालक मंडल के चुनाव होने हैं। गुरुवार को समितियों पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्र जमा किए गए। पुलिस ने नामांकन स्थलों के बाहर बैरिकेडिंग कर रखी थी। इससे नामांकन स्थलों पर अधिक भीड़ नहीं हो सकी। लोग नामांकन स्थल से 200 मीटर दूर खड़े रहे। समितियों पर भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। गेट से लेकर अंदर तक पुलिस फोर्स तैनात रहा। नामांकन पत्र जमा करने वालों को ही अंदर जाने दिया गया। अमरोहा सहकारी गन्ना विकास समिति में डेलीगेट के कुल 643 पदों पर चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस दौरान 401 पर्चे जमा हुए। इस मौके पर एसडीएम सदर सुधीर कुमार, सीओ, प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स मुस्तैद रहे। शुक्रवार को नामांकन प्रपत्रों की जांच की जाएगी। 30 सितंबर को नाम वापसी होगी।

### जांच में राशन घटतौली की शिकायत सही मिली

**बुरावली/रहरा, अमृत विचार** : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपना के ग्रामीणों विनोद, कपिल, अश्वतेश, ब्रह्मपाल, जगबीर, राजीव, विपिन, संजीव, दीपक ने राशन में घटतौली व उनसे अभद्र व्यवहार को लेकर 7 सितंबर को जिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया था। राशन डीलर की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने डीलर बबलू पर आरोप लगाते हुए बताया था कि वह 4 किलो प्रति यूनिट की दर से राशन देता है। ग्रामीणों की इस शिकायत पर गुरुवार को सप्लाई इंस्पेक्टर वेद प्रकाश अग्रवाल गांव छपना पहुंचे और राशन दुकान की जांच की। जांच में घटतौली की शिकायत सही मिली है। सप्लाई इंस्पेक्टर वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि जांच पूरी कर रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार** : ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव रूखालू निवासी सेवा सिंह (40) पुत्र बदलू सिंह शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर में अपनी रिश्तेदारी में रहे थे। बुधवार देर रात अहरौला तेजवन के पास टहलने के लिए गए थे। वहां से वह लौट रहे थे। जैसे ही रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे तो ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जेठ ने महिला से किया दुष्कर्म, पीटकर घर से निकाला

**डिडौली, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक गांव की महिला ने जेठ पर दुष्कर्म करने और ससुराल वालों को पीटकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। उसने कोतवाली में तहरीर देकर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी 12 मार्च 2017 को रामपुर जिले के एक गांव निवासी युवक के साथ की थी। शादी से पहले बताया था कि युवक का जूतों का शोरूम है, लेकिन बाद में पता चला कि वह शोरूम पर नौकरी करता है। इस पर महिला ने कोई एतराज नहीं जताया। आरोप है कि बाद में ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला पर मायके से 10 लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया। शिकायत करने पर पीटकर उसे घर से निकाल दिया। 18 अगस्त को पति व अन्य ससुराल वाले फैसला करने के बहाने उसके मायके आए। यहां वे 10 लाख की मांग दोहरने लगे। विरोध पर मारपीट की और ग्रामीणों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में पीड़िता की तहरीर पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

### बस के चालक-परिचालक की सेवा समाप्त

**बरेली अमृत विचार** : शराब के नशे में बस दौड़ाने पर आरएम ने बरेली डिपो के संविदा चालक और परिचालक की सेवा समाप्त कर दी गई है। जांच में दोनों पर आरोप सही पाए गए थे। 14 सितंबर को बरेली डिपो के चालक-परिचालक के खिलाफ दो शिकायतें मिलीं। पहली शिकायत रामपुर बस अड्डे से आई, जहां चालक सुमित शर्मा को शराब के नशे में बताया गया। शिकायत मिलते ही एआरएम ने रामपुर में संपर्क किया और सुमित की जांच कराई गई। वहीं दूसरी शिकायत उझानी से आई, जहां परिचालक शिवकुमार के शराब के नशे में होने की सूचना मिली। मेडिकल कराने पर दोनों में शराब पीने की पुष्टि हुई। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने जांच में आरोप सही पाए जाने पर रिपोर्ट आरएम दीपक चौधरी को भेज दी। जिसके बाद दोनों संविदा चालक व परिचालक की सेवा समाप्त कर दी गई है।

### ड्रग माफिया से प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद

**सितारगंज, अमृत विचार** : ग्राम सिसैया में ड्रग माफिया पर बड़ी कार्रवाई हुई है। बुधवार को पूर्वाह्न से शुरू होकर रात भर चली छापेमारी में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद हुआ है। इतने बड़े स्तर पर प्रतिबंधित दवाओं के खुलासे को उत्तराखंड में अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। मेडिकल स्टोर की आड़ में यह नशीला कारोबार चल रहा था। मेडिकल स्टोर संचालक दोनों सगे भाइयों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फ़ोर्स के प्रभारी राजेश पांडे के अनुसार बुधवार को वह अपनी टीम के साथ मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम की कार्यवाही के लिए निकले हुए थे। सिसैया स्थित राजेश मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में नशीली दवाइयां मौजूद हैं। इसके बाद टीम तत्काल सिसैया पहुंच गई। जहां से उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. नीरज कुमार और सितारगंज कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र बृजवाल से संपर्क किया। सरकड़ा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. नीरज कुमार तुरंत वहां पहुंच गए। इस छापेमारी में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद हुआ। छापेमारी के बाद टीम ने बताया कि मेडिकल स्टोर व गोदाम से प्रतिबंधित 153176 कैप्सूल, 5949 इंजेक्शन व 57050 नशीली टेबलेट्स बरामद की गई हैं। मेडिकल स्टोर स्वामी मखवारा फार्म सिसैया निवासी राजेश कुमार (25) व उसके भाई हरपाल सिंह (30) को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## उत्तराखंड-आसपास

# डिग्री मार्कशीट अपलोड करने में रुविवि देश में प्रथम

## एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत डिजिलॉकर पर सबसे अधिक 4.8 लाख डिग्री और मार्कशीट की अपलोड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**उपलब्धि**
- देश के टॉप 25 विश्वविद्यालयों में यूपी के चार विवि शामिल

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के तहत डिजिलॉकर पर सबसे अधिक 4 लाख 80 हजार डिग्री और मार्कशीट अपलोड करने पर देश में पहले स्थान पर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से गठित राष्ट्रीय शिक्षा नीति जोन ग्रुप ने इसकी सूचना विश्वविद्यालय को दी है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि डिजिलॉकर पर मार्कशीट और डिग्री उपलब्ध होने से छात्रों को अत्यधिक लाभ होता है, क्योंकि उन्हें मार्कशीट और डिग्री के लिए सत्यापन के लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रहित के कार्यों को प्रथम वरीयता देता है और उसके लिए संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध एवं कटिबंध है।

**सर्वाधिक दस्तावेज अपलोड करने वाले टॉप 25 संस्थान :** पिछले 100 दिनों में देश के 450 से अधिक संस्थानों ने एपीएआर आईडी के साथ 45 लाख से अधिक क्रेडिट-पैटर्न रिकॉर्ड अपलोड किए हैं। इनमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय 4.8 लाख रिकॉर्ड के साथ पहले स्थान पर है। इसके अलावा गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने 3.5 लाख, मैसूर विश्वविद्यालय ने 2.2 लाख, उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ने 1.7 लाख, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या ने 1.6 लाख रिकॉर्ड, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय सूरत ने1.6 लाख, शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर ने 1.6 लाख, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ ने 1.2 लाख, दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक लाख, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर ने 98 हजार, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने 93 हजार, महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने 93 हजार, मैंगलोर विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तू ने 77 हजार, नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय कोलकाता ने 73 हजार रिकॉर्ड, आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम ने 68 हजार, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने 61 हजार, रानी चन्नम्मा विश्वविद्यालय, बेलगावी ने 56 हजार, एसआरएम विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई ने 56 हजार, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर ने 55 हजार अभिलेख, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर ने 51 हजार, गांधी प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान (गीतम) ने 51 हजार, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 51 हजार और मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने 50 हजार रिकॉर्ड अपलोड किए हैं।

### सुधार परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 4 से 12 अक्टूबर तक द्वितीय पाली में 12 से 3 बजे तक होगी। इसके अलावा बीएससी ऑनर्स द्वितीय वर्ष की भी बैक परीक्षा का भी संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। यह परीक्षा 4 से 15 अक्टूबर तक होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

### मूल्यांकन को चुनौती के लिए कल से आवेदन

बीयूएमएस अंतिम वर्ष-2024 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र 28 सितंबर से चुनौती मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने और फीस जमा करने की अंतिम तारीख 3 अक्टूबर है।

### फेल छात्रों को मौका, कल से भर सकेंगे फार्म

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस सत्र 2016-17 और 2017-18 की परीक्षा में शामिल होने वाले और निर्धारित सात अवसरों के बाद भी फेल छात्रों को दया याचना के तहत एक और अंतिम अवसर दिया। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर परीक्षा नियंत्रक ने दोनों सत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की विशेष पूरक परीक्षा के परीक्षा फॉर्म 28 सितंबर से भरने की तिथि निर्धारित की है। छात्र 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। कॉलेजों को 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

### चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाएं मुसलमान: मुफ्ती

**बरेली, अमृत विचार** : दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मौलाना मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने मुसलमानों से अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाने की अपील की है। उन्होंने इस बात पर अफसोस भी जताया है कि इस इस्लामी झंडे को पाकिस्तानी झंडा बताकर विरोध किया जा रहा है और इसे माहौल खराब करने का बहाना बनाया जा रहा है।

ईद मिलादुन्नबी पर मुसलमानों के अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे लगाने का जिले में कई जगह विरोध किया गया था। हिंदू संगठनों ने शिकायत की थी कि घरों पर पाकिस्तान का झंडा लगाया गया है, इन शिकायतों पर पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी। अब दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन अहसन मियां ने कहा है कि मुसलमान पैगंबर इस्लाम की आमद पर इस्लामिक झंडा लगाकर खुशी मनाते हैं। हरे रंग का इस्लामी झंडा गुंबद रसूल से निस्बत का पैगाम देता है।

# प्रेमी जोड़े ने खाया जहर, प्रेमिका की मौत

संवाददाता, मीरगंज(बरेली)

**अमृत विचार** : थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथ पुर में परिजनों के प्रेम संबंध में बाधा बनने पर प्रेमी जोड़े ने बुधवार शाम जहर खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रेमिका की मौत हो गई। वहीं प्रेमी की हालत में सुधार है।

गोरा लोकनाथपुर में अनिल कुमार (20) की ननिहाल है। यहां वह पिता और दादी के साथ रहता है। वह पड़ोस में ही रहने वाली पूजा (30) से प्यार करता था लेकिन परिजन विरोध करते थे। बुधवार दोपहर को पूजा के परिजनों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पूजा ने शाम को जहर खा लिया। पूजा को ससुर अस्पताल लेकर जा रहे थे तो धमकी दी थी कि पूजा को कुछ हुआ तो उसे अनिल को मार डालेंगे। इसके डर से अनिल ने भी जहर खा लिया। दोनों को अलग-अलग निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान पूजा की देर रात 2 बजे मौत हो गई, जबकि अनिल कुमार की हालत में सुधार होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पूजा के एक बेटा गौरव (2) और बेटी सर्वी (4) है।

इस संबंध में मीरगंज थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि प्रेमी जोड़े ने एक साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे प्रेमिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रेमी की हालत में सुधार है। पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खिड़की से पूजा के घर जाता था अनिल

पूजा की शादी वर्ष 2017 में काशीराम के साथ हुई थी। वह दिल्ली में कबाड़ का काम करता है। पूजा का उसके पति और सास-ससुर से अक्सर विवाद होता था। वहीं अनिल अपनी मां के निधन के बाद से ननिहाल में ही मकान खरीद कर पिता और दादी के साथ रहता था। करीब आठ महीने पहले अनिल और पूजा के प्रेम संबंध हो गए। अनिल सभी के सामने उसे अपनी पत्नी बताता था। अनिल ने बताया कि पूजा के घर के पीछे एक खिड़की लगी है। वह इसी खिड़की के रास्ते पूजा से मिलने उसके घर जाता था। बताया जा रहा है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से अनिल फरार है और पूजा के परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं।

- **गोरा लोकनाथपुर का मामला प्रेमी को अस्पताल से छुट्टी**

### अब इलेक्ट्रिक वाहनों से चिड़ियाघर जाएंगे पर्यटक

**नैनीताल, अमृत विचार** : शहर के चिड़ियाघर में पर्यटकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन जल्द ही शुरू होने जा रहा है। नगर पालिका जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इससे न केवल पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा।

पूर्व में पालिका प्रशासन ने दो बार टेंडर जारी किए थे, लेकिन किसी भी इच्छुक ठेकेदार का नहीं मिलना इस प्रक्रिया में बाधा बना रहा था। हाईकोर्ट से मिली मंजूरी के बाद नगर पालिका ने फिर से टेंडर जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों की उम्मीदें अब इस नए कदम से जुड़ी हैं, जो न केवल एक सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि शहर के पर्यावरण को भी संरक्षित रखने में मदद करेगा।

# ऑटो लिफ्टर गिरोह दबोचा चोरी की 14 बाइकें बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में लगातार हो रही बाइक चोरियों पर विराम लगाते हुए पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गिरोह के चार सक्रिय चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और किराए के मकान के कमरे से 14 चोरी की बाइकें भी बरामद की हैं। बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी पेशेवर बाइक चोर गिरोह से जुड़े हैं। जो चोरी की बाइकों को चुराकर छिपा देते थे और मौका पाकर ठिकाने लगाने की कोशिश भी करते थे।

गुरुवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 25 सितंबर को सीओ सदर निहारिका तोमर की मौजूदगी में कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में पुलिस टीम शिमला पिस्तौर स्थित मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पु आरोपियों ने अपना नाम मूल रूप से रहने वाले सुमित लाल निवासी ग्राम बुढासी शीशगढ़ व वर्तमान पता दूधिया नगर खेड़ा, ग्राम पछुवा पैगा देवरनिया बरेली व हाल पता खेड़ा बस्ती निवासी संजीव कुमार, ग्राम दोपहरिया थाना पुलभट्टा निवासी अजय कुमार उर्फ गुज्जर और फाजलपुर महरौला व मूल निवासी बिलासपुर रामपुर निवासी विपिन यादव उर्फ अभि यादव बताया। पूछताछ में पहले आरोपी पुलिस को गच्चा देने की कोशिश करने लगे, लेकिन कड़ी पूछताछ के बाद आरोपियों ने बताया कि वह शहरी इलाके से बाइक को चुराकर गंगापुर मार्ग स्थित एक किराए के मकान में बाइकों को छिपा देते थे।

## दो कैदियों की रिहाई एक बरेली जेल का

**लखनऊ,अमृत विचार:** राज्यपाल ने हत्या दोषसिद्ध होने के बाद आजीवन कारावास की सजा पाए दो कैदियों को समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है, जबकि एक कैदी का आचरण संतोषजनक न पाए जाने के कारण रिहाई निरस्त कर दी है। बरेली कारागार में निरुद्ध गुड्डू पुत्र रहीम सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र का निवासी था। 2005 में गुड्डू को मृत्युदंड की सजा मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। गुड्डू का जेल में आचरण संतोष जनक पाए जाने पर राज्यपाल ने समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है। इसी तरह फतेहपुर जेल में बंद अनुज कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता ने अपनी पत्नी को जलाकर हत्या कर दी थी। 1994 में अनुज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उधर, वाराणसी जेल में बंद सुशील पटेल जो कि बलिया का रहने वाला है, ने तीन सह अभियुक्तों के साथ 12 वर्षीय किशोरी की बलात्कार कर हत्या कर दी थी। इसलिए राज्यपाल ने सुशील की रिहाई निरस्त कर दी।

# डॉक्टर दंपती से 1.86 करोड़ ठगे

## आईएफएस अधिकारी और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- अनी बुलियान ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट के नाम कंपनी खोल की ठगी
- डॉक्टर दंपति के क्लीनिक पर बेटी का इलाज कराने आती थी आईएफएस अधिकारी

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विशालखंड-2 निवासी डॉक्टर दंपति से निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1,86,89,310 रुपये ठग लिए गए। यह ठगी अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के सीएमडी अजीत गुप्ता और उनकी आईएफएस पत्नी निहारिका सिंह ने की।

डॉक्टर दंपती ने गोमतीनगर कोतवाली में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है। दंपती ने बताया कि आईएफएस अधिकारी उनके क्लीनिक पर बेटी का इलाज कराने आती थी। उनको करीब 18 साल से जानते हैं। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। विशालखंड निवासी डॉ. शैलेश अग्रवाल और उनकी पत्नी मृदुला अग्रवाल का निजी क्लीनिक है। दोनों ने बताया कि उनकी पहचान आईएफएस अधिकारी निहारिका सिंह से 2016 से थी। वह अपनी बेटी अनी को दिखाने के लिए क्लीनिक पर आती थी। इस दौरान निहारिका सिंह ने अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के बारे में जानकारी दी। कहा कि इसके सीएमडी उनके पति अजीत गुप्ता है। वह 2010 से सात से आठ कंपनी चला रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा मिलेगा। डॉक्टर दंपती ने बताया कि निहारिका सिंह क्लीनिक पर जब भी आती थी निवेश के लिए जरूर बात करती थी। उनकी बातों में आकर डॉ. शैलेश अग्रवाल ने अनी बुलियन ट्रेडर्स में धीरे-धीरे कर कई किस्तों में 1,22,26060 रुपये का निवेश किया। वहीं, उनकी पत्नी डॉ. मृदुला ने 64,63,250 रुपये का निवेश किया। अचानक से 2019 में निवेशकों का धन आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लि. में निवेश करने की जानकारी हुई। इसी बीच अजीत को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। निहारिका सिंह से संपर्क किया गया तो कहा गया कि अजीत के जेल से बाहर आने के बाद ब्याज समेत रुपये वापस कर दिए जाएंगे। डॉक्टर दंपती ने बताया कि ठगी की शिकायत गोमतीनगर थाने में की। पुलिस ने कोई मदद नहीं की। डीजीपी कार्यालय तक पत्राचार किया, वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके कोर्ट में अर्जी डाली। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया।

## उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में बताया

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो के दूसरे दिन हॉल नंबर-2 में तीन ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इसमें उद्यमी, उभरते उद्योग, नवउद्यम और नए व्यापार शुरू करने के इच्छुक लोग शामिल हुए। अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा इनोवेशन और स्टार्ट-अप सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को एकेटीयू की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने अकादमिक उत्कृष्टता से उद्यमिता तक की यात्रा पर एक प्रस्तुति दी गई। इनोवेशन हब के प्रमुख माहीप सिंह और इनोवेशन हब की प्रबंधक वंदना शर्मा ने बताया कि कैसे इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और नवउद्यमों को सशक्त बना रहा है और स्थानीय नवउद्यमों के लिए फंडिंग का मार्ग खोल रहा है। साथ ही एक अन्य सत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने की।

# जल्द तैयार होगा सेमीकंडक्टर व सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का हब

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा

**03** प्रोजेक्ट पूरे करने पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किया फोकस


योजनाओं के बारे में बताते यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह।

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से राज्य सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर जगह में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के प्रोजेक्ट पर फोकस करते 16 स्टाल लगाए हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीनें भी आरक्षित कर दी गई हैं। हाल में हुए सेमीकॉन समिट में निवेशकों ने रुचि दिखाई।इसमें अमेरिका की तीन कंपनियां भी हैं। तीनों प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तावित हैं। मंजूरी मिलते ही सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन दी जाएगी। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) के लिए इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए अलग से जमीन निर्धारित की है। इसकी स्कीम यीडा की बोर्ड मीटिंग के बाद निकाली जाएगी। फिनटेक पार्क के लिए हैवल्स, एंकर जैसी कंपनियां सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में या तो कार्य कर रही हैं या फिर करने जा रही हैं।

## सार-संक्षेप

### ड्रोन कैमरे में कैद हुआ आदमखोर लंगड़ा भेड़िया



**भगवानपुर, बहराइच, अमृत विचार :** वन विभाग को जिस लंगड़े खूंखार भेड़िया की तलाश थी, वह भी ड्रोन कैमरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने उसकी निगरानी के लिए टीम लगा दी है। अब छठे भेड़िया को पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया के हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 45 से 50 लोग घायल हो चुके हैं। भेड़िया के हमले को रोकने के लिए वन महकमा ने अब तक पांच भेड़िया को पकड़ा है। लेकिन सबसे खतरनाक और झुंड का सरदार लंगड़ा भेड़िया को अभी तक नहीं पकड़ पाया है। गुरुवार सुबह छठा भेड़िया ड्रोन कैमरे में कैद हो गया। महसी के सिकंदरपुर इलाके में दिखा छठा भेड़िया दिखा है। कई दिनों से वन विभाग की टीम को छठा भेड़िया चकमा दे रहा है। छठा भेड़िया के ड्रोन कैमरे में कैद होने से उसके पकड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

### पेसमेकर घोटाले के सप्लायर की जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता,लखनऊ :** सैफई के बहु चर्चित पेसमेकर घोटाला मामले में अभियुक्त बनाए गए सप्लायर इन्द्रजीत कुमार की जमानत याचिका गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने पारित किया। मामले में आरोप है कि एमआरआई पेसमेकर की जगह नॉन एमआरआई पेसमेकर की सप्लाई कर डॉक्टरों और मरीजों से मोटी रकम ऐंठी गयी। आरोप है कि इन्द्रजीत कुमार ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ. समीर सर्राफ के साथ साठगांठ कर नकली पेसमेकरों की सप्लाई की। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता पांशु अग्रवाल ने दलील दी कि मामले में 7 फरवरी 2022 को इटावा के सैफई थाने में डॉ. आदेश कुमार ने एफआईआर दर्ज कराते हुए, ऑडिट समिति की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. समीर सर्राफ को नामजद किया था। दलील दी गई कि मामले में इन्द्रजीत कुमार के खिलाफ एफआईआर में सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं बल्कि उसका नाम विवेचना के दौरान लाया गया।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** वर्ष 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। एसटीएफ ने पूर्व प्रधानाचार्य से पूछताछ शुरू कर दी है। विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति इसी कॉलेज में कार्मिक था, जिसको प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में 04 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान जब उससे पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था। बतादें कि एसटीएफ ने पारुल सोलोमन की गिरफ्तारी एसटीएफ कार्यालय में ही पूछताछ के दौरान की है।

### भारत में प्रतिबंधित है चाइनीज लहसुन



**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेहत के लिए खतरनाक प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन के बाजार में धड़ल्ले से बिक्री पर गम्भीर रूख अपनाते हुए, फूड सेफ्टी व ड्रग प्रशासन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को शुक्रवार को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पूछा है कि चाइनीज लहसुन बाजारों में कैसे खुलेआम बेंचा जा रहा है जबकि उस पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से भी पूछा है कि देश में उक्त प्रतिबंधित लहसुन के प्रवेश को रोकने के लिए क्या तंत्र है और क्या सरकार ने प्रतिबंधित लहसुन के देश में आवक का स्त्रोत पता करने के लिए कोई कार्रवाई की है। न्यायालय मामले की सुनवायी शुक्रवार को पुन: करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया।

## अश्लील हरकत करने वाले शाहजहांपुर के युवक को जेल

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** जिले के सात थाना क्षेत्रों में वांछित और वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। वहीं प्रभावी कार्रवाई के तहत 14 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।

थाना रामपुरमथुरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित शाहजहांपुर जनपद के थाना जैतपुर स्थित जिगनिहा निवासी राहुल पुत्र सोनपाल सिंह और इलाके के केवड़ा निवासी हरद्वारी पुत्र समई को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना इमलिया सुल्तानर पुलिस ने छत्रपाल, खैराबाद पुलिस ने राकेश कुमार और कुबली की गिरफ्तारी की। थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा रमाकान्त, मनोज, अमरजीत और मायाराम को जेल भेजा। तालगांव से मंटू और सूरज चोरी से काटे हुए 15 बोटे लिप्टिस के व जलौनी कुल करीब 2 क्विंटल लकड़ी के साथ गिरफ्तार किये गए। अभियुक्तगण का चालान मा.न्यायालय किया गया है।थाना सकरन पुलिस द्वारा दिलीप कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। महमूदाबाद से बाबूपुर निवासी मनिचन्द्र को जेल भेजा।

# एमपी अग्रवाल ने स्टॉल का निरीक्षण कर दिये सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा यह स्टॉल


सेंटर मार्ट में लगे उच्च शिक्षा विभाग उप्र. के स्टाल का निरीक्षण करते एमपी अग्रवाल।

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा विभाग ने 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में आयोजित उप्र. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी प्रमुख पहलों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में विभाग ने इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में की गईं अपनी महत्वपूर्ण प्रगति और नीतियों को प्रदर्शित किया।

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एमपी अग्रवाल ने मेले में विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया और सुधार के लिए कुछ अहम सुझाव भी दिए। यह स्टॉल मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन, शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उपयोग, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को उच्च शिक्षा में एकीकृत करने जैसी पहलों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

### त्योहारों के मद्देनजर मथुरा में निषेधाज्ञा लागू

**मथुरा,एजेंसी :** मथुरा के जिलाधिकारी ने आगामी दो माह के लिये जनपद में रामलीला महोत्सव, नवरात्रि, विजयादशमी, दीपावली आदि पर्वों को देखते हुए 23 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके चलते कहीं भी कोई व्यक्ति अथवा संगठन बिना अनुमति के पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा नहीं कर सकते। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी।

### खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम, राजनीति ज्यादा : मायावती



**लखनऊ, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम और चुनावी राजनीति ज्यादा हो रही है। खाद्य दुकानों पर संचालकों के नाम लिखाए जाने के निर्देश पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि क्या इससे मिलावट का काला धंधा खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रसाद में मिलावट के असली दोषी पर कार्रवाई जरूरी है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि राज्य सरकार की ओर से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबो आदि में संचालक, प्रबंधक के नाम पता के साथ ही सीसीटीवी लगाने की घोषणा कांवड़ यात्रा के दौरान भी हुआ था। उन्होंने कहा कि खाद्य मिलावट की रोकथाम के लिए पहले भी सख्त कानून उपलब्ध हैं, परोम सरकारी लापरवाही व मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसादम के लड्डू में मिलावट ने देश भर के लोगों को दुखी कर रखा है। इस घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन है, इस पर चिंतन जरूरी है।

# अधिकारियों के पदनाम के पहले माननीय शब्द जोड़ने पर सरकार से मांगा जवाब



**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मौसमी संग्रह चपरासी के एक मामले में सुनवाई के दौरान प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश से हलफनामे के माध्यम से यह जानकारी मांगी कि क्या राज्य के अधिकारियों के बारे में ऐसा कोई प्रोटोकॉल है जो उन्हें अपने पदनाम या नाम के साथ 'माननीय' शब्द जोड़ने का हकदार बनाता है।

कोर्ट ने कहा कि यह स्थापित सिद्धांत है कि मंत्रियों तथा अन्य संप्रभु पदाधिकारियों के नाम के साथ 'माननीय' शब्द उपसर्ग के रूप में लगाया जाता है, लेकिन राज्य सरकार में सेवारत सचिवों के लिए भी यही बात लागू होती है या नहीं, इस संदर्भ में कोई निश्चित सूचना नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने इटावा निवासी कृष्ण गोपाल राठौर की याचिका पर विचार करते हुए की। दरअसल कोर्ट ने एक मामले में कानपुर के मंडलायुक्त को इटावा के जिलाधिकारी द्वारा 'माननीय आयुक्त' कहकर संबोधित करने पर हैरानी जताते हुए कहा कि कई आधिकारिक पत्राचारों में राज्य के विभिन्न रैंक के अधिकारियों के नाम के साथ 'माननीय' शब्द जोड़कर नियमित रूप से उल्लेख करना कहां तक उचित है। इसके साथ ही कोर्ट ने याची के मामले में सरकारी अधिवक्ता को निर्देश लेने के लिए कहा है कि याची से जूनियर कर्मचारियों को मौसमी संग्रह चपरासी की श्रेणी में सेवा में रखा गया है या नहीं, क्योंकि याची को इस श्रेणी में न तो रखा गया है और न ही नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी, इटावा से भी एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा गया है। मामले को 1 अक्टूबर 2024 के लिए सूचीबद्ध करते हुए निबंधक (अनुपालन) को उक्त आदेश की प्रति प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4.1.आसक्ति 2.प्रेम 3.लगाव; सौहार्द।

6.1.शिला की भांति 2.पत्थर की तरह 3.पत्थर के आकार-प्रकार का।

8.1.ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1.1.भद्दा

2.1.अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।

3.थिगली।

5.रात, रात्रि।

7.1.मगध देश का, मगध संबंधी 2.मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।




### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ब | | 2 नृ | | 3 रँ |
| | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठौं | र | | नं | | ला |
| | | 6 अ | द | ब | |
| | 7 उ | ड़ | न | | 8 के |
| 9 ओं | | ती | | | ला |
| ठ | | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष** — आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन** — आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क** — आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह** — आज का दिन काफी रोमांचक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती हैं। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला** — आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** — आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

**धनु** — आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपकी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** — आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ** — आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन** — आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राज तिलक — सुबह : 11.00
अनाढ़ी — रात : 07.00

&pictures
बच्चन पांडेय — सुबह : 10.18
क्रिश — दोपहर : 01.13

SONY PIX
स्पाइडर मैन — दोपहर : 12.02
जॉन रेम्बो — शाम : 05.35

ZEE CINEMA
रिश्ते — सुबह : 08.26
हिम्मतवर — दोपहर : 01.58

colors CINEPLEX
बलवान — सुबह : 11.54
दिल है तुम्हारा — दोपहर : 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला-
यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

## एक नजर

### सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मुलाकात की और फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा तथा जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक से इतर सीतारमण ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति से मुलाकात की। बैठक में सुझाव दिया कि चूंकि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पर्यटन लगातार बढ़ रहा है, इसलिए फिनटेक में सहयोग तथा सीमा पार वास्तविक समय भुगतान प्रणाली पर द्विपक्षीय चर्चा से दोनों देशों के छात्रों, पर्यटकों और व्यवसायों को फायदा होगा।

## मुरादाबाद मंडी

दाले : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 960 फ्लैग– 1080 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 880
रामपुर : शिवालिक–985 फ्लैग–1100 डीएमओ–855 बोल्ड–1180

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 77,800 |
| चांदी आभूषण | 92,400 |

# जीएसटी दर युक्तिकरणः जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

## 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- 20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती हैं 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

# निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि :** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय :** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण :** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव :** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन :** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी :** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास :** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन :** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड :** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।

### जोखिम

- **कंपनी :** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता :** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी :** स्टॉक्स की कीमतें उतार–चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक :** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक :** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार के उतार–चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

# आम के उत्पादन में उप्र अग्रणी, निर्यात में देश फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत
- प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

# सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- 20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीदः वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे–जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जीवित्पुत्रिका पर डूबने से 43 की मौत, तीन लापता

**पटना।** बिहार में जीवित्पुत्रिका व्रत त्योहार के दौरान अलग–अलग घटनाओं में नदियों और तालाबों में पवित्र स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 43 लोगों की डूबने से मौत हो गई तथा तीन अन्य लापता हो गए। राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ये घटनाएं बुधवार को त्योहार के दौरान राज्य के 15 जिलों में हुईं। जीवित्पुत्रिका के दौरान महिलाएं अपने बच्चों की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं।

### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

**रांची।** झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला–बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला।

### गिरफ्तार चार बदमाशों से मादक पदार्थ-हथियार बरामद

**नोएडा (उप्र)।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक गैंगस्टर सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार और मादक पदार्थ बरामद किए हैं। सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक भारत सिंह ने गैंगस्टर रवि शर्मा और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से हथियार और मादक पदार्थ मिले हैं।

### ए. राजा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने माकपा नेता ए. राजा की केरल हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य के इडुक्की जिले में देवीकुलम विधानसभा सीट से राजा के चुनाव को रद कर दिया था। इस सीट से दूसरे स्थान पर कांग्रेस नेता डी. कुमार ने याचिका दाखिल की थी।

# कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

## प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर रहा है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

# मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।



- सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया

# सरकार ने आधार, पैन का ब्योरा देने वाली वेबसाइटें कीं ब्लॉक

- सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट में पाई थीं कई सुरक्षा कमियां

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक किया है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा कमियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक किया है। मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील जानकारियों को उजागर कर रही थीं। सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर पुलिस से शिकायत की है।

## आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

# चुनाव बाद पीओके भी जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं। आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती।पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित

### कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता : नड्डा



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की।

## आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

**बदलापुर कांड**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के परिजन व उसके वकील को सुरक्षा दी जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है।

# 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 30 लाख रुपये की ठगी

- दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का कर्मचारी बताकर ठगों ने दिया वारदात को अंजाम

नोएडा(उप्र), एजेंसी

साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 30 लाख की ठगी की। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो सितंबर को फोन आया और फोनकर्ता ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया।

कुमार ने बताया कि फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड से सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा किया। कथित कर्मचारियों ने वीडियो कॉल कर लखनऊ के फर्जी थाने से जोड़ा और पुलिस की वर्दी में बैठे व्यक्ति ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई करेगी। अगर किसी को बताया तो नोएडा पुलिस आपके परिजनों को गिरफ्तार करेगी। ठगों ने उससे संपर्क बनाए रखा। ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख रुपए कई खातों में डलवाएं।

## बेंगलुरु हत्याकांड के आरोपी ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु/भुवनेश्वर।** बेंगलुरु की महिला की हत्या के मुख्य संदिग्ध ने ओडिशा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी मुक्तिरंजन प्रताप राय गांव भुईनपुर है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) शेखर एच टेक्कनवार ने बताया कि वह ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मृत मिला था। भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि घटनास्थल से डायरी मिली है, जिसमें राय ने कबूल किया है कि उसने महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे।

# संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने से न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को हास्य कलाकार कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया।



- फर्जी खबरों को लेकर हाईकोर्ट ने रद किए नियम

# शतरंज में महिलाओं के लिए लंबा है रास्ता : आनंद

मुंबई, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है।

भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के कार्यक्रम के इतर आनंद ने कहा यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है



- पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन बोले- देश के लिए आशाजनक शुरुआत है अभी और आगे जाना है

क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा। यही उम्मीद है। वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन करने वाले कई युवा भारतीयों का मार्गदर्शन करने वाले 54 वर्षीय आनंद ने देश के खिलाड़ियों द्वारा इतिहास रचे जाने पर खुशी जताई।

### चीन के परिणामों से चौंका नहीं

विश्वनाथन आनंद ने कहा सबसे पहले तो यह बहुत गर्व की बात है कि ऐसा हुआ। ऐसा नहीं है कि परिणाम ने मुझे चौंका दिया, यह कुछ घंटों पहले से ही हो रहा था, इसलिए आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन आपको अचानक यह अहसास होने पर खुशी होती है कि आप दोहरे ओलंपियाड चैंपियन हैं, मैं उन सभी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे व्यक्तिगत रूप से वहां रहना अच्छा लगा। मुझे दो बार राष्ट्रगान सुनने में मजा आया। और मुझे पता था कि पूरी दुनिया ने भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया है। ओलंपियाड में भारत का प्रदर्शन सराहनीय है लेकिन आनंद ने चेतावनी दी कि अन्य टीमें अपने परिणामों का विश्लेषण करेंगी तथा और भी मजबूत होकर लौटेंगी। जब उनसे पूछा गया कि भारत को रूस, अमेरिका और चीन के स्तर तक पहुंचने में कितना समय लगेगा तो उन्होंने कहा आप जिस भी पैमाने का इस्तेमाल करते हैं, उसके आधार पर आप कह सकते हैं कि भारत नंबर एक या नंबर दो या अधिक से अधिक नंबर तीन है।

## आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष निशानेबाज अगले महीने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होने वाले आईएसएफएफ विश्व कप फाइनल में आठ मौजूदा ओलंपिक चैंपियन सहित विश्व के शीर्ष निशानेबाजों की चुनौती का सामना करेंगे।

विश्व कप फाइनल में 37 देशों के 132 शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे जिसमें 12 ओलंपिक स्पर्धाओं में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होगा। भारतीय टीम में 23 निशानेबाज हैं जिन्हें वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों से प्रवेश का भी फायदा मिलेगा। एनआरएआई के अध्यक्ष ने कहा यह भारत में प्रशंसकों और दुनिया भर के निशानेबाजों के लिए शानदार रहेगा।

# रॉबर्ट ने दिलाई बार्सिलोना को सातवीं जीत

मैड्रिड, एजेंसी

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की। बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है।

इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं। बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है।

### नीदरलैंड के क्लब ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है। इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलाटासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।

## खेल डायरी

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने लिन चीह चुन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की जोड़ी को सिर्फ 38 मिनट में 22-20, 21-11 से शिकस्त दी। महिला एकल में दुनिया की पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर को चौथी वरीय और 2022 विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली, झारखंड और उप्र ने जीते हॉकी मुकाबले

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। आज यहां चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें) और भेंगरा ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किए। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए।

### जैस्मिन और रिद्धिमा को संयुक्त बढ़त

**गुरुग्राम।** जैस्मिन शेखर दूसरे दौर में खराब प्रदर्शन के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां पेशेवर गोल्फ टूर के 13वें चरण में रिद्धिमा दिलावरी के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष हैं। जैस्मिन ने दूसरे दौर में 76 जबकि रिद्धिमा ने 73 का स्कोर बनाया। दोनों का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर दो अंडर 142 है। जैस्मिन और रिद्धिमा ने स्नेहा सिंह (73-70) और अमनप्रीत ड्राल (72-71) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर एक अंडर 143 है। एमेच्योर अनवी दहिया (73-71) और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद हिताषी बक्शी (71-73) पार 144 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

### एएफसी में भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**विएंतियाने (लाओस)।** भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते। ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय टीम

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से, बारिश का संकट, बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर स्पिनरों के साथ उतर सकती हैं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में पहले टेस्ट मैच में चेन्नई में टीम इंडिया 1-0 से जीतकर अब दूसरे टेस्ट में सीरीज क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उधर, पहले टेस्ट मैच में विफल रहे बांग्लादेश टीम के शीर्ष बल्लेबाजों को हाथ खोलना होगा। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से ग्रीनपार्क स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच शुरू होगा। इस बीच शुक्रवार को बारिश के भी आसार हैं। गुरुवार को टीम इंडिया व बांग्लादेश टीम का नेट अभ्यास भी बारिश के कारण बाधित रहा।

टीम इंडिया का लक्ष्य अपनी जीत बरकरार रखना है। वहीं बांग्लादेश टीम दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज ड्रा कराने की कोशिश करेगी। अनुभवी खिलाड़ियों का मत है कि ग्रीनपार्क पिच बल्लेबाजों और स्पिनरों की मददगार होगी। इस कारण दोनों टीमें स्पिनरों को उतार सकती है। गुरुवार को बारिश ने दोनों टीमों के अभ्यास में खलल डाला। इसे देखते हुए अंतिम एकादश का चयन करना टीम मैनेजमेंट को काफी मंथन करना होगा। गेंदबाज कुलदीप यादव का अपने घरेलू मैदान पर खेलने की संभावना है, लेकिन अंतिम एकादश में मौका मिलना अब मौसम पर टिका है। अंतिम एकादश का फैसला मैच से पहले लिया जाएगा।



### शीर्ष बल्लेबाज हासिल करेंगे फार्म

पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया के शीर्ष बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। ग्रीनपार्क में दोनों खिलाड़ी अपनी फार्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। इसी कारण ग्रीनपार्क में तैयार दो पिचों में बल्लेबाजी में मददगार विकेट को ही फाइनल किया है। टीम के स्पिनर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह व आर अश्विन भी बांग्लादेश टीम को परेशान कर सकते हैं।

### टॉस की भूमिका भी अहम

टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में आइडियल विकेट तैयार हुई है। लेकिन गुरुवार को बारिश के कारण विकेट का मिजाज बदलने की भी संभावना बनी है। मैच से पहले दो विकेट तैयार की गई हैं। नमी के कारण विकेट के मिजाज में बदलाव आ सकता है। इससे टॉस की भूमिका भी अहम हो गई है।



कानपुर में प्रशंसकों के साथ तस्वीर लेते विराट कोहली। ● अमृत विचार

### शाकीब अल हसन ने की संन्यास की घोषणा



**कानपुर।** बांग्लादेश के स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने गुरुवार को प्रेसवार्ता करके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके सभी को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद संन्यास ले लूंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अगर नहीं मिला तो यही मेरा आखिरी टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। शाकिब ने आगे कहा कि टी 20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से संन्यास ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप सिंह, कुलदीप यादव, यश दयाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरैल।

**बांग्लादेश :** नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहिम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्किन अहमद, हसन महमुद, नाहिद राणा, तहजुल इस्लाम, महम्दुल्ला हसन जॉय, नईम हसन, सैय्यद खालिद अहमद, जाकिर अली अनिक।

## परिवर्तनकाल में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करूंगा : मार्कराम

बेंगलुरू, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान एडेन मार्कराम ने टीम के भविष्य पर गुरुवार को कहा कि उन्होंने युवा खिलाड़ियों को दीर्घकालिक संभावनाओं के रूप में तैयार करने को प्राथमिकता दी है।

मार्कराम को 2024 टी-20 विश्व कप से पहले कप्तान नियुक्त किया गया था जिसमें उनकी टीम को जून में भारत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका अगस्त में वेस्टइंडीज से तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला भी हार गया। हालांकि इस मुश्किल शुरुआत के बावजूद वे अपनी अगुआई में खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को लेकर उत्साहित हैं। मार्कराम ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के आधिकारिक डिजिटल पार्टनर फैनकोड द्वारा आयोजित बातचीत में मीडिया से कहा मैं वास्तव में उनका (खिलाड़ियों) का समर्थन करने, प्रशिक्षण में उनकी मदद करने और हर जरूरी मदद के लिए तैयार हूं।



## काश पंत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी होते : मार्श

मुंबई, एजेंसी

ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें शानदार खिलाड़ी करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की।

वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था।



- सकारात्मकता प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित हैं मिशेल मार्श

# बॉलीवुड हलचल

## कंगना की फिल्म इमरजेंसी के सपोर्ट में उतरे सनोज

**मुंबई।** निर्देशक सनोज मिश्रा ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का सपोर्ट किया है। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इस फिल्म की कथा वस्तु वर्ष 1975 में लगे इमरजेंसी और उसके दुष्परिणामों पर आधारित है। इस फिल्म की पृष्ठभूमि को लेकर कुछ लोग इस फ़िल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं, जबकि कंगना रनौत की टीम का कहना है कि हमने तो एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है इसमें किसी को आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल से चर्चा में आये निर्देशक सनोज मिश्रा ने इमरजेंसी के समर्थन में बोलते हुए देश के अंदर इस फिल्म का विरोध करने वालों पर हमला बोला है। सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, फिल्म यदि समाज का आइना है तो इस आईने में लोग शक्ल क्यों नही देखना पसंद करते या फिर ये सिर्फ एक घिसा पिटा जुमला है ? सनोज मिश्रा ने कहा, कंगना रनौत जी वास्तव में आयरन लेडी हैं उनका जीवन हमेशा बेबाक रहा है चाहे वो फिल्म इंडस्ट्री हो या राजनीति उन्होंने हमेशा लीक से हटकर अपनी पहचान बनाई है, जो इस देश की महिलाओं के लिए एक मिसाल है।





## बच्चों को सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण : अमिताभ

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16 को होस्ट कर रहे हैं। इस शो के आने वाले एक एपिसोड में, दर्शक मंगलुरु, कर्नाटक की ऊर्जावान अपूर्वा शेट्टी को हॉटसीट पर बैठते हुए देखेंगे। एक दृढ़ निश्चयी पीएससी उम्मीदवार, अपूर्वा अपने पिता के सपने को पूरा करने और शो में एक बड़ी राशि जीतने की उम्मीद रखती हैं। अपूर्वा ने भी अमिताभ से अनुरोध किया कि वह शो में उनके पिता, लोकेनाथ शेट्टी का नाम जरूर लें, जो उनके बड़े फैन हैं। अमिताभ न केवल उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे, बल्कि वह अपूर्वा के पिता से वीडियो कॉल के जरिए बात करवाएंगे, जिससे पिता-पुत्री के बीच का यह भावनात्मक और यादगार पल जुड़ जाएगा। जैसे ही यह कनेक्शन होता है, अमिताभ कहते हैं, सर, आपका सपना था कि आपकी बेटी अपूर्वा एक दिन हॉटसीट पर बैठे, और अब वह यहीं पर बैठी है। इस भावनात्मक पल से अभिभूत होकर, अपूर्वा की आंखों में आंसू आ जाते हैं, और बच्चन साहब उन्हें एक टिशू भी थमाते हैं। पिता-पुत्री के इस गहरे संबंध को महसूस करते हुए अमिताभ बच्चन यह भी कहते हैं कि अपने बच्चों को उनके सपने पूरे करते देखना हर माता-पिता के लिए गर्व का क्षण होता है। वह बताते हैं कि ऐसे मील के पत्थर किसी भी माता-पिता के लिए बेहद भावनात्मक होते हैं। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में, रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

## अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ ट्रेलर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, "सब तैयार है? #जिगरा थिएट्रिकल ट्रेलर अभी रिलीज हुआ 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं। ट्रेलर में आलिया भट्ट एक बहन (सत्या) की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं जो अपने भाई अंकुर (वेदांग रैना) को बचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, आलिया का किरदार और भी उभर कर आता है। एक बेहतरीन पल तब आता है जब आलिया यानी सत्या कहती हैं मैंने कभी नहीं कहा, मैं सही इंसान हूँ। मैं सिर्फ़ अंकुर की बहन हूं। पिछले साल द आर्चीज में अपनी शुरुआत करने के बाद, फ़िल्म जिगरा, वेदांग रैना की दूसरी बार स्क्रीन पर आने वाली फिल्म है। फिल्म जिगरा में एक आकर्षक चल कुड़िए साउंडट्रैक भी शामिल है जिसे आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ ने गाया है।



## एशियाई खेलों में मेरा पदार्पण सपनों के पूरा होने जैसा : गुरजंत

बेंगलुरु, एजेंसी

युवा फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने कहा कि हाल ही में चीन के मोकी में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में उनका भारतीय पुरुष हॉकी टीम में पदार्पण सपने के पूरा होने जैसा है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में ट्रायल के दौरान गुरजंत का प्रदर्शन आकर्षक रहा। उन्होंने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी सात मैच खेले, हालांकि वह गोल नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने खुद को बेहतर साबित करने के लिए मैदान पर समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई।

गुरजंत ने कहा सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो अधिकतर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में यह मेरे लिए एक स्वप्निल पदार्पण था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था मुझे लगा कि मैं अपने पदार्पण पर एक गोल करूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मैंने खेल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है। मुझे बस वैसे ही खेलना है जैसे मैं आमतौर पर शिविर में खेलता हूँ, आजादी से खेलना है और गलतियाँ करने के बारे में नहीं सोचना है।



- युवा फॉरवर्ड सिंह बोले- सीनियर टीम का माहौल बहुत अच्छा है सीनियर बड़े भाइयों की तरह

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने नोगुची संग्रहालय पुरस्कार ठुकराया



**न्यूयॉर्क।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने गाजा में फलस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए 'कुफिय्या' पहनने वाले तीन कर्मचारियों को निकाले जाने के विरोध में अमेरिका के क्वींस स्थित नोगुची संग्रहालय से पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। संग्रहालय ने एक बयान में कहा, 'झुम्पा लाहिड़ी ने हमारी नई पोशाक संहिता नीति के विरोध में 2024 इसामु नोगुची पुरस्कार के लिए अपनी स्वीकृति वापस लेने का फैसला किया है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने बयान के हवाले से कहा, 'हम उनके दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि यह नीति हर किसी के विचारों के अनुरूप हो भी सकती है और नहीं भी।' न्यूयॉर्क स्थित संग्रहालय की स्थापना लगभग 40 साल पहले जापानी-अमेरिकी डिजाइनर एवं मूर्तिकार नोगुची ने की थी।

### चीन: स्कूलों में हर रोज दो घंटे कसरत अनिवार्य

**बीजिंग।** चीन में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए प्रतिदिन कम से कम दो घंटे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। शिक्षा उप मंत्री वांग जियाही ने गुरुवार को कहा कि प्रत्येक दिन छात्र खेल कक्षा में भाग लेंगे और कक्षा के बाद एक घंटे शारीरिक व्यायाम करेंगे। इस कदम का उद्देश्य छात्रों में धूप में पर्याप्त समय बिताना सुनिश्चित करके उनकी आंखों और वजन संबंधी आम समस्याओं को हल करना है। उन्होंने कहा कि राजधानी बीजिंग में अनिवार्य शिक्षा के लिए कक्षाओं के बीच 10 मिनट के ब्रेक को मौजूदा सेमेस्टर से बढ़ाकर 15 मिनट कर दिया गया है।

### ईरान: विस्फोट में मरने वालों की संख्या 50 हुई

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों में से एक की मौत हो गई है। इरना ने प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद-अली अखौंदी के हवाले से बताया कि तबास काउंटी में खदान विस्फोट में घायल हुए 16 श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। यह विस्फोट शनिवार रात तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक खदान सुरंग में हुआ। विस्फोट का कारण मीथेन गैस में अचानक वृद्धि बताया जा रहा है। रिपोर्ट में अखौंदी के हवाले से बताया गया कि उस समय खदान में 65 श्रमिक मौजूद थे, जबकि शुरुआती संख्या में श्रमिकों की वृद्धि हुई और संख्या 69 पर पहुंच गई।

### पाकिस्तान में पोलियो का एक और मामला मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो का एक और मामला सामने आया है, जिससे इस बीमारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है, जो इसे समाप्त करने के सरकार के प्रयासों के लिए झटका है। अधिकारियों ने बताया कि पोलियोग्रस्त हालिया पीड़ित बलूचिस्तान के पिशिन का रहने वाला है और उसकी उम्र ढाई साल है। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बच्चे में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप एक (डब्ल्यूपीवी 1) की उपस्थिति की पुष्टि की, जिससे इस वर्ष अब तक रिपोर्ट किए गए मामलों की कुल संख्या 22 हो गई है। इनमें अकेले बलूचिस्तान से 15 मामले सामने आए हैं।

## सीओपी मेजबान देश तेल गैस उत्पादन 33% बढ़ाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

● जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत : रिपोर्ट




संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के पिछले, वर्तमान और अगले मेजबान क्रमशः अजरबैजान, संयुक्त अरब अमीरात और ब्राजील 2035 तक अपने तेल व गैस उत्पादन में 33 प्रतिशत की वृद्धि करने वाले हैं, जो एक नए विश्लेषण के अनुसार मजबूत वैश्विक जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत है।

अमेरिका में स्थित शोध समूह 'ऑयल चेंज इंटरनेशनल' द्वारा उद्योग डेटा का उपयोग करते हुए किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि यूएई और ब्राजील 2035 तक क्रमशः 37% और 38% उत्पादन बढ़ाने की राह पर हैं। नवंबर में बाकू में सीओपी29 की मेजबानी करने वाले अजरबैजान के उत्पादन में 4% की वृद्धि होने का अनुमान है। नवंबर-दिसंबर 2023 में दुबई में आयोजित पिछले संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में नेताओं ने जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने, 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में दोगुनी वृद्धि और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

## अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदुओं वापस जाओ के नारे लिखे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में अज्ञात बदमाशों ने नफरत फैलाने के मकसद से बीएपीएस मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर 'हिंदुओं वापस जाओ' के नारे लिख दिए। बीएपीएस मंदिर प्रशासन के जनसंपर्क विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रीकरण की घटना के 10 दिन से भी कम समय में सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर में बीती रात को यह घटना हुई और 'हिंदुओं वापस जाओ' के हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए।"

न्यूयॉर्क के मेलविले में 17 सितंबर को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई अपवित्रीकरण की घटना के बाद बुधवार रात को यह घटना हुई। संगठन ने एक बयान में कहा, 'नफरत की निंदा के प्रति हम दृढ़ हैं। इस घटना से हमारा दुख और गहरा हो गया है तथा दिल में नफरत रखने वालों सहित सभी के लिए हमारी प्रार्थनाएं और मजबूत हो गई हैं।' बयान में कहा गया है कि सैक्रामेंटो में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर जीवंत हिंदू समुदाय का स्थान है, जो बड़े समुदाय के वास्ते कई गतिविधियों और परियोजनाओं में लगा हुआ है। हम इस सामुदायिक ताने-बाने का अभिन्न अंग हैं और रहेंगे।

**एक माह में दूसरी घटना**

● गत 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस मंदिर में भी हुई थी घटना



घटना के बाद बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मंदिर पहुंचे।

इस घटना के बाद मंदिर से संबद्ध लोग प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए तथा उन्होंने परम पावन महंत स्वामी महाराज के सद्भाव और सम्मान के आदर्श को याद करते हुए शांति एवं एकता का आह्वान किया। देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध और मंदिर में तोड़फोड़ की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति के बीच अमेरिका में एक महीने से भी कम समय में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रीकरण की यह दूसरी घटना है।

कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ इस प्रकार की घृणा और तोड़फोड़ भयावह है। न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए।



### पानी की लाइन भी काटी

पार्किंग स्थल के सामने लगे साइन बोर्ड पर भारत सरकार का उल्लेख करते हुए टिप्पणी लिखी गई। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर से जुड़ी पानी की लाइन को भी काट दिया। यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं जब हाल ही में पीएम मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए थे। अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर इस तरह के हमले पहले खालिस्तान समर्थकों की ओर से किए जाते रहे हैं।

### भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने किया आह्वान

## संरा सुरक्षा परिषद में शुरू हो सुधार प्रक्रिया

न्यूयॉर्क, एजेंसी



जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, जापान की योको कामिकावा और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा। (बाएं से)

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने सुधारों को लेकर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) में कोई प्रगति नहीं होने पर गहरी चिंता जताई। चारों देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाठ आधारित चर्चा तुरंत शुरू करने का आह्वान किया है।

जी-4 की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर और जापान की विदेश मामलों की मंत्री योको कामिकावा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र से इतर एक बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुधारों को लेकर पूरे परिदृश्य का आकलन करने और यह प्रक्रिया आरंभ कराने की संभावनाओं पर चर्चा की।

वक्तव्य में कहा गया कि जी4 मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय प्रणाली की वर्तमान महत्वपूर्ण चुनौतियों पर ध्यान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार संयुक्त राष्ट्र को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और इस प्रकार वर्तमान एवं भविष्य के लिए, उपयुक्त बनाने के किसी भी प्रयास का एक अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने 22 और 23 सितंबर को "भविष्य के शिखर सम्मेलन" का स्वागत किया, जहां विश्व नेताओं ने सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार का जोरदार आह्वान किया।

इस संबंध में भारत, जर्मनी और जापान के मंत्रियों ने जी-20 की ब्राजील की अध्यक्षता के संदर्भ में वैश्विक शासन सुधार पर कॉल टू एक्शन शुरू करने की ब्राजील की पहल का भी स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन में बदलाव के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि "भविष्य के शिखर सम्मेलन" के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर चर्चा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जी-4 मंत्रियों ने सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए अपना आह्वान दोहराया, जिसे परिषद की वैधता बढ़ाने और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए वार्ता प्रक्रिया के दौरान महत्वपूर्ण संख्या में सदस्य देशों द्वारा समर्थन दिया गया है।

### फ्रांस ने भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। यही नहीं, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत भी की है। मैक्रों ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 'हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है, जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा।' मैक्रों ने कहा, "इसलिए फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा।'

### यूएन में सुधार की जरूरत: जयशंकर

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राजील की अध्यक्षता वाले जी-20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज न्यूयॉर्क में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। इसमें दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार शामिल है।"

## ट्रंप पर हमला पुलिस की नहीं, सीक्रेट सर्विस की विफलता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास मामले की जांच कर रही एक समिति के सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति पर हमला अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की विफलता थी, न कि स्थानीय पुलिस की। सदन की एक द्विदलीय समिति के सदस्यों ने मामले की पहली सुनवाई के दौरान यह बात कही। समिति में सात रिपब्लिकन और छह डेमोक्रेट शामिल हैं। सीक्रेट सर्विस देश की सबसे पुरानी संघीय जांच एजेंसियों में से एक है। रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर 13 जुलाई को हमला किया गया था।

## लद्दाख: सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पर बनी आम सहमति

बीजिंग, एजेंसी

● चीनी रक्षा मंत्रालय ने किया दावा दोनों देश एक-दूसरे के संपर्क में

चीन और भारत पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मतभेदों को कम करने तथा टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने पर कुछ आम सहमति बनी है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह बात कही। उसने यह भी कहा कि साथ ही दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर वे सहमत हुए हैं।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखा है। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और चीन के विदेश मंत्री तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सीमा परामर्श तंत्र के माध्यम से विमर्श शामिल है। झांग ने कहा कि बातचीत के माध्यम से चीन और भारत दोनों अपने मतभेदों को कम करने तथा एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने के लिए बातचीत को मजबूत करने पर सहमत होने के अलावा कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जल्द से जल्द किसी ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो।

## उ. कोरिया के पास बम बनाने को पर्याप्त यूरेनियम

सियोल, एजेंसी

● दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी ने किया दावा



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को बताया कि ऐसी आशंका है कि उत्तर कोरिया ने कई बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम संवर्धन कर लिया है और वह दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए अधिक शक्तिशाली व सटीक निशाने लगाने वाली मिसाइलें बनाने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहा है।

इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने हथियार बनाने के लिए आवश्यक यूरेनियम के उत्पादन के लिए, स्थापित एक गुप्त संयंत्र की दुर्लभ झलक पेश की थी, जिसके बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने सांसदों को स्थिति से अवगत कराया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सियोंग-क्वेन के अनुसार, किम द्वारा संयंत्र के बारे में खुलासा करने का उद्देश्य संभवतः घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों का प्रदर्शन करना था।

## इजराइल के हमले में 23 सीरियाई कामगारों की मौत

बेरूत, एजेंसी

● लेबनान के सरकारी मीडिया का दावा, आठ से ज्यादा घायल

लेबनान की एक इमारत पर इजराइली हवाई हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। लेबनान के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस इमारत में सीरियाई कामगार एवं उनके परिवारों के सदस्य रहते थे। चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हवाई अभियान के दौरान यह सबसे घातक हमलों में से एक था। बुधवार देर रात यह हमला ऐसे समय किया गया, जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कूटनीतिक कोशिशों के लिए तत्काल 21 दिन के संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

इजराइल ने जमीनी आक्रमण की धमकी दी है तथा बढ़ती भारी गोलीबारी से पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा कि यह हमला देश के पूर्वोत्तर हिस्से में किया गया। यह इलाका लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में स्थित प्राचीन बालबेक शहर के पास है जो सीरियाई सीमा से सटा है। एजेंसी ने यूनीन गांव के महापौर अली कस्सास के हवाले से कहा कि सीरिया के 23 लोगों के शवों को इमारत के मलबे से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हमले में चार सीरियाई एवं चार लेबनानी लोग जख्मी हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी हुसैन सल्लूम ने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

लेबनानी रेड क्रॉस ने कहा कि उसने नौ शव बरामद किए हैं, जबकि अन्य शव हिजबुल्ला चरमपंथी समूह की पैरामेडिक सेवा द्वारा बरामद किए गए हैं। लगभग 60 लाख की आबादी वाले लेबनान में करीब 7,80,000 पंजीकृत सीरियाई शरणार्थी और हजारों अपंजीकृत शरणार्थी हैं।

## भारतीय नागरिकों को लेबनान की यात्रा नहीं करने की दी सलाह

**यरूशलम।** भारत ने बढ़ती हिंसा के बीच भारतीय नागरिकों से लेबनान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है और वहां मौजूद लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने तथा जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों से संबंधित कार्यालय ने बुधवार को कहा था कि लगभग एक साल पहले हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दागने और इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद लेबनान में 20,000 लोग विस्थापित हुए हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए परामर्श में कहा, "क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों व तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।"

## आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का हश्र अफजल गुरु जैसा होगा : शाह

उधमपुर, एजेंसी

● गृहमंत्री ने कश्मीर के उधमपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जो कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देगा, उसका हश्र संसद पर हमले के दोषी मोहम्मद अफजल गुरु जैसा होगा, जिसे नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। शाह ने उधमपुर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी।

शाह ने कहा, 'फिर क्या बिरयानी खिलानी थी उसको। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उनका हश्र अफजल गुरु जैसा ही होगा।' उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से अनुच्छेद 370 की बहाली के दावा किये जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि राहुल की आने वाली पीढ़ियां भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर पाएंगी। यह पहली बार है कि कश्मीर में चुनाव अनुच्छेद 370 और अलग झंडे के बिना हो रहे हैं। दो संविधानों की संस्कृति का अंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि नेकां और राहुल बाबा द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में दावे किए जा रहे हैं, लेकिन राहुल की कई पीढ़ियों में इन प्रावधानों को फिर से लागू करने की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों के दौरान कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेकां ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, जिसके कारण 40 हजार लोग मारे गए और 3000 दिन कर्फ्यू भी लगा, इसके अलावा हर दिन हमले, बम धमाके होते रहे। हालांकि, जब से श्री मोदी ने सत्ता संभाली है, पथराव और गोलीबारी बंद हो गयी है। तीनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से जीवित करना चाहती हैं, लेकिन मैं उमर अब्दुल्ला को बताना चाहता हूं कि आप जो भी चाहें, कश्मीर की धरती से आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

## तमिलनाडु में छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**तिरुप्पुर।** तमिलनाडु के तिरुप्पुर से देश में अवैध रूप से घुसे छह बांग्लादेशी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक पल्लदम जाने वाली बस में सवार होने वाले थे, उस दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। त्वरित कार्रवाई बल के जवानों सहित पुलिस दल ने संदेह के आधार पर युवकों को रोका और उनसे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगे, जो वे नहीं दिखा सके। पुलिस दल को पूछताछ में पता चला कि ये छह लोग दो सप्ताह पहले बांग्लादेश से आए थे और उन्हें मुदालिपलायम में स्थित एक कंपनी ने काम पर भेज दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे तिरुप्पुर से पल्लदम जाने के लिए बस में सवार होने वाले थे, ताकि किसी दूसरी कंपनी में काम की तलाश कर सकें।

## पाकिस्तान में दो जनजातियों के बीच झड़प, 36 की मौत

पेशावर, एजेंसी

● जमीन के टुकड़े को लेकर हुए संघर्ष में 80 लोग घायल

अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में पिछले छह दिन में एक जमीन के टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के बीच संघर्ष में कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार सरकार और आदिवासी बुजुर्गों द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद जमीन विवाद को लेकर झड़पें शुरू हो गईं।

पुलिस ने कहा कि पिछले छह दिन में हुई झड़पों में अब तक 36 लोग मारे गए हैं, जबकि 80 अन्य घायल हुए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस संघर्ष में इससे कहीं ज्यादा लोगों के हताहत होने का दावा किया है। यह लड़ाई जिले के बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवार और मकबल जैसे इलाकों में फैल गई। ये इलाके अफगानिस्तान के खोस्त, पक्तिया, लोगर और नांगरहार प्रांतों की सीमा से सटे हैं, जिन्हें आईएसआईएस और तालिबान का गढ़ माना जाता है। दोनों पक्षों के झगड़ों के संयुक्त संघ जिरगा (आदिवासी परिषद) ने झड़पों को रोकने के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक और कोहाट आयुक्त से मुलाकात की, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली। गुरुवार को हिंसक झड़पें लगातार छठे दिन भी जारी रहीं, जिसमें ऊपरी, निचली और मध्य तहसीलों में भारी गोलीबारी हुई। लिहाजा छह और लोगों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए।

**खोज-खबर** पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराया सौर तूफान

## सौर सक्रियता अपने चरम की ओर अग्रसर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सूर्य सक्रियता चरमता की ओर अग्रसर है और ऑरोरा के रंगबिरंगे नजारे पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में मेहरबान हैं। बुधवार को सौर सामग्री यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) सौर तूफान पृथ्वी के भू-चुंबकीय क्षेत्र से टकरा गया। आने वाले दिनों में भी भू-चुम्बकीय तूफानों का आना जारी रहने की संभावना है।

सूर्य 25वें सौर चक्र से गुजर रहा है और जबरदस्त सक्रियता के साथ सौर तूफानों को बरसा रहा है। जिसका असर पृथ्वी ही नहीं, बल्कि मंगल, शुक्र व बुध ग्रहों पर भी पड़ रहा है। गत दिवस जी 1 तीव्रता वाला भू-चुंबकीय तूफान शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पृथ्वी पर पहुंच गया, जिसके चलते उत्तरी अमेरिका में लगभग पूरी रात एक अशांत भू-चुंबकीय क्षेत्र देखा गया। लिहाजा, रंगबिरंगी रोशनी के साथ ऑरोरा भी देखे गए।



सूर्य की सतह से निकलती ज्वाला।

सूर्य से निकले तूफान का जल्द पृथ्वी तक पहुंचना बड़ी बात है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके पीछे कुछ तो रहस्य रहा होगा। बहरहाल, 24 सितंबर को सी 6.9 क्लास की ज्वाला निकली थी। इसका क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में एआर3828 सौर कलंक में विस्फोटित हुई थी।

यह विस्फोट लीड फ्लेयर एआर 3828 के साथ एआर 3833 से भी जुड़ा हुआ था। जिस कारण सी क्लास की एक साथ दो फ्लेयर्स यानी ज्वाला उत्पन्न हुई थी। नासा के अनुसार अगले 24 घंटे में सी क्लास विस्फोट की संभावना 99 प्रतिशत है। एम क्लास की संभावना 55 फीसद है, जबकि एक्स क्लास की ज्वाला के लिए 20 प्रतिशत संभावना जताई गई है।

सूर्य और उसके रहस्यों ने हजारों सालों से मानवता को आकर्षित किया है। सूर्य हमारे सौरमंडल का आधार है और जीवन को जीवित रहने के लिए आवश्यक गर्मी और प्रकाश प्रदान करता है। फिर भी इसके आंतरिक भाग के बारे में कई सवाल बने हुए हैं, जो इसकी चुंबकीय गतिविधि को संचालित करता है।

### अभी बड़े विस्फोट होने बाकी

**नैनीताल:** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पूर्व निदेशक डॉ. वहाब उद्दीन के अनुसार इस बार सूर्य बेहद सक्रिय है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट होने अभी बाकी है। इन दिनों सूर्य की सतह में एक दर्जन सौर कलंक समूह बन हुए हैं। अगले साल तक सौर सक्रियता जारी रहेगी।

## हसीना ने अपराध किए हैं, उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए

ढाका, एजेंसी

● बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस ने की मांग



बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि भारत में शरण लिए हुई पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। यूनुस ने न्यूयॉर्क टाइम्स क्लाइमेट फॉरवर्ड शिखर सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्यों नहीं, अगर उन्होंने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए और न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

यूनुस अभी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग ले रहे हैं। यूनुस से पूछा गया कि क्या उनकी चुनाव लड़ने की कोई योजना है। उन्होंने नकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'क्या मैं ऐसा व्यक्ति दिखता हूं, जो चुनाव लड़ूंगा।' उन्होंने कहा कि उनके पास इस बारे में कोई समय सीमा नहीं है कि बांग्लादेश में चुनाव कब होंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार देश में स्थापित कई आयोगों द्वारा आने वाले महीनों में सुधार संबंधी सिफारिशें देने की उम्मीद है, जिसके बाद चुनावों की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने के लिए किया गया वैश्विक समझौता पेरिस समझौता तब तक काम नहीं करेगा, जब तक दुनिया मौजूदा आर्थिक प्रणाली के साथ बनी रहेगी।